सूर्योदय 6:03 सूर्यास्त 6:42

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.6 न्यू | 22.2 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 26.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74248.22 |
| निफ्टी | 22513.70 |
| सोना 69,980 | चांदी 81,700 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार





आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 7 अप्रैल, 2024 | 25 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 109, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका : जयराम
- अनुराग के खिलाफ ऊना के युवा चेहरे पर दांव खेल सकती है कांग्रेस

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- 600 प्राध्यापकों व 40 पद प्राचार्यों के खाली
- मंडी जिले में पांच स्थान मतगणना के लिए प्रस्तावित

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- भरमौर-पठानकोट नेशनल हाईवे बड़े वाहनों के लिए बंद
- नहीं सुलझा बच्चों की अदला-बदली का मामला

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- धनश्री का गाना 'कमसिन कली' हुआ रिलीज
- भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज के मैच

मुंबई इंडियंस vs दिल्ली कैपिटल्स

स्थान: वानखेड़े, समय : रात 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जायंट्स vs गुजरात टाइटंस

स्थान: लखनऊ, समय : रात 7:30 बजे

# तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में बड़े फैसले लूंगा : मोदी

## कहा- कांग्रेस के पास नहीं देश हित में नीतियां और न विजन

एजेंसी, पुष्कर/सहारनपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में भ्रष्टाचार के खिलाफ और बड़े फैसले लेने जा रहा हूं। मैं पूरी तैयारी करके बैठा हूं। दस साल में जो काम हुए हैं, वह ट्रेलर है। बहुत कुछ बाकी करना है। मोदी ने शनिवार को अजमेर के पुष्कर और सहानपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया।



पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत की मजबूत और तेजी से विकसित राष्ट्र की छवि बनी है। कांग्रेस ने भारत की छवि कमजोर और भ्रष्ट देश की बना दी थी। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब जो कांग्रेस बची है, उसके पास न देश हित में नीतियां हैं और न ही राष्ट्र निर्माण का विजन। कांग्रेस ने जिस तरह का घोषणा पत्र जारी किया है, उससे साबित हो गया है कि आज की कांग्रेस, आज के भारत की आशाओं-आकांक्षाओं से पूरी तरह कट चुकी है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। पीएम ने कांग्रेस को परिवारवादी एवं भ्रष्टाचारी पार्टी बताया और कहा कि कांग्रेस जहां रहती है, वहां विकास नहीं हो सकता। जिस तेज रफ्तार से देश का विकास होना चाहिए, उसे सिर्फ भाजपा ही तेज रफ्तार दे सकती है।

### कांग्रेस की स्थिति विचित्र, नहीं मिल रहे प्रत्याशी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति तो और भी विचित्र है। कांग्रेस को प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं, जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उसे प्रत्याशी उतारने की हिम्मत ही नहीं हो रही है यानी विपक्षी गठबंधन अस्थिरता और अनिश्चितता का दूसरा नाम बन चुका है। देश आज उनकी एक भी बात को गंभीरता से नहीं ले रहा है। आपको याद होगा कि यहां उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है, उन दो लड़कों की फिल्म को इन लोगों ने फिर से रिलीज किया है। मुझे समझ नहीं आता कि काठ की इस हांडी को गठबंधन वाले कितनी बार चढ़ाएंगे।

### 'सपा' हर घंटे बदल रही अपने उम्मीदवार

**मोदी** ने कहा कि विपक्ष केवल इसलिए चुनाव लड़ रहा है, ताकि भाजपा की सीटें 370 से कम की जा सकें और एनडीए की सीटें 400 से कम की जा सकें। सपा की स्थिति तो यह है कि यहां उन्हें हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं। हमारे विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं।

# संविधान को बदलने की हो रही साजिश: सोनिया गांधी

## जयपुर में किया कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र का विमोचन

एजेंसी, नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव को लेकर शनिवार को जयपुर में कांग्रेस की जनसभा हुई। इस दौरान कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र का विमोचन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने जनसभा को संबोधित कर पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला।



मोदी लोकतंत्र की मर्यादा का कर रहे चीरहरण

देश चंद लोगों की जागीर नहीं

सोनिया गांधी ने कहा कि हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है, जिसने महंगाई और बेरोजगारी के अलावा कुछ नहीं दिया है। इस सरकार ने आम लोगों पर अत्याचार किया है। यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है। यह देश हम सबका है। इतने वर्षों बाद आज चारों तरफ अन्याय का अंधकार पड़ा है।

हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और न्याय की रोशनी खोजेंगे। विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने और भाजपा में शामिल कराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। मेहनत से खड़ी की गई लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता से बर्बाद किया जा रहा है। हमारे संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। यह सब तानाशाही है और हम सब इस तानाशाही का जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने चुराया हमारा गारंटी शब्द : खड़गे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी झूठों के सरदार हैं, वह हमेशा झूठ बोलते हैं, गारंटी हमारा शब्द है, मोदी ने इसे चुरा लिया। मोदी संविधान बदलना चाहते हैं। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है वह हमारी गारंटी है। हम सभी गारंटी को अमल में लाएंगे। हम कभी झूठ नहीं बोलते, जैसे मोदी बोलते हैं। मोदी जहां जाते हैं कुछ न कुछ झूठ बोलकर आते हैं। मोदी ने हमारे गारंटी शब्द को भी चुरा लिया। गारंटी शब्द कांग्रेस ने ही दिया था।



## न्यूज शॉर्ट्स

### गोवा कोर्ट से केजरीवाल को मिली राहत, एफआईआर खारिज




**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। गोवा कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज कर दिया है। यह मामला 2017 के गोवा चुनाव के दौरान दर्ज किया गया था। केजरीवाल ने कहा था कि पैसे सबसे ले लो और वोट झाड़ू को देना। अरविंद केजरीवाल पर इस मामले में पिछले साल से ही केस चल रहा था। नवंबर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने उन्हें समन भी जारी किया था।

### जेएंडके के किश्तवाड़ और पाक में लगे भूकंप से झटके




**दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस हुए। शनिवार दोपहर 2:53 बजे जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। गत शुक्रवार को भी जेएंडके के किश्तवाड़ और डोडा में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। वहीं, पाकिस्तान में भी 4.5 रिक्टर स्केल का भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 दिन तक बढ़ गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 18 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में ही रहने का फैसला सुनाया है।

### भाजपा ने चुनाव आयोग में की ममता के खिलाफ शिकायत



**कोलकाता।** कूचबिहार की जनसभा से पीएम नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। खाद्य सुरक्षा योजना पर पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

### छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर डोलीगुट्टा के जंगल में शनिवार सुबह नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। जवानों ने एलएमजी और एके-47 सहित कई हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित हैं।

# कोटखाई में चिट्टा तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार


**शिमला।** शिमला जिले में पुलिस ने चिट्टा तस्करों को पकड़ने के लिए कमर कस ली है। पुलिस एक के बाद एक तस्करों को पकड़ रही है। ताजा मामले में पुलिस ने कोटखाई में चिट्टा तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह सप्लायरों गिरफ्तार किया है। इनमें से पांच कोटखाई, जबकि एक चंडीगढ़ का रहने वाला है।

बीते 14 फरवरी को पुलिस ने कोटखाई के एक युवक परीक्षित को 12 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा था। इसके बाद आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने छह तस्करों की पहचान कर उनकी गतिविधियों की निगरानी की। चिट्टे में इनकी संलिप्तता का खुलासा होने पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्त में ले लिया। आरोपियों में कोटखाई निवासी आदित्य चौहान (25), पारस जस्टा (27), अभय चौहान (26), विश्व राज सिंह (32), आसुतोष (24) और चंडीगढ़ निवासी साहिल (26) शामिल हैं। एसपी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस एक एसआईटी मामले की जांच कर रही है। कोटखाई के एसएचओ अंकुश ठाकुर, एसआई अंकुश शर्मा व हेड कांस्टेबल अनिल को एसआईटी में शामिल किया गया है। ठियोग के एसएचओ एसआईटी की निगरानी कर रहे हैं।

# मंडी से अब प्रतिभा नहीं, विक्रमादित्य का नाम लगभग तय

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर होने जा रहे चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर कई दिन से जारी उठापठक के बीच अब कांग्रेस ने दो लोकसभा और एक विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशियों के नाम लगभग तय कर दिए हैं।



मंडी संसदीय सीट से पहले प्रतिभा सिंह के चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक नया दांव खेलकर प्रतिभा सिंह के बेटे एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को प्रत्याशी के तौर पर नाम पर सहमति बनी है। हालांकि, उनके नाम पर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में लगी मुहर

दिल्ली में हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला के घर में आयोजित कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में दो नामों पर मुहर लगी है। बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा और छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशियों के नामों पर सहमति बनाकर केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे हैं और समिति अपना अंतिम निर्णय लेगी।

### अनुराग ठाकुर के खिलाफ सतपाल रायजादा उतरेंगे मैदान में

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग के खिलाफ ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और विधानसभा उपचुनाव के लिए ऊना जिले की कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से विवेक शर्मा का नाम पर सहमति बनी है। (अनंत ज्ञान)

### पार्टी बाहरी उम्मीदवार तय करने से करेगी परहेज

**चार** लोकसभा व छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में पार्टी बाहरी उम्मीदवार से परहेज करेगी। बैठक में चर्चा की गई है कि पार्टी पहले ही इसका खामियाजा भुगत चुकी है कि भाजपा से आए लोगों को टिकट भी दिया और जिताए भी और वापस भाजपा में शामिल होकर पार्टी को नुकसान करते रहे। बैठक में चर्चा की गई कि अधिकतर सीटों पर युवा चेहरों और महिलाओं को चुनाव में उतारा जाएगा।

### लोकसभा व विधानसभा के प्रत्याशियों का पैनल

**कांगड़ा** संसदीय से पूर्व मंत्री आशा कुमारी, करण पठानिया व संजय चौहान और शिमला संसदीय सीट से दयाल प्यारी, वीरेंद्र कश्यप व अमित नंदा के नाम पर विचार चल रहा है। विधानसभा उपचुनाव के लिए धर्मशाला से देवेंद्र जग्गी, राकेश चौधरी, विजय इंद्रकरण, गगरेट से राकेश कालिया, कुलदीप कुमार व राकेश कालिया, बड़सर से पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, कमल पठानिया व किशन कुमार, सुजानपुर से राजेंद्र वर्मा, अरुण ठाकुर व नरेश ठाकुर को प्रत्याशी तय करने को लेकर मंथन जारी है। लाहौल-स्पीति से पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने की अटकलें हैं।

# मनु सिंघवी ने राज्यसभा चुनाव नतीजे को हाईकोर्ट में दी चुनौती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर हुए राज्यसभा चुनाव में पर्ची के जरिए उम्मीदवार को विजेता घोषित करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने शनिवार को प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

पर्ची के जरिए उम्मीदवार को विजेता घोषित करने पर खड़े किए सवाल

याचिका के जरिये हाईकोर्ट में राज्यसभा चुनाव के नियमों की धारणा को चुनौती दी गई है। सिंघवी राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे। इस चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी को बराबर मत पड़े थे। इसके बाद पर्ची से भाजपा के हर्ष महाजन विजेता बने और अभिषेक मनु सिंघवी की हार हुई थी। सिंघवी ने याचिका दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यसभा चुनाव के दौरान एक समान मत पड़ने पर पर्ची जिस प्रत्याशी की निकलती है, उसे हारा हुआ करार देना, यह धारणा कानूनी रूप से गलत है। आम तौर पर जिसका नाम निकलता है उसे जीतना चाहिए।

ऐसे में अगर यह धारणा गलत है तो चुनाव परिणाम भी गलत है। उन्होंने कहा कि कानून में ऐसा कोई नियम नहीं, इसलिए नियम की एक धारणा को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस तरह की याचिका दायर करने के लिए याचक को खुद कोर्ट आना पड़ता है, ऐसा नियम है। इसलिए उन्हें खुद हिमाचल हाईकोर्ट आना पड़ा है।

### महादेव ऐप सट्टेबाजी मामला

# आरोपी को 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**धर्मशाला।** महादेव ऐप सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार आरोपी नीतिश दीवान को धर्मशाला पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपी छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में बंद था। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी से युवकों के बैंक खाते से 65 लाख रुपए के लेन-देन के बारे में पूछताछ की जाएगी। 15 जून 2023 को चुराह निवासी अनिल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि फटाहर निवासी साहिल ने उसके व पीजी में रह रहे अन्य युवकों के बैंक खाते खुलवाए, लेकिन आरोपी ने बैंक की डिटेल नहीं दी। अकाउंट नंबर न मिलने पर अनिल ने 13 जून को बैंक में जाकर लेन-देन की डिटेल ली तो पता चला कि खाते से इस समय अवधि में 65 लाख रुपए का लेन-देन हुआ है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# होशियार सिंह को 25 करोड़ रुपए कैबिनेट रैंक का दिया था ऑफर!

सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही पोस्ट

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू जहां बागी विधायकों पर 15-15 करोड़ रुपए में भाजपा के हाथों बिकने के आरोप लगा रहे हैं, वहीं इस मामले में अब एक और ट्विस्ट आ गया है।

सोशल मीडिया में वायरल हो रही पोस्ट में देहरा के विधायक होशियार सिंह के हवाले से एक पोस्ट में दावा किया गया है कि उन्हें कांग्रेस ने 25 करोड़ रुपए देने, कैबिनेट रैंक, जिला बनाने या आपकी अन्य जो मांगें हैं, सब पूरी करने का ऑफर दिया है। पोस्ट में होशियार सिंह की ओर से यह लिखा गया है कि मैं बिकाऊ नहीं हूं। (अनंत ज्ञान)

### जनसेवा के लिए चुनी है राजनीति : होशियार

होशियार सिंह ने कहा कि एक टीवी चैनल के माध्यम से पता चला था कि प्रदेश की कांग्रेस ने उन्हें ऐसा ऑफर दिया है। चैनल को बताया था कि वो कोई बिकाऊ नहीं हैं। जनता के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए राजनीति में आए हैं, न कि किसी लालच और प्रलोभन के लिए राजनीति से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू कहते हैं कि विधायकों को 15-15 करोड़ रुपए देकर भाजपा ने खरीदा है, लेकिन मैं इसे सीएम की बचकाना हरकत मानता हूं।

**समारोह** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में कुल छह सदस्यों को दिलाई शपथ

# नड्डा ने गुजरात से राज्यसभा सांसद पद की ली शपथ

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। नड्डा गुजरात से निर्विरोध चुने गए हैं। उन्हें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलाई। उनके अलावा राज्यसभा के पांच अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। शपथ लेने वाले अन्य सदस्यों में महाराष्ट्र से अशोक राव शंकर राव चव्हाण, राजस्थान से चुन्नीलाल गरासिया, तेलंगाना से अनिल कुमार यादव मंडाडी, पश्चिम बंगाल से सुष्मिता देव और मोहम्मद नदीमुल हक शामिल हैं। नड्डा मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के रहने वाले हैं। नड्डा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे और 1989 में एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री चुने गए। वर्ष 1991 में भाजयुमो के अध्यक्ष बने। 1993 में पहली बार हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विधायक बने और नेता प्रतिपक्ष चुने गए। 2019 में नड्डा को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और जनवरी 2020 में पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।



नड्डा को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ दिलाते राज्यसभा के सभापति धनखड़।

### एनडीए 400 पार के संकल्प को पूरा करने का आह्वान

**भाजपा** के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 पार के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के अलावा मीडिया को भी संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो जनसंघ के दिनों से लगातार अपने वैचारिक अधिष्ठान राष्ट्रवाद के साथ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर चल रही है। भाजपा वैचारिक पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कश्मीर में अनुच्छेद-370 को समाप्त किया गया। तीन तलाक को खत्म किया गया। आज भाजपा के लोकसभा में 303 सदस्य हैं। भाजपा जनता का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा नेताओं के माध्यम से कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा जिस मुकाम पर पहुंची है, उस यात्रा में 4-5 पीढ़ियां खप गईं। उनके तप, योगदान और तपस्या के कारण आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

# एलन मस्क को पछाड़ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स बने मार्क जुकरबर्ग

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की लिस्ट में मुकेश अंबानी 11वें स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। जुकरबर्ग ने टेस्ला के मालिक एलन मस्क को पीछे छोड़ कर 2020 के बाद पहली बार यह स्थान हासिल किया है।



वहीं, फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 223 अरब डॉलर (18.57 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ पहले नंबर पर हैं, जबकि जेफ बेजोस 17.24 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दूसरे नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की जारी सूची के अनुसार, एलन मस्क की नेटवर्थ में 48.4 बिलियन डॉलर (4.03 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की गिरावट आई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग ने अपनी संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर (4.90 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) जोड़े हैं। भारत का कोई भी शख्स बिलेनियर की इस सूची में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर (करीब 9.32 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं। गौतम अडाणी 104 अरब डॉलर (8.66 लाख करोड़ रुपए) की नेटवर्थ के साथ 14वें नंबर पर हैं।

### टॉप टेन

| नाम | नेटवर्थ |
|---|---|
| 1. बर्नाड अरनॉल्ट | 18.57 |
| 2. जेफ बेजोस | 17.24 |
| 3. मार्क जुकरबर्ग | 15.57 |
| 4. एलन मस्क | 15.07 |
| 5. बिल गेट्स | 12.71 |
| 6. स्टीव बाल्मर | 12.24 |
| 7. वॉरेन बफे | 11.49 |
| 8. लैरी पेज | 11.91 |
| 9. लैरी एलिसन | 11.41 |
| 10. सर्गी ब्रिन | 10.91 |

# सरकारी शिक्षकों को निजी स्कूल का गुणगान करना पड़ा महंगा


## शिक्षा विभाग ने जवाली के चार अध्यापकों को भेजा कारण बताओ नोटिस

- सोशल मीडिया पर कर रहे थे एडवरटाइजमेंट
- शिक्षा विभाग ने तीन दिन के अंदर जवाब मांगा

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल के चार सरकारी अध्यापकों को सोशल मीडिया में निजी स्कूलों का गुणगान करना काफी महंगा पड़ा है। शिक्षा विभाग ने कड़ा संज्ञान लेते हुए चारों अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस निकालकर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह ने डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन मोहिंद्र धीमान को निर्देश दिए थे कि निजी स्कूल का गुणगान करने वाले टीचरों पर कार्रवाई की जाए, जिस पर अमल करते हुए डिप्टी डायरेक्टर मोहिंद्र धीमान ने चारों सरकारी टीचरों का पता लगाकर कारण बताओ नोटिस निकाला है। इसके बाद काफी हड़कंप है। जानकारी अनुसार



जवाली उपमंडल के सरकारी स्कूलों के अध्यापक सोशल मीडिया पर निजी स्कूल का गुणगान कर रहे थे। गुणगान करने के वीडियो शिक्षा विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह तक पहुंच गए जिसको देखकर वे दंग रह गए। उन्होंने इस पर कड़ा एक्शन लेते हुए डिप्टी डायरेक्टर धर्मशाला मोहिंद्र धीमान को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सरकारी स्कूलों के टीचर अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं और निजी स्कूलों की एडवरटाइजमेंट भी कर रहे हैं। इस पर शिक्षा विभाग को सख्ती बरतनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी: मोहिंद्र धीमान



डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन मोहिंद्र धीमान ने कहा कि निजी स्कूल का गुणगान करने पर चार टीचरों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस निकालकर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। चारों टीचरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नियमित योग करने की दी सलाह

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा के सुलयाली में सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल ने विश्व स्वास्थ्य दिवस उत्सव का आयोजन किया। इस साल का विषय था मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार। इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार और डॉ. सन्नी जरयाल ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, उचित चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा प्राप्ति के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग अभ्यास और प्राणायाम के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही लोगों को जंक फूड का प्रचलन बढ़ा हुआ है उससे परहेज रखने की सलाह दी। नशे से दूर रहने तथा नशें के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक किया।

# जनता तक पहुंचाएं भाजपा की जनविरोधी नीतियां: किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक किशोरी लाल ने लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयों व अग्रणी संगठनों के साथ बैठकों का अभियान शुरू करते हुए पार्टी की जीत के लिए रोडमेप की मुहिम को शुरू कर दिया है।

किशोरी लाल ने शिव मंदिर न्यास कमेटी बैजनाथ एवं महाकाल के समस्त गैर सरकारी सदस्यों, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति के कार्यकारिणी सदस्यों व शिव शक्ति यूनियन बैजनाथ के सभी सदस्यों के साथ चुनावी बैठक करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों की



चुनावी बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ विधायक किशोरी लाल।

तैयारियों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। किशोरी लाल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ में कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों व भाजपा की जनविरोधी नीतियों को घर द्वार तक पहुंचाने के दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा की बैजनाथ चुनाव क्षेत्र से इस बार लोकसभा चुनावों में काफी अच्छी बढ़त हासिल होगी जिसके लिए बैजनाथ में कांग्रेस पार्टी कार्यरत है। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 37,400 रुपए करने होंगे अदा

- उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सुनाया फैसला

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने शिकायतकर्ता को पांच बकरियों की मृत्यु पर 37,400 रुपए नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का फैसला सुनाया है। साथ ही हर्जाने के तौर पर 10,000 और 10,000 मुकदमा खर्चओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश हुए हैं। शिकायतकर्ता मनोज कुमार गांव थारा तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा को रूरल बैकयार्ड गोट डेवलपमेंट स्कीम के तहत 11 बकरियां 6-07-2022 को वेटरनरी डिपार्टमेंट द्वारा दी गई। जिसकी इंश्योरेंस ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा की गई थी और टर्म पीरियड 12 -7 - 2022 से लेकर 11 - 7 - 2023 तक था। पांच बकरियों की किसी बीमारी के कारण मृत्यु हो गई और मृत्यु का कारण डॉक्टर ने ब्रोनकोपमोनिया बताया। शिकायतकर्ता ने इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी को उसके बारे में अवगत करवाया। इंश्योरेंस कंपनी ने इनका क्लेम रिजेक्ट कर दिया और कारण बताया अगर इंश्योरेंस पीरियड स्टार्ट होने के 15 दिन के अंदर किसी भी मवेशी की मृत्यु होती है तो इंश्योरेंस कंपनी क्लेम देने के लिए बाध्य नहीं है और एयर टेग न देने पर इंश्योरेंस कंपनी इंश्योरेंस देने के लिए बाध्य नहीं है। शिकायतकर्ता ने इंश्योरेंस लेने से पहले बकरियों का मेडिकल चेकअप करवाया था एवं वेटरिनरी ऑफिसर ने इसका सर्टिफिकेट भी जारी किया था। उसके बाद ही इंश्योरेंस पॉलिसी इंश्योरेंस कंपनी द्वारा जारी की गई थी। उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की तीन सदस्य पीठ हिमांशु मिश्रा, नारायण ठाकुर,आरती सूद ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए कहा कि इंश्योरेंस कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता को टर्मस एंड कंडीशन की जानकारी समय पर न दी गई थी और इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 15 दिन का वेटिंग टाइम पीरियड भी नहीं बताया गया था, जिस कारण शिकायतकर्ता को पांच बकरियों की मृत्यु पर 37,400 रुपए नौ फीसदी ब्याज के साथ, एवं हर्जाना 10,000 रुपए और 10,000 रुपए, मुकदमा खर्च, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए है। (अनंत ज्ञान)

## भ्रांता में पट्ट छिंज मेला शुरू

**डरोह।** तीन दिवसीय पट्ट छिंज मेला भ्रांता का शुभारंभ समाजसेवी सेवानिवृत्त सूबेदार विधि चंद राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर हैं। पट्ट छिंज मेला कमेटी भ्रांता द्वारा प्रधान वीर सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यातिथि सूबेदार विधि चंद राणा का स्वागत किया तथा हिमाचली टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। छिंज मेला भ्रांता प्रतिवर्ष छह से आठ अप्रैल को आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान राजिंद्र धीमान, पूर्व प्रधान कुलदीप जाट, मेला कमेटी के प्रधान वीर सिंह चौहान, ध्यान सिंह, कैप्टन कमल किशोर धीमान, ठाकुर सिंह, राजीव, अमित,सुरेश,सतेंद्र सरवण विजय उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मानसिक रोगों पर जागरूक किए छात्र



रोटरी क्लब के सदस्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी के साथ।

**धर्मशाला।** रोटरी क्लब धर्मशाला द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में गुरु द्रोणाचार्य नर्सिंग कॉलेज योल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कॉलेज में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के बारे में जानकारी दी तथा इनसे कैसे बचा जा सकता है, उसके बारे में भी बताया। जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला से ज्योति शर्मा मनोवैज्ञानिक ने मानसिक विद्यार्थियों को बताया कि नशे से दूर रहने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाना चाहिए। रोजाना योग करना चाहिए तथा ताजा खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। एक स्वस्थ मानसिकता के लिए स्वच्छ विचारों का होना बहुत जरूरी है, इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर तरुण सूद, बीएमओ नगरोटा बगवा डॉक्टर रूबी भारद्वाज और रोटरी क्लब के गणमान्य उपस्थित रहे।

### शाहपुर और गगल में अवैध शराब पकड़ी

**धर्मशाला/गगल।** पुलिस थाना शाहपुर और गगल के तहत 84,750 एमएल अवैध शराब बरामद हुई है। शाहपुर के तहत रछपाल सिंह निवासी क्यारी शाहपुर की दुकान से 7,500 एमएल तथा गगल के तहत भडियाड़ा में विशाल कुमार निवासी भडियाड़ा के रिहायशी के साथ बने सीमेंट ब्लॉक टीन शैड से 77,250 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने उक्त मामलों में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया की पुलिस ने शराब बरामद करके आरोपी को हिरासत में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अपने पद की गरिमा भूले मुख्यमंत्री: परमार

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के इतिहास में शायद ऐसा पहली बार देखने को मिला कि जब हिमाचल प्रदेश का मुखिया मंच पर अपनी पद की मर्यादा भूल कर एक छूटभैया नेता की तरह बयानबाजी करते हुए नजर आए। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी, सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि ऊना में जनसभा के दौरान शायद मुख्यमंत्री सुक्खू यह भूल गए कि वह किस पद पर बैठे हैं और वरिष्ठ नेताओं के लिए इस तरह के घटिया शब्दों का इस्तेमाल किया। इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियों हिमाचल प्रदेश में बनी है जब अपनी पार्टी की कार्यप्रणाली से नाराज होकर नेता या विधायक दूसरे दल में शामिल हुए हैं, लेकिन कभी भी इस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल हिमाचल प्रदेश की राजनीतिक इतिहास में देखने और सुनने को नहीं मिला। विपिन सिंह परमार ने कहा कि खुद की कार्य प्रणाली को सुधारने की जगह नेताओं पर बिना किसी सबूत के झूठे आरोप लगाना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा में कार्यशाला

**देहरा।** शिक्षा व शोध क्षेत्र में रचनात्मक व नवीनात्मक कार्यों के लिए प्रसिद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शोध आयाम द्वारा प्रयास रहते है कि किस प्रकार शिक्षा व शोध क्षेत्र में नए अन्वेषण व छात्रों व शोधार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यशालाएं, संगोष्ठी व अध्ययन प्रवास आयोजित किए जाते रहे। इसी कड़ी में शनिवार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा शोध इकाई द्वारा अनुसंधान पद्धति पर एक व्यापक मार्गदर्शिका तैयार करना, एक प्रभावी शोध पत्र कैसे लिखें पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तीन इंटरैक्टिव सत्र शामिल रहे। इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के डीन प्रोफेसर संजीत सिंह ठाकुर, दृश्य कला संकाय की डीन प्रोफेसर निरुपमा सिंह, प्रोफेसर नारायण सिंह राव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए साथ ही इस अवसर पर शोध हिमाचल प्रदेश प्रांत के सह-संयोजक विपिन ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### वोटर्स के पंजीकरण को चलेगा अभियान

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं तथा दिव्यांगों के नामों का पंजीकरण करने के लिए चार मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदाता लिंग अनुपात के अंतर को पूरा करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सहयोग से मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं के नाम पंजीकृत करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पुरुष मतदाताओं की संख्या छह लाख 54 हजार 626 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या छह लाख 43 हजार 862 है जबकि कांगड़ा जिला में जनगणना के मुताबिक महिलाओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले ज्यादा है।

### अनिल कुमार बने ट्रेल रन के विजेता

**बैजनाथ।** पैराग्लाइडिंग की घाटी बीड़ बिलिंग में मैराथन की 5वीं प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें मंडी, बिलासपुर, कांगड़ा, मनाली, स्पीति से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले दिन बीड बिलिंग ट्रेल रन के विजेताओं में पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर अनिल कुमार 49.43 मिनट में, दूसरे स्थान पर अनीश चंदेल 57.40 मिनट में व तीसरे स्थान पर अंकित चौधरी 58.24 मिनट रहे। जबकि महिला वर्ग में पहले स्थान पर तेनजिन डोल्मा-1.15 घंटा, दूसरे स्थान पर सोनम जोंगमो 1.42 घंटे व तीसरे स्थान पर निशा मिस्त्रा-1.55 घंटा रहे। रविवार को सुबह 4:30 बजे से रोड पर दौड़ (10 किमी, 21 किमी और 42 किमी) शुरू होगी।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना हरिपुर के तहत गठूतर में बिहारी लाल निवासी ने साहिब सिंह निवासी गठूतर के साथ गाली-गलौज व मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त मामले को भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चैतड़ू में भाजपा की जीत का संकल्प लिया

## धर्मशाला भाजपा ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, संजय टंडन ने फहराया झंडा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला भाजपा मंडल ने चैतड़ू स्थित कांगड़ा-चंबा भाजपा संसदीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर धर्मशाला मंडल अध्यक्ष डॉक्टर विशाल नेहरिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अबकी बार मोदी 400 पार का संकल्प लिया, वहीं हिमाचल प्रदेश में होने वाले छह विधानसभा उपचुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की लोक सेवा की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प भी कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया। पार्टी के सहप्रभारी संजय टंडन ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराया और भाजपा में शामिल हुए नेता सुधीर शर्मा को बधाई दी। सुधीर शर्मा ने भाजपा के स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, हाईकमान का उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए धन्यवाद किया।



चैतड़ू स्थित कांगड़ा-चंबा भाजपा संसदीय कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद सुधीर शर्मा व अन्य।

## सुधीर शर्मा ने सीएम पर साधा निशाना

# कांग्रेस ने रोका धर्मशाला का विकास, असफल रहे सीएम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भाजपा के स्थापना दिवस पर धर्मशाला के चैतड़ू में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में हिमाचल में भाजपा छह सीटों के उपचुनाव के साथ लोकसभा की चारों सीटों पर जीत तय करेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा परिवार में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिला है तथा इसके लिए वह पार्टी के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई धर्मशाला के विकास को लेकर है तथा ऐसा न होता तो वह अपनी लड़ाई को कांग्रेस पार्टी के अंदर रहकर भी लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला का नुमाइंदा होने के कारण वे ऐसी पार्टी में नहीं रह सकते थे जिसमें उनके विधानसभा क्षेत्र की लगातार अनदेखी हो रही थी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार 14-15 महीनों में केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैंपस के निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए तक जमा नहीं करवा पाई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अगुआई में प्रदेश को देश के हर प्रदेश की तरह केंद्रीय विश्विद्यालय की सौगात मिली थी तथा पूर्व मुख्यमंत्री ने सफल प्रबंधन करते हुए फंड जमा करवाया जिसके कारण देहरा में कैंपस का निर्माण शुरू हो गया। उन्होंने प्रदेश के सीएम सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ऐसे सीएम हैं जो 30 करोड़ रुपए की धनराशि जमा करवाने में असफल साबित हुए। उन्होंने कहा कि न सिर्फ केंद्रीय विश्वविद्यालय बल्कि धर्मशाला में विकास के कई ऐसे कार्य हैं जिनकी मौजूदा सरकार ने पूरी तरह अनदेखी की तथा यहीं कारण है कि विकास के मामले में उनके क्षेत्र की अनदेखी करने वाली पार्टी में वे नहीं रह सकते थे।

उन्होंने कहा कि वे केंद्र से चैतड़ू के आईटी पार्क के लिए बजट लेकर आए लेकिन प्रदेश की मौजूदा सरकार ने इस काम को भी सिरे नहीं चढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के विधायकों तक के काम नहीं हो रहे तथा ये लोग पार्टी में घूटन महसूस कर रहे हैं तथा कभी भी कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# बीएसएनएल दो योजनाओं के तहत 4जी के 391 टावर लगाएगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

दूरसंचार जिला धर्मशाला (कांगड़ा व चंबा) के उन 145 स्थानों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या दूर होगी, जिनमें अभी तक किसी भी टेलीकाम कंपनी का नेटवर्क नहीं है। इस दिशा में बीएसएनएल दो योजनाओं के तहत 4जी के 391 टावर लगाने जा रहा है। इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए बीएसएनएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक विपिन कुमार मौर्या ने कहा कि प्रदेशभर में ऐसे कुल 646 स्थान हैं, जहां पर अभी तक कोई भी टेलीकाम कंपनी नहीं पहुंच पाई है। इस वजह से इन स्थानों के लोग



धर्मशाला में शनिवार को प्रेस वार्ता करते बीएसएनएल के अधिकारी।

आधुनिक सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि 4जी नेटवर्क उपभोक्ताओं की सेवाओं के लिए जल्द आने वाला है। ब्राडबैंड को एफटीटीएच की ओर ले जा रहे हैं। ब्राडबैंड एफटीटीएच के करीब साढ़े 17 हजार कनेक्शन हैं। वहीं, लैंडलाइन कनेक्शन करीब सवा 4 हजार हैं। ब्रांडबैंड कनेक्शन करीब 1002 हैं। वहीं 2जी के 242 टावर हैं जबकि 3जी के 187 जबकि 4जी के चार टावर लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी उपभोक्ताओं की 2जी या 3जी सिम को 4जी में तबदील करवाने के लिए निशुल्क सेवाएं दी जा रही हैं।

## बजुर्ग महिला को दी फौरी राहत राशि

**देहरा।** एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा व तहसीलदार कर्म चंद कालिया शनिवार को ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहन पहुंचे वहां विगत दिनों वार्ड नंबर पांच में स्लेटपोश मकान में भीषण आग लगने से हुई भारी तबाही का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ हलका पटवारी सुनील कुमार, पंचायत प्रधान तरसेम कुमार आदि भी मौजूद रहे। एसडीएम ने आग की आपदा से हुए भारी नुकसान को देखते हुए जहां पीडित बजुर्ग महिला शीला देवी को 15 हजार रुपए की फौरी राहत दी तो वहीं नुकसान की तुरंत रिपोर्ट तैयार करके बहुत जल्द अन्य आर्थिक मदद देने की बात भी कही। तहसीलदार ने कहा कि पर बजुर्ग महिल तिरपाल दी गई थी।

## चुनाव आयुक्त को भेजा शिकायत पत्र

**धर्मशाला।** पर्यटन विभाग हिमाचल प्रदेश में भ्रष्टाचार होने की संभावना को लेकर पूर्व मंत्री एवं धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने चुनाव आयुक्त को एक शिकायत पत्र भेजा है। आरोप है कि आगामी नौ अप्रैल को चंडीगढ़ के होटल हयात में पर्यटन के नाम पर होने वाली बैठक में प्रदेश की भूमि को निजी हाथों में सौंपा जा सकता है। शिकायत पत्र में लिखा है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर प्रदेश सरकार ने एशियन डिवेल्पमेंट बैंक से लोन लिया है और पूरी संभावना है कि प्रदेश सरकार पर्यटन के नाम पर सरकारी भूमि को कुछ घरानों को सौंप सकती है। उन्होंने संदेश जताया है कि उक्त बैठक बिना जनता के ध्यान में लाए आयोजित की जा रही है। इस बैठक में अवैध धन का लेन-देन होने की भी पूरी संभावना है। सुधीर शर्मा ने चुनाव आयुक्त से इस मामले में त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

## ओटीपी किसी से सांझा न करें: डीसी

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि धोखाधड़ी की मंशा से नागरिकों को आ रही मोबाइल कॉल्स से सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुछ एक बूथ लेवल अधिकारियों को भी धोखाधड़ी से संबंधित काल्स प्राप्त हुई हैं। जिसमें पहले तो उनसे पुरुष, महिला डाटा व बूथ लेवल ऐप के बारे में पूछा जा रहा है। इसके साथ ही समस्त बूथ लेवल अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने निजी बैंक खातों की जानकारी जैसे कि पासवर्ड, ओटीपी इत्यादि के बारे सूचना किसी अनजान व्यक्ति को न दें। इस संबंध में बिना पहचान वाले फोन नंबर पर जानकारी सांझा न करें और कॉल आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** शाहपुर के विधायक बोले-देव भूमि में खरीद-फरोख्त स्वीकार नहीं

# सरकार गिराने वाले फिर कभी विधानसभा नहीं पहुंचे: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मौजूदा हालतों से पूर्व हिमाचल प्रदेश के इतिहास में दो बार ऐसा हुआ है कि जब दल बदल के कारण सत्तासीन सरकार को गिराया गया। जिन विधायकों ने सरकार को गिराया वह उसके बाद कभी विधानसभा नहीं पहुंच पाए। हिमाचल प्रदेश की जनता देवी-देवताओं की भूमि में निवास करती है और जनता खरीद-फरोख्त को स्वीकार नहीं करती।

राम से पूर्व विधायक नीजू राम और जयसिंहपुर ज्ञान चंद मिन्हास का उदाहरण देते हुए शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने भाजपा पार्टी पर यह तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार में राम राज्य है और भाजपा का विधायकों को खरीदना राम राज्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा को शर्म आनी चाहिए।

प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने पांच गारंटियों को पूरा कर दिया है और शेष गारंटियों को भी समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। पठानिया ने कहा कि प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से निपटना प्रदेश के लिए चुनौती रही और यह प्राकृतिक आपदा नहीं होती तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया व अन्य।

हालांकि मुख्यमंत्री फिर भी प्रदेश हित की योजनाओं को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। पठानिया ने कहा कि आगामी दिनों में आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने की योजना बनाई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला के अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कुमार पप्पी व महापौर नीनू शर्मा सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा पुरानी पेंशन विरोधी

पठानिया ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने वाली राजस्थान की कांग्रेस सरकार को गिरा कर भाजपा ने अपनी सरकार बनाई और भाजपा ने सत्ता संभालते ही ओपीएस को बंद कर सरकारी कर्मचारियों को झटका दिया। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कांग्रेस प्रदेश सरकार को न तो गिरने देगी और न ही पुरानी पेंशन को बंद होने देगी।

## चुनावी टकी

### टिकट का संघर्ष

**पार्टी** के बड़े नेता को रिझाने का ऐसा जुनून कि 'जेड प्लस' में भी नेताजी ने धक्कों की परवाह नहीं की। टिकट की लड़ाई में यह जंग जीतना भी उनको जरूरी था।



मौका जनसभा का था तो नेताजी मंच तक भी जा धमके। हालांकि, मंच की भीड़ में वह बेशर्मी से किसी दूसरे नेता की कुर्सी की बाजू पर चढ़कर चिपक गए। उनको भी जनसभा में बड़े नेता के साथ खुद को दिखाना था। मकसद भले कोई बड़ा न हो सिर्फ सियासी दुकान को चमकाना था। नेताजी भाषण के लिए भी अड़ गए। भीड़ जुटाने में बीस से पच्चीस लोगों को लाए थे, लेकिन उनके हाथ में भी अपना नाम लिखी तख्तियां थमाई थीं। चुनावी बेला है ऐसे में बड़े नेताजी को सब झेलना पड़ रहा था। एक नेता तो भाड़े के बुलारे को लेकर खुद भी अपने नारे लगाने से पीछे नहीं रहे। जमाना भले उनकी हरकतों से अनजान हो, लेकिन बड़े नेताजी के सामने यह प्रदर्शन इस नेता को भारी पड़ने वाला है। टिकट मांगने के लिए नेता चापलूसी तो करते दिखे हैं, लेकिन उल्टा दांव इन पर ही पड़ जाएगा, यह सोचा नहीं था। **–राजेश शर्मा**

### क्या इसे कहते हैं 'हाई टी'?

**लोकसभा** चुनावों में भाजपा द्वारा विधानसभा क्षेत्र वाईज लोकसभा प्रत्याशी, कार्यकर्ता व पदाधिकारी परिचय कार्यक्रम अभी चल ही रहा था, तभी पत्रकारों को एक व्हाट्सऐप मैसेज मिला कि चार बजे अभिनेत्री से प्रत्याशी बनी मोहतरमा शहर के एक नामी होटल में स्थानीय मीडिया कर्मियों के साथ 'हाई टी' में शिरकत करेंगी।



प्रिंट मीडिया के लिए समाचार प्रेषण के लिए पीक आवर्ज पर न्योते को सम्मान देना भी जरूरी था, तो ठीक समय पर मीडिया कर्मी पहुंच गए होटल में। मोहतरमा के आने से पहले आयोजकों ने गुफ्तगू शुरू की तो स्थानीय मीडिया के बजाय राष्ट्रीय मीडिया को तरजीह देने पर आपत्ति जताई गई। इसी बीच मोहतरमा भी दल बल सहित पहुंच गई। परिचय की रस्म अदायगी जैसे प्रिंसिपल व छठी क्लास के बच्चे की। चाय स्नैक्स किसी को मिले तो किसी ने मांग कर लिए। बातचीत में कहा गया कि सब कुछ हाई कमान द्वारा तय किया जाता है फिर भी सामंजस्य बिठाया जाएगा। इसी दौरान मोहतरमा चलते बनीं। किसी ने कहा क्या इसे कहते हैं 'हाई टी'? हमने कहा शायद हां। क्योंकि ऐसा ही आलम कुछ दिन पहले एक सरकारी अधिकारी मोहतरमा की 'हाई टी' पार्टी में भी इसी तरह से कुर्सियां व जगह की कमी देखने को मिली थी। **– भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

## हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

### आंकड़ों में महिला शक्ति

| साल | कुल मतदाता | मतदान | मतदान % |
|---|---|---|---|
| 2004 | 20,39,746 | 12,12,205 | 59.03 |
| 2009 | 22,40,602 | 13,34,297 | 59.55 |
| 2014 | 23,20,836 | 15,28,465 | 65.85 |
| 2019 | 26,05,996 | 19,36,405 | 74.03 |

### प्रदेश में मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| 2004 | 59.61 % |
| 2009 | 58.46 % |
| 2014 | 64.39 % |
| 2019 | 72.29 % |




गोहर। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय में 'स्वीप' के माध्यम से एक सेल्फी प्वाइंट 'मा भी पाणा वोट' लॉन्च किया गया तथा मतदाताओं को सेल्फी प्वाइंट से जुड़ने का आह्वान किया गया।

# मंडी संसदीय क्षेत्र बना हॉट सीट

## भाजपा, कांग्रेस के लिए नाक का सवाल बना 'विजयी' झंडा गाड़ना

**अनिल शर्मा, मंडी**

राजनीतिक दांव के बीच मंडी संसदीय क्षेत्र भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए साख का सवाल बन चुका है। कंगना रनौत को चुनाव जिताना स्थानीय भाजपा नेताओं की भावी कारगुजारी तय करेगा, तो कांग्रेस की पारंपरिक सीट पर बने रहना नाक का सवाल बन गया है। उधर, कांग्रेस से मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी विक्रमादित्य सिंह मंडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की फीडबैक लेने उपरांत नई रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इस सीट पर जीत दर्ज करना विक्रमादित्य के लिए भी नाक का सवाल बन कर रह गया है, क्योंकि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार होते हुए प्रतिभा सिंह से यहां से उपचुनाव जीता था और अब परिस्थितियां भिन्न हो चुकी हैं।

> भाजपा चारों सीटों के साथ विधानसभा की भी सारी सीटें जीतेगी। हमारी पूरी तैयारी है, कार्यकर्ताओं में उत्साह है। विकास के बल पर लोग हमें मतदान के रूप में अपना आशीर्वाद देंगे। कांग्रेस की गुटबाजी और नूराकुश्ती सबके सामने है। जनता जनार्दन को पता है कि कौन दल सशक्त सरकार दे सकता है।
> **–जयराम ठाकुर, नेता विपक्ष**

> कांग्रेस आम लोगों की पार्टी है, कांग्रेस में लोकतंत्र कायम है। कार्यकर्ता सबके सामने खुल कर अपनी बात रखता है। भाजपा की हर बैठक बंद कमरे में होती है। कांग्रेस लोकतंत्र की हिमायती रही है। कांग्रेस विजयी की ओर तेजी से बढ़ रही है। इस बार मंडी से कांग्रेस जीतेगी।
> **–पवन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष, मंडी जिला कांग्रेस।**

एक तरफ कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी और भाजपा की सशक्त रणनीति को पार पाना विक्रमादित्य सिंह का राजनीतिक भविष्य तय करेगा, तो दूसरी तरफ जिला मंडी से भाजपा विधायकों की परफॉर्मेंस आगामी विधानसभा चुनाव के लिए लाइन खींचेगी। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बिना विक्रमादित्य सिंह का मंडी संसदीय क्षेत्र में उपचुनाव को छोड़ पहला आम चुनाव है, यहां चुनावी परिस्थितियां इस बार कुछ अलग हैं। इस बार न पूर्व मुख्यमंत्री की सहानुभूति है और न ही कांग्रेस एकजुट दिख रही है। (अनंत ज्ञान)

### कंगना और श्रीनेत में फिर छिड़ी जंग

भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के बीच फिर से जंग छिड़ गई है। श्रीनेत ने एक्स पर कंगना रनौत के एक टीवी चैनल का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि सुभाष चंद्र बोस आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। इसके जवाब में कंगना रनौत ने एक्स पर एक पोस्ट डाली, जिसमें वर्ष 1943 को भारत की अंतरिम सरकार बनाई थी और खुद को प्रधानमंत्री घोषित किया था। इस दौरान भारत के कुछ क्षेत्र आजाद हो गए थे। कंगना रनौत और श्रीनेत के बीच इससे पहले भी आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा है।

## कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार तक सीमित : अनुराग ठाकुर



स्थापन दिवस पर ज्योति जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अनुराग ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा सदर मंडल बिलासपुर ने भाजपा कार्यालय में त्रिदेव सम्मेलन व स्थापना दिवस आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच भाजपा की नीतियों के बारे में जानकारी देने को कहा।

अनुराग ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार तक सीमित है। 2014 से पहले इस पार्टी ने देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। रक्षा क्षेत्र में हुए घोटाले आज भी सभी के सामने उजागर हुए हैं।

वहीं 2014 के बाद केंद्र की भाजपा सरकार ने देश की सुरक्षा को मजबूत करने का कार्य किया। आज भारत स्वयं देश में सुरक्षा उपकरण तैयार कर रहा है। भाजपा देश के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर भाजपा के विभिन्न मोर्चा के अध्यक्षों ने अनुराग ठाकुर को सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बिमला देवी, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान, सदर विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, स्वदेश ठाकुर, कमल गौतम और नरेंद्र पंडित सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस का अन्य दलों के साथ नाममात्र का गठबंधन

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का अन्य दलों के साथ नाममात्र का गठबंधन है। पंजाब में कांग्रेस 'आप' से अलग है तो दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने कांग्रेस को अभी तक बाहर की स्थिति में रखा है। कांग्रेस पार्टी परिवार से बाहर नहीं निकल पा रही है।

अनुराग ने आरोप लगाया कि चुनावी बेला को देखते हुए कांग्रेस महिला सम्मान की बात कर रही है लेकिन असल में यह महिलाओं का अपमान करने में जुटे हैं।

## चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बाइक रैली में भाग लेते जयराम ठाकुर व अन्य।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में भाजयुमो द्वारा आयोजित बाइक रैली में भाग लिया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि युवा मोर्चा के सभी साथी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मैदान में उतर गए हैं। युवाओं की लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका है और हम अपने लक्ष्य को पार करते हुए 400 पार पहुंच जाएंगे।

## 'भुट्टो को कुट्टो' मुख्यमंत्री की भाषा पर चुनाव आयोग को भेजी शिकायत : बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



देश में लोकसभा के चुनाव आते ही हिमाचल सरकार के मुख्यमंत्री बौखलाई और घबराहट में आ गए हैं जिन्हें अपनी भाषा पर भी ध्यान नहीं रहता कि वह क्या बोल रहे हैं।

यह शब्द आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने बोलते हुए कहा कि सीएम सुक्खू ने आज यह बोलकर कि 'भुट्टो को कुट्टो' सारी गुंडागर्दी की सीमाएं पार को कर दी। उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्त को शिकायत का पत्र भेजा है ताकि सुक्खू के विरुद्ध कारवाई की जा रहा सके। मुख्यमंत्री प्रदेश में चुनाव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे है।

# संगठनात्मक ढांचा मजबूत कर कांग्रेस से आगे निकली भाजपा

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में भाजपा लगातार अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में लगी हुई है। संगठन की ताकत के दम पर भाजपा ने बूथ स्तर तक 'एक बूथ बीस यूथ' कार्यक्रम चलाया और अपने सियासी कुनबे को एक नई धार प्रदान की। संगठन की मजबूत पकड़ के दम पर ही लोकसभा चुनावों में बीते 20 वर्षों में पार्टी अपना वोट प्रतिशत 69 फीसदी तक पहुंचाने में कामयाब रही।

**इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से पार पाना होगा बड़ी चुनौती**

बीते चार आम चुनावों में मतदान के ट्रेंड को देखें तो भाजपा ने कांगड़ा-चंबा, मंडी और शिमला लोकसभा सीटों पर मतों में सर्वाधिक इजाफा कर वोट प्रतिशत बढ़ाया है। भाजपा कांग्रेस के वोटों पर लगभग 19 प्रतिशत की सेंध लगाने में कामयाब रही। हिमाचल में वर्ष 2004 में तीन सीटों पर कांग्रेस से शिकस्त खाने के बाद हिमाचल में भाजपा ने सांगठनिक ताकत बढ़ाने के साथ ही वोटों में इजाफा करने के प्रयास जमीनी स्तर पर आगे बढ़ाए।

वर्ष 2004 में 44.24 फीसदी वोट पाने वाली भाजपा की झोली में 2009 में 5 प्रतिशत अधिक वोट आए। भाजपा ने 2004 का बदला लेकर तीन लोकसभा सीटें अपने नाम कीं। इसके बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2014 और 2019 में हिमाचल में 'क्लीन स्वीप' के साथ लंबी छलांग लगाते हुए अपने वोट प्रतिशत को 69 फीसदी के पार पहुंचा दिया। भाजपा ने अपनी रणनीति के आगे कांग्रेस को कई कोस पीछे छोड़कर कांग्रेस के ही वोट बैंक पर बड़ी सेंधमारी की है। (अनंत ज्ञान)

### 6 फीसदी वोट बैंक बढ़ाने की फिराक में भाजपा

**हिमाचल** में भाजपा अब 2019 की तुलना में और 6 फीसदी से अधिक वोट बढ़ने का इरादा है। लक्ष्य हासिल करने को भाजपा बूथ स्तर तक सक्रिय है। कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में और सेंध लगाने के लिए पूरी रणनीति के साथ काम हो रहा है। हर बूथ में मतों में इजाफा करने के लिए भाजपा सक्रिय हैं। कांग्रेस के जनाधार वाले नेताओं को पार्टी में शामिल कराने की दिशा में भी काम हो रहा है।

### मोदी लहर से भाजपा के वोटों में हुई बढ़ोतरी

**मोदी** लहर के दौरान भाजपा के वोट बैंक में बड़ा उछाल आया। पार्टी इस बार भी उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में है। चार लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो साफ है कि 2004 में 44.24 फीसदी वोटों पर रही भाजपा 2014 तक 53.9 फीसदी तक ही पहुंच पाई। 2019 की मोदी लहर में पार्टी के वोटों में बंपर इजाफा हुआ और वोट प्रतिशत 69 फीसदी तक पहुंचा।



> **राज्यसभा** चुनाव में कांग्रेस के बागियों सहित अब कई नेता भगवा चोला ओढ़ रहे हैं। पूर्व कांग्रेसी रहे हर्ष महाजन को राज्यसभा पहुंचाने में कामयाबी मिलने के बाद से ही कांग्रेस के कई नेता भाजपा का दामन थाम चुके हैं। कांग्रेस से बगावत कर अयोग्य ठहराए जा चुके छह विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीय विधायक अब भाजपाई हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार के कामकाज पर जनता का पक्का भरोसा बन चुका है। मतदाता पीएम मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने के लिए भाजपा को बढ़-चढ़कर वोट देंगे। **- त्रिलोक जमवाल, प्रदेश महामंत्री भाजपा**

### 2004 से 2014 तक कांग्रेस वोट बैंक में छह फीसदी की गिरावट

**वर्ष** 2004 से 2014 तक कांग्रेस के वोट बैंक में चार से छह फीसदी की गिरावट हुई। 2019 में उसे 14 फीसदी की गिरावट का सबसे तगड़ा झटका लगा। अबकी बार भाजपा 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य लेकर आगे चल रही है। हालांकि वर्ष 2021 के मंडी उपचुनाव को कांग्रेस ने वर्तमान सत्तारूढ़ भाजपा से जरूर जीता लेकिन इससे पहले लगातार दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा के हाथों मात खाने के बावजूद अपनी जड़ों को बचाए रखने में काफी हद तक कामयाब रही है। 20 सालों में भले ही कांग्रेस के मत प्रतिशत का ग्राफ लुढ़कता रहा है, लेकिन अभी भी 27 फीसदी मतदाता उसके साथ बने हैं।

## जयराम ने सुक्खू से कहा– सबूत है तो पेश करें वरना खामोश रहें

**मंडी ।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायकों के खिलाफ कर करे अनर्गल बयानबाजी को बंद करें। उनके पास अगर सबूत हैं तो उसे पेश करें अन्यथा अपने पद की गरिमा का ध्यान रखे, जिनके खिलाफ उन्होंने इस तरह के अनर्गल आरोप लगाए हैं उन्होंने सुक्खू के खिलाफ मानहानि के नोटिस भी भेजे हैं और अन्य कानूनी कार्रवाई पर राय ले रहे हैं, जिससे आगे उनकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मुख्यमंत्री होकर ऊना के कुटलैहड़ में बीजेपी प्रत्याशी के लिए सुक्खू ने जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी के लिए उनके शब्द अराजकता फैलाने वाले हैं। इस तरह की बात देवभूमि के मुख्यमंत्री द्वारा कही जाना दुखद है।

### मैं वोट जरूर करूंगा




जोगिंद्रनगर में मतदाता जागरूकता के लिए लगाई सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लेते अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा।

## मतदाता जागरूकता के लिए विस्तृत नेटवर्क का उठाएं लाभ : मनीष गर्ग

**शिमला ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज यहां भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भागीदार विभागों और निगमों के साथ सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टीस्पेशन (स्वीप) की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन विभाग ने मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक नवोन्मेषी कदम उठाए हैं। मतदाता जागरूकता के लिए विस्तृत नेटवर्क का उठाएं लाभ।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को प्रदेश में बुनियादी अधोसंरचना का उच्च स्तरीय उपयोग कर चुनावी प्रक्रिया को समावेशी, जानकारीप्रद और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रम और पहल को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न पहलों पर प्रस्तुतियां भी दी गई।

### युवा मतदाता

> ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगी, जो शिक्षित, मिलनसार और काम करने वाला और साथ ही समाजसेवा के लिए काम करें। प्रत्याशी के मन में क्षेत्र के विकास का पूरा खाका होना चाहिए। उम्मीदवार की योग्यता, दक्षता तथा शिक्षा के स्तर की परख के आधार पर वोट दूंगी।क्षेत्र के विकास, बेरोजगारों के प्रति उनके नजरिए पर भी नजर रखूंगी,जो प्रत्याशी मेरे मानकों पर खरा उतरेगा उसी को वोट दूंगी।



यामिनी (कुल्लू)

> युवा बेरोजगारी से त्रस्त है, सरकारें वायदे तो बहुत करती हैं लेकिन धरातल पर कोई ठोस योजनाएं नहीं आ पा रही हैं। इस बार युवा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मतदान करेगा। जहाँ तक दल बदल नीति की बात है तो सरकार को अपना कार्यकाल पूरा करने का मौका मिलना चाहिए। जनता सरकार इस भरोसे पर चुनाती है कि पांच सालों में जनता से किए वायदे पुरे होंगे। प्रदेश में गलत राजनीति को जन्म देने कि कोशिश हुई है जोकि गलत है।



गोविंद (धर्मशाला)

## कांग्रेस की दिल्ली में बैठक बेनतीजा, अब 11 को प्रत्याशियों के नाम होंगे घोषित

**कपिल पंडित, धर्मशाला**



कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पार्टी हाईकमान ने माथापच्ची शुरू कर दी है। दिल्ली में शनिवार को हुई बैठक में लंबी चर्चा के बाद भी किसी प्रत्याशी के नाम पर सहमति नहीं बन पाई। शनिवार को पार्टी हाईकमान के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह व विक्रमादित्य सिंह शामिल रहे। सूत्रों की मानें तो 11 अप्रैल को संसदीय क्षेत्रों और उपचुनावों को लेकर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री शुक्रवार को धर्मशाला में मौजूद रहे और पार्टी पदाधिकारियों से चुनावों को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान उनके साथ शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया, धर्मशाला से पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में जमाया टिकटार्थियों ने डेरा

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के टिकटार्थी दिल्ली में डेरा जमाए हुए हैं और अपने-अपने नाम पर पैरबी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस के पांच टिकटार्थी दिल्ली में डटे हुए हैं हालांकि बैठकों के उपरांत मिलने वाली छोटी-मोटी खबर के अलावा उनके पास दिल्ली में करने लायक कुछ नहीं है।

### दो टिकटार्थियों का रिपोर्ट कार्ड तैयार

**सूत्रों** की मानें तो कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री ने कुल टिकटार्थियों में से दो नाम फाइनल किए हैं। दोनों प्रत्याशियों का एक रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया है। सूत्र बताते हैं कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के लिए सीएम सुक्खू की पहली पसंद देहरा से विधानसभा चुनावों के प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश शर्मा हैं, हालांकि पूर्व मंत्री आशा कुमारी भी बराबर की टक्कर में हैं। सुक्खू को डॉ. राजेश शर्मा की निर्विवादित छवि पर पूरा भरोसा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अंतिम फैसला किस टिकटार्थी पर बनता है।

**सियासत** हिमाचल के अस्तित्व में आने के बाद अब तक दस बार भाजपा का रहा हमीरपुर संसदीय सीट पर कब्जा

# अनुराग के खिलाफ ऊना के युवा चेहरे पर दांव खेल सकती है कांग्रेस

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव-2024 में ऊना जिला से क्षेत्रीय आधार बनाकर कांग्रेस उम्मीदवार तय करने जा रही है। युवा के सामने युवा चेहरा उतारकर चुनाव की रोचकता बढ़ाने का भी प्रयास है। इससे पहले एक बार ऊना से उम्मीदवार का चयन कांग्रेस के लिए फायदेमंद भी रहा है।

उन चुनावों में ऊना के मेजर जनरल विक्रम सिंह ने जीत हासिल की थी। इस बार भी इस सीट पर ऊना से ही पूर्व विधायक को चुनाव मैदान में उतारे जाने के पीछे वजह पुराना इतिहास हो सकता है। हिमाचल में लोकसभा की चारों सीटों में हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र भाजपा का गढ़ बन चुका है। हिमाचल के अस्तित्व में आने के बाद से अब तक करीब दस बार भाजपा ने इस सीट पर कब्जा किया है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस को 1996 में मेजर जनरल विक्रम सिंह ने दिलाई थी जीत



अनुराग ठाकुर का एक उपचुनाव से उनकी पारी का आगाज हुआ था। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 3 बार प्रो प्रेम कुमार धूमल और इतनी बार ही सुरेश चंदेल इस सीट से जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। वर्ष 1967 और 1971 में कांग्रेस का इस सीट पर कब्जा रहा। ऊना जिला के बंगाणा से संबंधित ठाकुर रणजीत सिंह ने 1977 में जनता दल से यहां जीत हासिल की थी। 1980 में वापस हमीरपुर जिले के नारायण चंद पराशर ने दो बार चुनाव जीता और 1989 तक इस सीट से सांसद रहे। 1989 में प्रेम कुमार धूमल ने इस सीट से चुनाव लड़ा और ये सीट पहली बार भाजपा की झोली में डाली और 1991 में चुनाव जीता, लेकिन 1996 में ऊना जिला से संबंधित मेजर जनरल विक्रम सिंह ने इस सीट को जीतकर कांग्रेस को राहत पहुंचाई।

1998 में सुरेश चंदेल चुनाव जीते और 2007 तक सांसद रहे। उनकी सदस्यता रद्द होने पर उपचुनाव हुए उसमें प्रेम कुमार धूमल जीते और एक साल बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के कारण इस सीट पर फिर से उपचुनाव हुआ। अनुराग ठाकुर पहली बार 2008 में इस सीट से सांसद बने। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत का रिकॉर्ड भी अनुराग ठाकुर के नाम है। अनुराग ठाकुर को 6,82,692 मत पड़े और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के राम लाल ठाकुर 2,83,120 मत पड़े जो कि इस सीट पर अब तक का सबसे बड़ा अंतर है।

### आंकड़ों का अध्ययन करके फिर दांव चला

कांग्रेस ने सभी आंकड़ों का अध्ययन करके ऊना जिला पर फिर दांव चला है। कांग्रेस ऊना जिले में विधानसभा के दो उपचुनाव और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में इतिहास बदलने की सोच से आगे बढ़ रही है। अब ऊना से उम्मीदवार का दांव कितना सटीक बैठता है यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

### हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की स्थिति

| वर्ष | सांसद | दल |
|---|---|---|
| 1952 | आनंद चंद | आजाद |
| 1967 | प्रेम चंद वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | नारायण चंद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | ठाकुर रणजीत सिंह | जनता दल |
| 1980 | नारायण चंद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | नारायण चंद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | प्रेम कुमार धूमल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | प्रेम कुमार धूमल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | विक्रम सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1998 | सुरेश चंदेल | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | सुरेश चंदेल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | सुरेश चंदेल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2007 | प्रेम कुमार धूमल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2008 | अनुराग ठाकुर | भारतीय जनता पार्टी |
| 2009 | अनुराग ठाकुर | भारतीय जनता पार्टी |
| 2014 | अनुराग ठाकुर | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अनुराग ठाकुर | भारतीय जनता पार्टी |

### महिला मतदाता

> देश की बहुत बड़ी आबादी गुजारे लाइक वेतन पर काम करती है, ऐसे में सांसदों और विधायकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी देश की एक तिहाई जनता के साथ बेईमानी है। फ्रांस, जर्मनी, बांग्लादेश, पाकिस्तान में भी क्रांति हो चुकी है, बस भारत ही क्रांति की ओर बढ़ रहा है। आने वाले कुछ वर्षों में लोग अपने हकों के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। दिल्ली में किसी भी दल की सरकार बने, मंडी से कोई भी सांसद बने, लेकिन युवाओं को रोजगार को लेकर जो चिंता बनी रहती है उस पर मंथन जरूर करे, ताकि देश की आधी से ज्यादा आबादी ऐसे सांसदों और सरकारों को सलाम कर सके।



शिवानी ठाकुर एमए बीएड (सरकाघाट)

### पुरुष मतदाता

> बेरोजगार रोजगार न मिलने से परेशान हैं। प्रदेश में सरकार बने डेढ़ साल हो चुका है, लेकिन अभी सरकारी नौकरी के लिए युवा भटक रहे हैं । अब मतदाताओं का नेताओं से भरोसा उठने लगा है क्योंकि नेता अपने फायदे के लिए दल-बदल रहे हैं और आम आदमी की आवाज को कुचलना का प्रयास किया जा रहा है ।



अश्वनी कुमार (हमीरपुर)

## हैप्पी बर्थडे



बिंद्रावन (कुल्हार) के दक्ष को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

**अनंत ज्ञान**
**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# हाथ में ग्लब्ज, सिर पर कैप लंगर नेम प्लेट भी लगाएं

## ट्रस्टियों ने किया लंगर भवन का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

- कहा- कोई भी श्रद्धालु बिना लंगर खाए यहां से जाना नहीं चाहिए
- मंदिर के अंदर रखें सफाई व्यवस्था श्रद्धालुओं से करें अच्छा व्यवहार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

सुख की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा निर्देशानुसार व्यवस्था परिवर्तन को ठीक करने की ओर कदम बढ़ाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य एवं माता बज्रेश्वरी मंदिर नगरकोट धाम कांगड़ा के नवनियुक्त ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा ,सदन शर्मा, ने सफाई व्यवस्था के बाद शनिवार को लंगर भवन का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सख्त हिदायतें भी दी कि लंगर व्यवस्था सुचारु ढंग से होनी चाहिए। खाना बनाने में सफाई व्यवस्था का पूरी तरह हाइजीनिक तरीके से हाथ में ग्लब्ज, सिर पर कैप, ड्रेस कोड और लंगर नेम प्लेट होनी चाहिए। लंगर का स्वाद घर की तरह स्वादिष्ट होना चाहिए। कोई भी श्रद्धालु बिना लंगर खाए यहां से जाना नहीं चाहिए। उनके साथ शालीनता से अतिथि देवो भव के व्यवहारिक तरीके से प्यार से बोला जाए। नवनियुक्त ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली एवं समस्त ट्रस्ट के सदस्यों ने सख्त हिदायतें दी हैं की मंदिर परिसर के अंदर या बाहर कहीं भी लोकल या यात्रियों के साथ ऐसा व्यवहार न करें। मेरा सभी से आग्रह है कि श्रद्धालुओं के साथ प्यार से बोला जाए ताकि वे अपने प्रदेशों में जाएं तो एक अच्छा मैसेज लेकर जाएं की हिमाचल के लोग अपनी संस्कृति के साथ-साथ व्यवहारिक तौर पर भी एक अच्छे इंसान हैं। सभी ने कहा कि मंदिर के अंदर सफाई व्यवस्था,लंगर की व्यवस्था और किसी भी गलत तरीके से किए गए गलत कामों के साथ कोई समझौता नहीं होगा। ट्रस्टी अशोक हिमाचली ने बताया कि हमारी पैनी नजर रहेगी मंदिर के अंदर क्या-क्या गतिविधियां हो रही हैं। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर अच्छे कामों की रूपरेखा बनाई जाएगी। मंदिर के अंदर लंगर व्यवस्था के माध्यम से मंदिर ट्रस्ट को आमदनी में बढ़ोतरी होती है। मेरा सभी ट्रस्टियों से विनम्र निवेदन है की कम से कम दो-दो घंटे मां की सेवा के लिए मंदिर परिसर में आए और व्यवस्था को जांचे, जहां-जहां कमी लगती है, कर्मचारी और अधिकारियों के साथ मिल कर व्यवस्था को ठीक करवाने में सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)



व्यवस्था का जायजा लेते नवनियुक्त ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली।

### मुख्य गेट के सामने लगाई जाए समय-सारिणी

ट्रस्टी अशोक हिमाचली ने सह आयुक्त मंदिर एसडीएम कांगड़ा, मंदिर अधिकारी को सुझाव दिया है कि माता बज्रेश्वरी मंदिर मुख्य गेट के सामने नेहरू चौक, जूता शैड में लंगर की समयसारिणी लगाई जाए ताकि श्रद्धालुओं को पता चले की लंगर व्यवस्था की समय-सारिणी क्या है और एक मुख्य गेट पर सुझाव एवं शिकायत पेटी कागज पेन सहित रखी जाए।

## विशाल बने करणी सेना के राष्ट्रीय मंत्री



**गगल।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने अब हिमाचल प्रदेश करणी सेना के अध्यक्ष विशाल भारती को राष्ट्रीय मंत्री की कमान सौंपी है। विशाल भारती ने कहा है कि मुझे इस जिम्मेदारी के काबिल समझा है उसे निभाने के लिए मैं राष्ट्रीय टीम के साथ चलूंगा। मैंने निस्वार्थ भाव से हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर काम किया और आगे भी काम करता रहूंगा। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का धन्यवाद करता हूं की उन्होंने मुझ पर विश्वास रखा और साबित किया की एक छोटा सा कार्यकर्ता भी अगर निस्वार्थ भाव से कार्य करें तो संगठन उसे कभी नजर अंदाज नहीं करता।

# जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में हवन यज्ञ से नए सत्र का आगाज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में हवन यज्ञ कर नए सत्र का आगाज किया गया। कक्षा पांचवीं से जमा दो तक के सभी छात्र-छात्राओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर नए सत्र में लगन से पढ़ने और जीएवी का नाम रोशन करने का प्रण लिया। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने कहा कि नर्सरी से जमा दो तक के सभी छात्र अपनी अगली कक्षाओं में जल्द से जल्द एडमिशन लें। जमा एक मेडिकल, नॉन मेडिकल व कॉमर्स की कक्षा में पढ़ाई शुरू कर दी गई है। दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बैठे छात्र दाखिला ले सकते हैं। छात्र परीक्षा परिणाम का इंतजार न करते रहें। उन्होंने कहा कि स्कूल में हर शनिवार को हवन यज्ञ किया जाएगा।



जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में शनिवार को हवन करते छात्र व अध्यापक।

# भाजपा की शक्ति कार्यकर्ता: होशियार

## भाजपा कार्यालय देहरा में मनाया बीजेपी का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, देहरा**

भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस शनिवार को प्रदेश के 8000 बूथों पर मनाया गया। हालही में बीजेपी में शामिल हुए निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने भाजपा कार्यालय देहरा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया व भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है जो राष्ट्र पहले के मंत्र के साथ जनसेवा में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति कार्यकर्ता है। वहीं होशियार सिंह को बीजेपी में शामिल करने को लेकर नाराज चल रहे रमेश धवाला ने कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। अटकलें लगाई जा रही हैं कि धवाला की नाराजगी बीजेपी को भारी पड़ सकती है। होशियार सिंह ने कहा कि उनके दादा जनसंघ से जुड़े थे और आज वह पार्टी के साथ जुड़े हैं।

रमेश धवाला हमारे आदरणीय हैं उनकी नाराजगी भी जल्द दूर कर दी जाएगी। जहां तक बड़े नेताओं द्वारा धवाला से मिलने का कार्यक्रम है। बड़े नेताओं की लोकसभा चुनाव में व्यस्तता के चलते मिलन नहीं हो पा रहा है। उधर, बीजेपी जिला देहरा के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि शनिवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र के 300 बूथों पर पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें मना लिया जाएगा।



भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### नौ को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**शाहपुर।** फोरलेन निर्माण के दौरान मार्ग के बीच आए श्री काली माता मंदिर का स्थान परिवर्तित कर नजदीक ही एक भव्य नूतन मंदिर में सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में श्री काली माता एवं श्री शिव परिवार के विग्रहों की प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम भव्य नूतन मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। श्री काली माता मंदिर प्रबंधक कमेटी शाहपुर के सदस्य सुनील वर्मा ने बताया कि नौ अप्रैल को सुबह नौ बजे पूजन आरंभ होगा, जो 16 अप्रैल तक चलेगा। नौ अप्रैल को सुबह नौ बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा श्री काली माता मंदिर शाहपुर बाजार से हनुमान मंदिर, कैंटीन चौक, शनिदेव मंदिर, शिव शक्ति मंदिर झुलाड़, 39 मील, रामेश्वर मंदिर से पुनः श्री काली माता मंदिर में विश्राम लेगी और 11 बजे श्री गणपत्यावाहन पूजन एवं सर्वदेव पूजन होगा। 15 अप्रैल सुबह नौ बजे श्री काली माता एवं श्री शिव परिवार मूर्ति प्रतिष्ठा होगी। 16 अप्रैल को भंडारे का आयोजन दोपहर 12:30 से सायं 5:00 बजे तक होगा और रात 9:00 बजे रात्रि से भगवती जागरण होगा।

### जल स्रोतों को रखें साफ-सुथरा: कपिल



समेला में लोगों को जागरूक करते जल शक्ति विभाग के समन्वयक कपिल डोगरा।

**कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा के अंतर्गत समेला पंचायत में जल शक्ति विभाग के समन्वयक कपिल डोगरा ने पंचायत के लोगों को फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण व जल को संरक्षित करने की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से यह आग्रह किया कि जो हमारे प्राकृतिक जल स्रोत है उनको साफ-सुथरा रखें, क्योंकि प्राकृतिक जल स्रोत हमारी धरोहर है।

### गो हत्या बंदी के लिए छेड़ा अभियान




**बैजनाथ।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगदगुरुशंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा संपूर्ण देश में गो हत्या बंदी के लिए देशव्यापी आंदोलन आरंभ किया है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष तथा भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक बलदेव राज सूद ने बताया कि गो रक्षा के इस अभियान के लिए शंकराचार्य ने गोवर्धन (वृंदावन) से संसद भवन दिल्ली तक सैकड़ों गो भक्तों के साथ 15 दिवसीय नंगे पांव पद यात्रा करके देश की सरकारों को संपूर्ण देश में शीघ्र ही गो हत्या बंदी का कानून बनाने तथा गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की है। बलदेव राज सूद ने बताया कि उन्हें भी तीन दिन इस पदयात्रा में रहने का सौभाग्य मिला है। पूज्य शंकराचार्य ने राजनीतिक पार्टियों का गो-गठबंधन बनाया है और कहा है कि जो पार्टी शपथ पत्र द्वारा घोषणा करेगी कि सत्ता में आने पर गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध तथा गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा देगी उनको वोट देने का आह्वान चारों शंकराचार्य करेंगें। अब तक देश भर की 52 पार्टियों तथा भारत गठबंधन जिस में 38 पार्टियां हैं ने कुल 90 पार्टियों ने शपथ पत्र दिए हैं।

### सैन्य सम्मान के साथ दी विदाई



**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां (हटवास) के अमित कुमार जो कि सेना में कार्यरत थे। उनका 42 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। बता दें कि वह अभी लखनऊ में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को छोड़ गए। अमित कुमार का शनिवार को उनके गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# टीबी की दवाई खाने और धूम्रपान करने वाले बीसीजी वैक्सीनेशन के लिए पात्र

## खंड चिकित्साधिकारी डॉ. रूबी ने दी जानकारी, कल से लगाए जाएंगे कैंप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

स्वास्थ्य विभाग नगरोटा बगवां में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज ने पत्रकार वार्ता में टीबी रोग के उन्मूलन के लिए विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण के बारे में जानकारी दी । उन्होंने बताया कि विभाग ने 2025 तक टीबी रोग को खत्म करने का लक्ष्य रखा है जिसके संदर्भ में ही विशेष बीसीजी का टीकाकरण अभियान हिमाचल के छह जिलों में चलाया गया है। इसमें कांगड़ा को भी लिया गया है और टीबी रोग के खात्मे की और कांगड़ा भी विशेष योगदान दे रहा है । डॉ. रूबी भारद्वाज ने बताया कि यह टीकाकरण बच्चों का भी किया जाता है और उन्हें जन्म के समय यह टीका लगाया जाता है , लेकिन टीबी को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए अब यह विशेष रूप से एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का अभियान चलाया गया है। इसमें पिछले पांच वर्षों में टीबी की दवाई खाने वाले, पिछले तीन वर्षों में टीबी रोगी के संपर्क में रहे हो, मधुमेह के रोगी ,धूम्रपान करने वाले और 60 साल से जिनकी आयु अधिक हो, जिनका बॉडी मास इंडेक्स 18 से कम हो वे सभी इस टीकाकरण के लिए पात्र है। खंड नगरोटा बगवां में भी विभिन्न संस्थानों पर यह टीकाकरण किया जाएगा। इसकी जानकारी स्थानीय आशा वर्कर द्वारा सभी को दी जा रही है। 8, 12 और 13 अप्रैल तक विभिन्न जगहों पर कैंप लगाए जाएंगे।



## दाड़ी में आज लगेगा पावर कट

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने बताया कि सात अप्रैल, 2024 रविवार को विद्युत लाइनों की सामान्य रख-रखाव के चलते 11 केवी दाड़ी फीडर के तहत पावर कट रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों दाड़ी, आईटीआई, लोअर व अपर बड़ोल, रेनबो, भटेहड़, पास्सू, मनेड़, कनेड़, सुक्कड़ तथा साथ लगते क्षेत्रों में भी रविवार को प्रात: नौ बजे से सायं छह बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। सहायक अभियंता रमेश चंद ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# मकोल के भंबेड में दुर्गा भवानी मेला नौ अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

ब्लॉक पंचरुखी की मकोल पंचायत के भंबेड गांव में दुर्गा भवानी मेले का शुभारंभ नौ अप्रैल को व समापन 12 अप्रैल को किया जाएगा। तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त अध्यापक रणजीत शास्त्री करेंगे व मेले का समापन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जयसिंहपुर जसवंत ढडवाल करेंगे। दुर्गा भवानी मेला धार क्षेत्र की चार पंचायतों का मुख्य ग्रामीण मेला है। वर्षों पहले इस मेले को बहुत भव्य तरीके से करवाया जाता था। दूर-दूर से व्यायारी सामान बेचने आते थे, लेकिन धीरे-धीरे लोगो ने जहां व्यापारी सामान बेचते थे वहां पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया और मजबूरन यह मेला खत्म होने की कगार पर आ गया था। क्योंकि इस मेले को दुर्गा भवानी के नाम से शुरू किया गया था इसलिए एक फार्मेलिटी के तौर पर कुछ साल इस मेले को स्थानीय पंचायत करवाती रही। पिछले वर्ष से इस मेले की भव्यता को कायम रखने व धार्मिक संस्कृति को जिंदा रखने के लिए धार क्षेत्र के युवा वर्ग ने इस मेले को करवाने का जिम्मा उठाया है। धार क्षेत्र के लोगों ने मेला कमेटी का गठन करके अपने स्तर पर इस मेले को करवाने की शुरुआत की है। मेला कमेटी प्रधान कुलवंत डोगरा ने बताया कि मेले को करवाने में युवा वर्ग का बहुत सहयोग मिल रहा है। डोगरा ने कहा कि मेले में कबड्डी, वॉलीबाल व कुश्तियां भी करवाई जाती है।

# पारस पब्लिक स्कूल भवारना ने मनाया स्थापना दिवस



पारस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में मौजूद अध्यापक व छात्र।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

पारस पब्लिक स्कूल भवारना ने शनिवार को अपना 19वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दौरान अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कक्षा यू केजी और एल केजी के बच्चों ने नृत्य पेश किया। कक्षा चौथी और पांचवीं के बच्चों ने सरस्वती वंदना की। बच्चों ने मनमोहक व आकर्षक गीत गाकर समा बांध दिया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्य नीलम राणा ने सभी को 19वें स्थापना दिवस की बधाई दी। इस खुशी के अवसर पर सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को मिष्ठान वितरित किए गए।

# मतदान करने के लिए प्रेरित किए लोग

## मतदान केंद्र कलांगन में स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

आगामी संसदीय चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम स्वीप टीम नूरपुर द्वारा नूरपुर एसी 06 के दूर के मतदान केंद्र कलांगन के दौरे के दौरान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरी जिम्मेदारी का नारा एसडीएम कम एआरओ नूरपुर गुरसिमर सिंह के योग्य मार्गदर्शन और निर्देशों के तहत टीम इस दूर स्थित पोलिंग बूथ पर पहुंची। स्वीप टीम नूरपुर के नोडल अधिकारी वरुण शर्मा ने स्थानीय मतदाताओं को चुनावों को उत्सव के रूप में मनाने और अपने बूथ पर अधिकतम मतदान प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया। नोडल अधिकारी ब्रिजेश पठानिया ने स्थानीय ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने उन्हें जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। नूरपुर क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

स्वीप गतिविधि में नोडल अधिकारी ब्रिजेश पठानिया, एवीआरओ करतार सिंह, बूथ लेवल अधिकारी अशोक सहित अन्य अधिकारी अजय कुमार, भूपिंद्र सिंह ने भी हिस्सा लिया।




मतदान केंद्र कलांगन में आयोजित शिविर के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

## पपरोला में 144 शोधार्थियों ने शोध पत्र पढ़े

**बैजनाथ।** राजीव गांधी आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के प्राचार्य डॉ. विजय चौधरी ने कहा कि संस्थान में राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार के आयोजन के लिए निदेशक आयुर्वेद डॉक्टर निपुण जिंदल और सचिन आयुर्वेद संदीप कदम का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस प्रकार के आयोजन से वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को ख्याति प्राप्त होगी। उन्होंने शोधार्थियों को इस सेमिनार में शोध पढ़ने के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मेलन में कुल 144 शोधार्थियों ने शोध पत्र पढ़े।

**कैंप** डाडासीबा के नंगल चौक में आईएमआई नोएडा ने लगाया करियर सेमिनार

# युवतियों को रोजगार देना प्राथमिकता: संजय

**सालविया शर्मा, गरली**

नेशनल शिपिंग बोर्ड के पूर्व सदस्य कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि वह जसवां-परागपुर और प्रदेश में नारी सशक्तिकरण को लेकर धरातल पर काम कर रहे हैं और उनके घर-द्वार पर ही विश्व स्तरीय नौकरियां लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम अब सामने भी आने लगे हैं और क्षेत्र की कई युवतियां समुद्र में जहाज की नौकरी कर रही हैं।

यह बात उन्होंने शनिवार को डाडासीबा के नंगल चौक में आईएमआई नोएडा द्वारा करियर के अवसर विषय पर आयोजित गाइडेंस सेमिनार में कही। पराशर ने कहा कि आज महिलाएं स्वयं को हर क्षेत्र में साबित कर रही हैं। बड़ी बात यह भी है कि आईएमआई जैसा प्रतिष्ठित संस्थान मर्चेंट नेवी में पढ़ाई और रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है।

रोजगार और महिला सशक्तिकरण को लेकर विजन के तहत कार्य कर रहे हैं। इस बारे में युवतियों को अपने क्षेत्र में ही मर्चेंट नेवी के बारे में पर्याप्त जानकारी मिले और इस नौकरी को पाने के लिए बाहर की दौड़ न लगानी पड़े। इस कारण नियमित अंतराल पर ऐसे मार्गदर्शन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। करियर को चुनने के लिए युवतियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा और साथ में जॉव प्लेसमेंट का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। आईएमआई से यहां पहुंचे करियर विशेषज्ञ दलीप ने सेमीनार में करियर के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने मर्चेंट नेवी के महत्व, मर्चेंट नेवी में करियर की संभावनाएं और प्रवेश प्रक्रिया सहित तमाम पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस मार्गदर्शन शिविर में आईएमआई की विशेषज्ञ सपना चौधरी ने कहा कि मर्चेंट नेवी लड़कियों के लिए रोजगार का सर्वोत्तम विकल्प है।

मर्चेंट नेवी का कोर्स कर रही युवतियों में संसारपुर टैरेस से अंकिता व पट्टी गांव की कोमल ने बताया कि कुछ समय पहले आयोजित सेमीनार में उन्हें करियर बनाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई थी और संजय पराशर के मार्गदर्शन के बाद शीघ्र ही समुद्री जहाज पर नौकरी करने जा रही हैं।



डाडासीबा के नंगल चौक में आयोजित सेमिनार में मौजूद लोग।

# धार्मिक गुरु दलाई लामा को जिस टी सेट से करवाया चायपान वह बना गया धरोहर

**अनिल शर्मा, मंडी**

भाग–8

अनंत ज्ञान स्पैशल

गुलाब सिंह के परिवार के पास है 1957 का तिब्तियन टी सेट

वर्ष 1957 में रानी अमृत कौर पार्क का उद्घाटन करने मंडी आए धार्मिक गुरु दलाई लामा से बहुत सी स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। इनमें से एक वह तिब्तियन टी सैट भी है, जिससे दलाई लामा को चाय पाय करवाया था। यह टी सेट गुलाब सिंह के परिवार ने आज भी धरोहर के रूप में संभाल कर रखा है।

दलाई लामा के आदर सत्कार में जिन वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया था, उनकी स्थानीय प्रशासन ने चैरिटी के लिए सार्वजनिक नीलामी कर दी थी। इस तिब्तियन टी सैट को गुलाब सिंह से अधिकतम बोली लगाकर खरीद लिया था। इस पर बहुत ही सुंदर और अद्भुत बारीक तिब्तियन कलाकारी हुई है। इसको अभी भी संजो कर रखा गया है, हालांकि इसका उपयोग दलाई लामा के प्रस्थान के दौरान कभी नहीं हुआ, लेकिन यह आज भी इतिहास को समेटे हुए है। वर्तमान में इसे नवीन बहल संभाल रहे। (अनंत ज्ञान)



तिब्तियन टी सेट, जिससे दलाई लामा को करवाया था चाय पान।

## 90 के दशक में दलाई लामा आए थे मंडी

**मंडी** पीडिया के फाउंडर विनोद बहल ने बताया कि टारना में लगी उद्घाटन पट्टिकाएं आज भी इतिहास की गवाह बनी हुई हैं। इसके साथ ही 90 के दशक में दलाई लामा पुनः मंडी आए थे और सेरी मंच पर श्रोताओं को संबोधित करते हुए बाबा कोट भवन की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह भवन बहुत पहले भी ऐसा ही था और आज भी वैसा ही है।

## मंडी राजा के विश्राम गृह में हुआ था आदर-सत्कार

बौद्ध धर्म के अनुयाई टारना देवी को तारा देवी बोधिसत्व के रूप में मानते हैं। हालांकि मंदिर के गर्भगृह में श्यामाकाली की मूर्तियां स्वयंभू प्रतिष्ठित हैं, लेकिन पहाड़ी का नाम टारना ही है, जो बौद्ध धर्म से भी संबंध स्थापित करती हैं। टारना में जहां दलाई लामा का आदर सत्कार किया गया, वह मंडी के राजा का विश्राम गृह हुआ करता था। आजकल यह केंद्र सरकार की संपत्ति है और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अधीन है। दलाई लामा राजा जोगिंद्र सेन के अतिथि भी रहे, उन्होंने खुआ रानी मंदिर में जाकर दर्शन किए थे, जिन्हें बौद्ध अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं।



दलाई लामा और पंचन लामा व प्रशासनिक अधिकारी।

## रिवालसर में भी दिया था संबोधन

प्रो. हर्ष कुमार ने बताया कि दलाई लामा व पंचन लामा मंडी के पश्चात रिवालसर गए थे। रिवालसर में शामियाना लगाकर लोगों को संबोधित किया था। उप राज्यपाल बजरंग बहादुर और राजा जोगिंद्र सेन भी उपस्थित थे। चूंकि मेरे पिताजी उस समय उप राज्यपाल के सचिव थे, तो हमारा परिवार भी साथ ही था। उनकी तिब्बत वापसी के बाद चीन ने आक्रमण कर पंचन लामा का अपहरण कर लिया।

# सामान्य वर्ग कल्याण समिति की बैठक आज

**मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हिमाचल की जिला मंडी इकाई की कार्यकारिणी की बैठक 7 अप्रैल साढ़े 11 बजे माधो राय मंदिर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश गुलेरिया करेंगे। शक्ति चंद चौहान प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सीता राम वर्मा और परम देव वरिष्ट उपप्रधान शिरकत करेंगे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष शक्तिचंद चौहान ने दी।

# युवती का शव बरामद

**चंबा ।** एक माह पूर्व गायब साहो के कीड़ी निवासी युवती का शव चमेरा जलाशय से बरामद हुआ है। शव की पहचान 22 वर्षीय काजल पुत्री देवराज निवासी गांव कीड़ी तहसील व जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने लोगों के सहयोग से शव को चमेरा जलाशय से निकालने के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा लाया, जहां पर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिल्बधानि में किए मतदाता जागरूक




**पधर।** नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा ने बताया की द्रंग विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र चौहार घाटी के ग्राम पंचायत शिल्बधानि के स्वार में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि लोगों को जानकारी दी गई कि लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र और 40 से अधिक विकलांगता वाले वोटरों को घर से वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।

### 17 हजार मिलीलीटर अवैध शराब की बरामद

**सुंदरनगर ।** बीएसएल पुलिस थाना की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में 17 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में बीएसएल पुलिस थाना की टीम चौगान क्षेत्र में गस्त दौरान रवी कुमार पुत्र हरी लाल गांव मालपुर डाकघर किडी खुर्द तहसील पठानकोट के चिकन कॉर्नर की तलाशी ली, तो उससे 12 हजार मिलीलीटर शराब बरामद की गई। दूसरे मामले में पुलिस चौकी निहरी की टीम ने प्रेमी देवी पुत्री दलीप सिंह गांव बाजुरी डाकघर निहरी के रिहायशी मकान से 5 हजार मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



**जोगिंद्रनगर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर मंडल भाजपा जोगिंद्रनगर द्वारा ग्राम पंचायत गलू के दुल खिल गांव में मंडल अध्यक्ष अजय सकनाली की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक प्रकाश राणा सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर एक दोपहियां रैली का भी आयोजन किया गया।

### कंगना के अंगना में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**मंडी।** सरकाघाट के भांबला में स्थानीय क्षेत्र की महिलाओं ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के घर पर भाजपा का 44वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कंगना रनौत की अनुपस्थिति ने उनके पिता अमरदीप रनौत और माता आशा रनौत ने भाजपा का झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

### फिर बनेगी भाजपा सरकार : राकेश जम्वाल



**सुंदरनगर ।** भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर प्रदेश प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने जिला कार्यालय सुंदरनगर में ध्वजारोहण के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत करते विधानसभा क्षेत्र के देवही, जंवला व डैहर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया व भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 44 सालों में भाजपा हर कसौटी को पार कर आज देश की नंबर एक पार्टी बन गई है, वहीं इस फिर भाजपा की सरकार बनेगी।

### सरकाघाट भाजयुमो ने निकाली बाइक रैली



**सरकाघाट।** विधानसभा के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बाइक रैली निकाली। इस रैली में सैंकड़ों युवाओं ने मोटरसाइकिल पर झंडे व बैनर सहित प्रधानमंत्री मोदी एवं मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना राणौत के पक्ष में नारे लगाएं। यह रैली सरकाघाट बाजार से बलद्वाड़ा तक निकाली गई। इस रैली में मुख्य रूप से विधायक दलीय ठाकुर ने बाइक पर सवार होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नई शिक्षा नीति लागू करना सही नहीं : बनीता सकलानी

# 600 प्राध्यापकों व 40 पद प्राचार्यों के खाली

## केंद्र से फंड प्राप्ति के लिए सरकार लागू कर रही नई शिक्षा नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

वल्लभ महाविद्यालय में हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संगठन की अध्यक्षा वनीता सकलानी एवं अन्य पदाधिकारियों ने हिमाचल सरकार द्वारा आने वाले शैक्षणिक सत्र से नई शिक्षा नीति को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

इस दौरान उन्होंने को बताया कि प्रदेश सरकार ने नीति के आवश्यकता अनुरूप शिक्षण संस्थानों के मूलभूत संरचना में परिवर्तन एवं महाविद्यालय के शिक्षकों को विश्वास में लिए बिना ही नई शिक्षा नीति को लागू करने की घोषणा कर दी है, जिसका प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था एवं भावी पीढ़ी पर प्रभाव पड़ेगा। संगठन का मानना है कि प्रदेश के महाविद्यालयों में अभी भी आधारभूत ढांचे की भारी कमी है और अभी तक लगभग 600 पद प्राध्यापकों के एवं 40 पद महाविद्यालय प्राचार्यों के रिक्त पड़े हुए हैं। दूसरी ओर शिक्षण संस्थानों में आवश्यक भवन और अन्य मूलभूत आधुनिक सुविधाओं की भारी कमी है। बनीता सकलानी ने बताया कि इस क्षेत्र में सरकार के प्रयास अपर्याप्त ही नहीं बल्कि शून्य हैं। उन्होंने कहा कि सरकार केवल आनन-फानन में केंद्र सरकार से 200 करोड़ का फंड प्राप्त करने की इच्छा मात्र रखती है।

इस संदर्भ में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के द्वारा अब तक न तो पाठ्यक्रम का और संबंधित पाठ्य पुस्तकों को उपलब्ध करवाया गया है और न ही प्राध्यापकों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आवश्यक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम, पाठ्य-पुस्तकों व आधारभूत ढांचे के बिना नई शिक्षा नीति को लागू करने का परिणाम ठीक वैसा ही होगा जैसा कि पूर्व में लागू की गयी रूसा नीति का हुआ है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बनीता सकलानी और उनके सहयोगी शिक्षक।

### नई शिक्षा नीति स्ट्रीम लेस होगी

नई शिक्षा नीति स्ट्रीम लेस होगी जिसमें साइंस, कॉमर्स, और आर्ट का विद्यार्थी किसी भी स्ट्रीम से संबंधित विषय को पढ़ सकता है और साथ ही में एक ही क्लास में तीन तरह के विद्यार्थी पढ़ेंगे जिसमें जो पोस्ट ग्रेजुएशन करना चाहता है उसका 4 साल का कोर्स होगा और जो सिर्फ ग्रेजुएशन करना चाहता है उसका 3 साल का कोर्स रहेगा। साथ ही नई शिक्षा नीति में सेमेस्टर सिस्टम में एग्जाम लिए जाएगें।

# मंडी जिले में पांच स्थान मतगणना के लिए प्रस्तावित



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिले में पांच स्थान मतगणना के लिए प्रस्तावित किए गए हैं, जहां पर लोकसभा चुनावों के मतों की गिनती की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि करसोग (अजा), सुंदरनगर, सराज और नाचन (अजा) विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती के लिए जवाहर लाल नेहरु इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर और द्रंग विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर, मंडी और बल्ह विधानसभाओं की राजकीय पीजी कॉलेज मंडी और धर्मपुर और सरकाघाट विधानसभाओं की राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में मतगणना केंद्र प्रस्तावित किए गए है। आईटीआई मंडी का परीक्षा केंद्र इटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट मतों की गिनती के लिए प्रस्तावित किया गया है।

बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में किया गया था। उन्होंने बताया कि पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट को स्टोर करने के लिए जवाहर लाल नेहरु इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर, डिग्री कालेज सरकाघाट, जोगिंद्रनगर और पीजी कॉलेज मंडी में स्ट्रांग रूम बनाए जाने भी प्रस्तावित हैं।

ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बेल के इंजीनियरों द्वारा फर्स्ट लेवल चेकिंग कर ली गई है। इन ईवीएम की 2 मई को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सॉफ्टवेयर द्वारा रैंडमाइजेशन की जाएगी।

## पांगना की 45 वर्षीय महिला दो दिन से लापता

**करसोग ।** थाना करसोग के तहत पांगना की 45 वर्षीय महिला पिछले दो दिनों से लापता है। वहीं शनिवार को महिला के लापता होने की रिपोर्ट परिजनों ने पुलिस को दी है। जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वहीं डीएसपी करसोग दत्तात्रेय वर्मा ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में प्रेमलता गुप्ता पत्नी टेक चंद गुप्ता उम्र करीब 45 वर्ष निवासी पांगणा, करसोग वीरवार चार अप्रैल से लापता है। महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## भाजपा का आधार निस्वार्थ व कर्मठ कार्यकर्ता : दीप राज

**करसोग।** भाजपा विधायक दीप राज ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं से कहा कि हम रहे या रहे पर संगठन हमेशा रहता है और हमारा सारा वजूद कार्यकर्ताओं से है। इसलिए कार्यकर्ताओं के लिए हमारा तन, मन व धन समर्पित। करसोग विधानसभा में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।भाजपा मंडल व सभी मोर्चों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# नहीं रहे 1962, 65 व 1971 युद्ध के जांबाज हवलदार रामचंद्र



हवलदार रामचंद्र को अंतिम सलामी देते हुए ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

1962, 1965 और 1971 की लड़ाई के डोगरा रेजीमेंट के हवलदार रामचंद्र का आज चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। उनका शव उनके पैतृक गांव ग्राम पंचायत रखोह के हरलोट गांव में लाया गया, जहां पूरे सैंय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में सरकाघाट भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यारचंद बनयाल, कैप्टन रघुवीर सिंह, कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन प्रताप सिंह आदि ने अंतिम संस्कार किया।

# हिमाचल में पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दे रहा वन्य जीवन : राजीव

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल में वन्य जीवन इकोसिस्टम के साथ पर्यटन व्यवसाय को भी बढ़ावा देता है। टूरिज्म साथ वन संरक्षण की जानकारी देने से एक नई पहल शुरू की जा सकती है। यह बात वन विभाग के प्रधान मुख्य अरण्यपाल राजीव कुमार ने दी।

इस मौके पर उन्होंने प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में हिमाचल के 12 वन वृतों से आए 54 वन रक्षकों के विधिवत दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कोर्स की अवधि 6 माह रही और इस बार अकादमी से वन रक्षकों का 34वां बैच अपना प्रशिक्षण पूरा कर अपने कार्य क्षेत्र में चले गए हैं।

राजीव ने कहा कि प्रदेश में विभाग के लिए वनों का अवैध कटान हमेशा चिंता का विषय रहा है। विभाग का वनों के अवैध कटान के साथ सख्ती से निपटने के लिए भरकस प्रयास किए जाते हैं।

वन रक्षकों के प्रशिक्षण कोर्स में अभिषेक चौधरी ने सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षु बनकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक प्रदेश वन विभाग के हमीरपुर सर्किल के फॉरेस्ट डिविजन ऊना में बतौर वन रक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रशिक्षण कोर्स में अभिषेक चौधरी को एक स्वर्ण और 2 रजत पदकों के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। वहीं इस मौके पर अभिषेक चौधरी ने कहा कि वन प्रशिक्षण अकादमी में 6 माह के कोर्स के शिक्षकों ने अच्छा प्रशिक्षण दिया गया। (अनंत ज्ञान)






वन विभाग के अधिकारी सामूहिक चित्र में व (नीचे) बैस्ट कैडिट को सम्मानित करते हुए।

# मतदाता का पंजीकरण करवाना जरूरी

**अनंत ज्ञान, करसोग**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 26-करसोग विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए डिग्री कॉलेज करसोग में बूथ लेवल अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राज कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए वोटर लिस्ट में मतदाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा। सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करें, कि एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में पंजीकरण करवाने से नहीं छूटना चाहिए।

एक जून, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत सभी बीएलओ अपने पोलिंग स्टेशनों में मतदान से पूर्व, निर्धारित समय में मतदान संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ले ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान क्षेत्र में 61 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की जानी है। वेब कास्टिंग के लिए मतदान केंद्रों में आने वाली वैब कास्टिंग टीमों का भी सभी बीएलओ पूर्ण सहयोग करते हुए प्रभावी वेब कास्टिंग सुनिश्चित करेंगे।



बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम करसोग राज कुमार व अन्य।

## योग से दिया जाएगा मतदान का संदेश

**मंडी ।** सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रोजाना कार्य किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी मे एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन 9 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के सीएपीओ अशोक कुमार ठाकुर तथा अधीक्षक पंकज योग क्रियाएं करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है वैसे ही स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है।

# संपति देवी कॉलेज बिजनी की छात्राओं ने लगाया जांच कैंप




सामूहिक चित्र में टांडू पंचायत प्रधान और कॉलेज कि छात्राए और स्थानीय महिलाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदर हल्के के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टांडू में संपति देवी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने निशुल्क शिविर को आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की वहीं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी दी। कार्यक्रम के समापन में पहुंचे स्थानीय प्रधान शुभम शर्मा ने नर्सिंग कॉलेज छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच के साथ साथ स्वास्थ्य बारे जानकारी भी जानकारी प्रदान की और शिविर के सफल होने पर बधाई प्रेषित कर उपस्थित जनता को स्वच्छ व स्वस्थ रहने की अपील भी की।

## विधायकों पर की गई तीखी टिप्पणी सही नहीं : राकेश

**मंडी ।** भाजपा मंडी जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू के व्यवहार को लेकर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि चुने हुए विधायकों के खिलाफ जिस प्रकार की घटिया और ओछी बयानबाजी मुख्यमंत्री कर रहे हैं वो उन्हें इस पद पर शोभा नहीं देती है।

उन्होंने कहा कि जब से राज्यसभा चुनाव हुए हैं तब से मुख्यमंत्री अपने पद की गरिमा का भी ख्याल न रखकर बयानबाजी कर रहे है। कभी वे अपने बागी विधायकों को मेंढक और कभी काला नाग कहते सुने गए और अब हताशा में भाजपा में शामिल हो चुके विधायक देवेंद्र भुट्टो के खिलाफ अभद्र और निंदनीय भाषा का प्रयोग कर अपने पद की गरिमा को तार तार कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि वे भूल चुके हैं कि वे भी विधायक से ही आज मुख्यमंत्री बने हैं। ये उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है कि अब उनके व्यवहार में अचानक ओछापन आ गया है।

परामर्श

## एसिडिक को संतुलित करने के लिए एल्कलाइन भोजन खाना जरूरी

# भोजन में संतुलित करें एसिडिक और एल्कलाइन पदार्थों की मात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की ओर से कुछ खास टिप्स बताए गए। इस संबंधी आर्ट ऑफ लिविंग जिला मंडी की मीडिया प्रभारी माया वर्धन ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का कहना है कि हम लोग जो भोजन करते हैं वह बहुत ज्यादा एसिडिक होता है। इसको संतुलित करने के लिए हमें एल्कलाइन भोजन करना जरूरी है।

हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम जो खाते हैं उसमें क्या एसिडिक है और क्या एल्कलाइन है। हम जितना अनाज खाते हैं वह सब एसिडिक हो जाता है और हम जो सब्जी खाते हैं वह एल्कलाइन होती है। आपको रोज एल्कलाइन पानी पीना चाहिए।

### ऐसे बनता है एल्कलाइन

**इसके** लिए एक जग में एक लीटर पानी रखें, उसमें दो-चार छोटे-छोटे खीरे के टुकड़े और नींबू के दो छोटे-छोटे पीस पानी में डाल दें। उसको रातभर रहने दें। सुबह तक वह पानी एल्कलाइन हो जाता है। हम एक-डेढ़ दिन तक उस पानी को पी सकते हैं। आप सुबह खाली पेट एल्कलाइन पानी पी सकते हैं। यह भोजन के तुरंत पहले और तुरंत बाद नहीं पीना चाहिए।

दिन में भोजन करने के दो घंटे बाद थोड़ी मात्रा में एल्कलाइन पानी पीया जा सकता है। इस तरह से हमारा ब्लड एल्कलाइन होने लगेगा। ब्लड एल्कलाइन होता है तो ब्लड सरकुलेशन अच्छा होता है। इसके सेवन से आप देखेंगे कि आपके जोड़ों का दर्द, सिरदर्द यह सब दूर हो जाएगा।

## डीएवी स्कूल सुंदरनगर में मनाया स्वास्थ्य सप्ताह

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

स्वास्थ्य मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उत्तम स्वास्थ्य के कारण मनुष्य जटिल से जटिल कार्य सरलता से कर लेता है। डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर शिक्षा के विद्यार्थियों को उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी सक्रिय भूमिका निर्वहन करता है। हेल्थ क्लब की सदस्य व अध्यापिका आशा शर्मा द्वारा संतुलित आहार का महत्व समझाया।

वहीं हेल्थ क्लब की समन्वयक प्रोमिला गुलेरिया ने उत्तम स्वास्थ्य तथा वेदों में बताए गए स्नान के महत्व की जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य मोहित चुग ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे उत्तम धन है।



बच्चों को हाथ धोना सिखातीं अध्यापिकाएं।

## चुनावी व्यय में जुड़े भाजयुमो की बाइक रैलियों का खर्च : चमन राही

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही व वाल्मिकि समाज सुधार समिति के चंद्रवीर कागरा ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को प्रदेश भर में मंडल स्तर पर भाजयुमो द्वारा निकाली गई बाइक रैलियों का फिजूल खर्च बताते हुए इसके चुनावी खर्च में जोड़ने की मांग की है।

चमन राही ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वित्तीय तौर पर अत्यधिक आत्मनिर्भर राजनीतिक पार्टी के तौर पर स्थापित हो गई है। इसके चलते बाइक रैलियों पर पैट्रोल के लिए जो खर्च किया जा रहा है वह उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाना चाहिए। भाजयुमो द्वारा प्रदेश के 68 मंडलों में बाइक रैली का आयोजन किया गया है।

परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि इतनी सारी बाईकें बिना तेल से तो चल नहीं सकती, ऐसे में इनमें जो तेल उपयोग किया गया उसका खर्चा कहीं ना कहीं से तो अवश्य किया गया है। इसलिए यह खर्चा उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे में जोड़ा जाना चाहिए। चमन राही ने कहा कि यह आचार संहिता का उल्लंघन है, इसलिए इसके चुनावी खर्च में जोड़ा जाना चाहिए।

# बढ़ती आउटस्टैंडिंग पर बिजली बोर्ड की उपभोक्ताओं को चेतावनी

## एक सप्ताह में पैसे जमा नहीं करवाने पर कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर**

बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता कार्यालय मुबारिकपुर के अंतर्गत डोमेस्टिक और कमर्शियल उपभोक्ताओं के पास विभाग के करीब 50 लाख की आउटस्टैंडिंग हो चुकी है। इसके चलते विभाग ने कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है। विभागीय अधिकारी का कहना है की यदि एक सप्ताह के भीतर ऐसे उपभोक्ताओं ने पैसे जमा नहीं करवाए, तो बिना कोई नोटिस दिए उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार विभाग की करीब 36 लाख राशि जल शक्ति विभाग के पास बकाया पड़ी है। इसी तरह सरकारी स्कूलों, घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं के पास करीब 14 लाख की राशि फंसी पड़ी है। इस राशि को करीब एक वर्ष से भी अधिक का समय हो चला है। यह सारी राशि मुबारिकपुर स्थित सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय के अधीन पड़ते गांव घेवट बेहड़, कलरूही, मुबारिकपुर, भंजाल, कुनेरन, कोहाड़छन, जीतपुर बेहड़ी, रामनगर नकडोह, अंबलेहड़, बनेहड़ा आदि गांवों के उपभोक्ताओं की बकाया रहती है। एसडीओ धर्मपाल ने बताया की विभाग की करीब 49 लाख की राशि विभाग के खाते में बकाया है। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर पैसे जमा नहीं हुए तो कनेक्शन काटने शुरू कर दिए जाएंगे। यदि उपभोक्ता पुन: कनेक्शन लेना चाहेगा तो उसे विभाग के खाते में 250 रुपए जमा करवाने पड़ेंगे।




## नवरात्र मेले में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में विशेष व्यवस्था, बिना पर्ची नहीं होंगे दर्शन

**ऊना।** श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान लोगों की सुविधा और सुचारु कानून व्यवस्था के लिए 9 से 17 अप्रैल तक विशेष व्यवस्था लागू रहेंगी। इसे लेकर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक मेले के दौरान कानून व्यवस्था में तैनात जवानों को छोडकर किसी भी व्यक्ति द्वारा हथियार लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जतिन ने बताया कि नवरात्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों द्वारा लाउड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। मेले के दौरान ब्रॉस बैंड्ए ड्रम, लंबे चिम्टे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है, तो उन्हें पुलिस द्वारा स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा, साथ ही इस दौरान पॉलीथिन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। खुले में और सड़क किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा और आतिशबाजी इत्यादि की भी अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने कहा कि मेलावधि के दौरान माता श्री चिंतपूर्णी जी के दर्शनार्थ बनाए गए पंजीकरण काउंटर पर पर्ची लेना अनिवार्य रहेगा। श्रद्धालु बिना पर्ची माता श्री चिंतपूर्णी जी के दर्शन नहीं कर सकेंगे।

## मुख्यमंत्री हार देख बौखलाहट में कर रहे बयानबाजी : चैतन्य

**अंब।** गगरेट भाजपा मंडल ने भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री को सरकार जाने का आभास हो गया है। अब वह अनाप-शनाप बयानबाजी करने लगे हैं। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम से पूर्व वह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शनिवार को चैतन्य शर्मा की अगुआई मे चलेट मे भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष राजीव राजू, जिला पार्षद सुशील कालिया, कांगड़ा बैंक के निदेशक पवन नंबरदार, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, विजय चौधरी, सतीश शर्मा, सुदेश ठाकुर, अजय ठाकुर, जॉनी ठाकुर इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओ को भाजपा के स्वर्णिम इतिहास से रू-ब-रू करवाया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने बीजेपी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रशाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहित सभी महापुरुषों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की शपथ ली। सुशील कालिया ने कहा कि एक छोटे से संगठन भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को जाता है। चैतन्य ने चेताया कि अगर मुख्यमंत्री बयानबाजी पर रोक नहीं लगाते हैं, तो सुधीर शर्मा की तरह कानूनी कार्रवाई अमल मे लाएंगे।


चलेट में चुनावी कार्यालय का शुभारंभ करते चैतन्य शर्मा।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से इशिका राणा प्रथम, अंशिका द्वितीय

## वशिष्ट पब्लिक स्कूल में 'कलर द पिक्चर' प्रतियोगिता आयोजित


वशिष्ट पब्लिक स्कूल में कलर द पिक्चर प्रतियोगिता में विजेता छात्रों के साथ स्कूल प्रबंधक और स्टाफ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से कक्षा चौथी के बच्चों ने 'कलर द पिक्चर' प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

'कलर द पिक्चर' प्रतियोगिता में स्टोबेरी ग्रुप में कक्षा प्रथम से, अवनी शर्मा प्रथम, रिया द्वितीय तथा वीर चौहान व शोरबी वशिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से, आयुष वशिष्ट प्रथम, देवांश धीमान द्वितीय तथा सूर्यांश राणा तृतीय स्थान पर रहे। 'कलर द पिक्चर' प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप में कक्षा तीसरी से अकीरा दीप प्रथम, ईशान पटियाल व अमायरा द्वितीय तथा रिद्धिका तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से वरुण पुंडीर प्रथम, शौर्य रणौत द्वितीय तथा वनिका व प्राकशी राणा तृतीय स्थान पर रहे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से इशिका राणा प्रथम, अनुसूया द्वितीय तथा अंशिका जसवाल व सानिया तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से मनमीत प्रथम, दिव्यांश कुमार व मन्नत शर्मा द्वितीय तथा अमोदिता भारद्वाज व तमन्ना साहू तृतीय स्थान पर रहे। मैलन ग्रुप से शीतल मान प्रथम, हर्षिता द्वितीय तथा इशिका व ईशान बोंसरे तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एक्सपोजर विजिट के लिए छात्रा का चयन



**दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली की बाहरवीं कक्षा की व्यवसायिक विषय की छात्रा बंदना का चयन जयपुर को जाने वाले एक्सपोजर विजिट के लिए हुआ है। रिटेल विषय के प्रशिक्षक नितेश राणा ने बताया कि टूअर के दौरान विद्यार्थी व्यवसायिक विषय एवं स्वयं रोजगार से संबंधित जानकारी जुटाएंगे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट ने कहा कि इन विषयों को आपकी शिक्षा में इसलिए शामिल किया है, ताकि आप अपनी शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक शिक्षा भी ग्रहण करें और किसी व्यवसाय में भी निपुण हो जाएं और छात्रों को नौकरी पाने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि इन कार्यशालाओं में छात्र-छात्राओं को प्रेक्टिकल के साथ साथ तकनीकी तौर पर भी मजबूत बनाया जाता है। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, इंद्रजीत, सुरजीत, गुरबक्श, शक्ति देवी, आशा, सोना देवी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### बर्थ-डे पर मुख्यमंत्री राहत कोष में दान की गुल्लक


मानसी राणा

**ऊना।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की छात्रा मानसी राणा पिछले पांच वर्षों से अपने जन्मदिन के मौके पर अपनी गुल्लक का सारा पैसा मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करती चली आ रही है। इस वर्ष भी मानसी ने अपने जेब खर्च बचाकर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेजा है। 2020 में करोना काल के दौरान लाकडाउन लगने से जहां जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था, वहीं पर मानसी राणा ने अपना जन्मदिन न मनाने का मन बना लिया और कहा कि मैं अपनी गुल्लक का सारा पैसा मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करूंगी। तब से लेकर आज तक हर वर्ष मानसी राणा अपनी गुल्लक मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवा देती है। वहीं, पर इस बार भी मानसी राणा ने जिलाधीश महोदय ऊना के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में दान भेजा। इसके अलावा पिंगलबाडा होशियारपुर, इंडियन हैल्पिंग हैंड्स, हिमाचल हैल्पिंग हैंड्स, देवभूमि फाउंडेशन संस्थाओं को सहायता राशि प्रदान करती रहती है।

### ऊना अस्पताल परिसर में किया पौधरोपण


पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सीएमओ अन्य स्टाफ व स्कूली बच्चों के साथ।

**ऊना।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ऊना की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के असंतुलन से हमें कई तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए ऐसे पौधरोपण अभियान बहुत जरूरी हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य खंडों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, समस्त कार्यक्रम अधिकारी, अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस पौधरोपण कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (लड़के व लड़कियां) ऊना के अध्यापक वर्ग व बच्चों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत 75 पौधे लगाए गए।

### वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया

**मुबारिकपुर।** मुबारिकपुर बाजार में हर वर्ष की भांति इस साल भी शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह जानकारी कमेटी के सदस्य मिंटू ठाकुर और रविकांत ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह भजन-कीर्तन और आहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से इसका आयोजन किया गया और सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री कृष्ण-रुक्मणि के विवाह पर झूमा पंडाल


कथा व्यास के साथ आयोजक और श्रद्धालु।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की सोहारी के गांव पलोह में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान द्वारिकाधीश और रुक्मणि का बड़े हर्षोउल्लास के साथ विवाह हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान के बाराती बनकर खूब भांगड़ा डाला और गुलाल उड़ाया। कथा वाचक वेद पुरुष आचार्य अतुल कृष्ण महाराज जी ने भगवान श्री द्वारिकाधीश और रुक्मणी विवाह की कथा का रसपान करवाया। ऐसा लग रहा था कि पूरा पलोह गांव मानो मथुरा वृंदावन ही बन गया हो । आज छठे दिन की कथा दौरान भागवत के कई अध्यायों का वर्णन आचार्य श्री अतुल कृष्ण महाराज जी ने बड़ी सरलता से किया जिसमें उन्होंने गोवर्धन लीला के बारे में बताय। आज हजारों की तादाद में लोग भागवत कथा को सुनने के लिए पहुंचे। इसमें इलाके के सुप्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी सतिन्द्र शास्त्री चौकीमनियार भी उपस्थित थे। इसके अलावा त्रिशला, ऊषा, राज, अश्वनी, रमेश शर्मा, आदर्श बाला, सेवानिवृत शास्त्री विक्रम सिंह, चंद्र प्रकाश, मीनू, अनुराधा व विशेष रूप से बाबू किशनदेव के छोटे भाई पवन शर्मा व उनकी पत्नी मधु बाला और बेटे अमित शर्मा, पुत्रवधू सोनिया शर्मा ने कथा में व उपरांत निरंतर चल रहे विशाल भंडारे में रात-दिन सेवा की।

### श्री कृष्णा चिल्ड्रन अस्पताल ऊना के प्रबंधक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा से बातचीत

# पहले साल शिशुओं के लिए माता का दूध बेहतर आहार

**राजेश शर्मा, ऊना**

जन्म के बाद शिशुओं के विकास में संतुलित एवं पर्याप्त पोषण की एक महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। माता का दूध नवजात शिशु का प्रथम आहार है। शिशु को जन्म से छह महीने तक सिर्फ माता का दूध ही दिया जाना उत्तम है। नवजात शिशु के समुचित विकास के लिए पहले साल माता का दूध ही सर्वोत्तम आहार भी है।


गोडल मेडलिस्ट डॉ. आशीष शर्मा

आमतौर पर लगभग छह माह के पश्चात धीरे-धीरे ही एक नवजात शिशु हल्का तरल खाद्य पदार्थ खाने के लिए तैयार होता है। बच्चों की खाने की क्षमता कम होती है, जिससे वे ज्यादा भोजन नहीं खा पाते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जो वे खाएं, उसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व उपस्थित होने चाहिएं। पोषण और आहार वैज्ञानिक एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित कई स्वास्थ्य संगठन स्तनपान की सलाह देते हैं, जिसके अनुसार एक नवजात को अधिकतम पोषण प्रदान करने के लिए जीवन के पहले छह महीनों में केवल स्तनपान ही कराया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### शून्य से 12 माह के बच्चों की आयु अनुसार कुछ उपयुक्त खाद्य पदार्थ

#### स्तनपान या फार्मूला मिल्क

**जन्म** से छह माह तक शिशुओं को पानी भी दिया जाना प्रतिबंधित है। डॉ. आशीष शर्मा का मानना है की माता के दूध में पर्याप्त मात्रा में पानी होता है, जो शिशु की जरूरतों को पूरा कर सकता है। अतः केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। जब कोई माता किसी कारण से स्तनपान कराने में असमर्थ होती है, तब शिशुओं को फार्मूला मिल्क दिया जा सकता है, क्योंकि वह शिशुओं को पचाने में सरल होता है। फार्मूला मिल्क माता के दूध जितना पौष्टिक नहीं होता है, पर उसका शिशुओं के स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव भी नहीं पड़ता है।

#### नौ से 12 माह

**इस** उम्र के बच्चों की रुचि खाने में बढ़ जाती है और कुछ हद तक दांत भी आ जाते हैं, तो उन्हें हम एकदम तरल पदार्थ न देते हुए उनके भोजन को थोड़ा गाढ़ा रख सकते हैं या फलों के एकइदम छोटे-छोटे टुकड़े भी उन्हें दे सकते हैं। हम बच्चों को दैनिक आहार से परिचित करवा रहे हैं, तो यह जरूरी है की मुख्य सब्जियां जो अधिक मात्रा में पौष्टिक तत्व प्रदान करती हैं, उन्हें भी उनके भोजन में शामिल कर सकें। आप सब्जियों को बॉइल करके और मैश करके उन्हें दे सकते हैं, जैसे आलू, शक्करकंद, पालक, मटर, गाजर आदि।

#### छह से नौ माह

**छह** माह के पश्चात ही शिशुओं को हल्का तरल पदार्थ देना शुरू किया जाना चाहिए। मसला हुआ केला या पपीता और उबले एवं मसले हुए फल, जैसे एप्पल, पेअर्स इत्यादि बच्चों को दिए जा सकते हैं। हमेशा पके हुए फल जैसे पपीते और केले का उपयोग किया जाना बेहतर है, क्योंकि ये आसानी से मैश हो जाएंगे और शिशु को खाना निगलने में भी आसानी होगी। एप्पल या पेअर्स जैसे ठोस त्वचा वाले फलों के छिलकों को निकालकर, काटकर, बीजों को निकालकर और हमेशा बॉइल करके मैश करना चाहिए। इस माह के शिशु के लिए प्यूरी एकदम तरल होना चाहिए, क्योंकि शिशु ने हाल ही में पूरक आहार लेना शुरू किया है और उसे इसकी आदत नहीं है। वैसे ही सब्जियों जैसे गाजर, मटर, टमाटर को अच्छे से धोकर, छिलकों को निकालकर, बॉइल करके उसकी प्यूरी बनाई जा सकती है, एवं दाल जैसे तुअर, मूंग को अच्छे से धोकर बॉइल करके उसका पानी बच्चों को दिया जा सकता है।

# कुटलैहड़ प्रीमियर लीग सीजन-3 का बंगाणा में आज होगा शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ प्रीमियर लीग सीजन-2 के सफल आयोजन के बाद कुटलैहड़ प्रीमियर लीग का आगामी टूर्नामेंट सीजन-3 का आगाज रविवार को बंगाणा के डुमखर ग्राउंड में किया जा रहा है। इसमें विजेता टीम को 51,000 और उपविजेता टीम को 31,000 रुपए ट्रॉफी सहित देने का ऐलान कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब बंगाणा की तरफ से किया गया है।

आपको बता दें कि प्रदेश में इस तरह का कुटलैहड़ में यह पहला क्लब है, जो इतनी बड़ी इनामी राशि का टूर्नामेंट करवाता है। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के रूप में खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज के लिए समार्ट एलईडी इनाम में रखी गई है। बेस्ट बैट्समैन व बेस्ट बॉलर के लिए स्पेशल गिफ्ट आयोजकों की ओर से दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में एक टीम में तीन प्रोफेशनल खिलाड़ी खेल सकते हैं। पहले भी इस आयोजन में रणजी खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं।

आयोजक अनीश ठाकुर, जितेंद्र, अरुण ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच को सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जाएगा और टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इस तरह के आयोजन करवाने का हमारा मकसद यह है कि हमारे लोकल और प्रदेश में से जो खिलाड़ी बढ़िया खेलते हैं, उनको आगे लाया जाए, ताकि हमारे प्रदेश का नाम रोशन हो सके।

# भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि की झांकी से श्रद्धालु हुए आनंदित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के बदोली गांव में पिछले 6 दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर वृंदावन से पधारे स्वामी भगवत शरण जी महाराज ने पंच अध्याय का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया।

भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा व्यास स्वामी भागवत शरण जी महाराज ने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा मंडप में आज विशेष रूप से जनप्रतिनिधि देवेंद्र भुट्टो और विवेक शर्मा अपने परिकर सहित पधारे।


बदोली में चल रही भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु कथा का श्रवण करते हुए।

# बाबा पहाड़िया मंदिर पंजियाना में समागम की तैयारियां शुरू

## दो जून से होगा आयोजन, 7 जून को होगी झंडा रस्म, पंजाबी गायक करेंगे बाबा जी का गुणगान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के थानाकलाडु के पंजियाना के उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर में 2 से 7 जून तक होने वाले विशाल धार्मिक समागम की तैयारिया शुरू हो हुई हैं। ज्ञात रहे बाबा पहाड़िया मंदिर पंजियाना में हर वर्ष 7 जून को वार्षिक झंडा रस्म होती आ रही है और वर्षो से इस धार्मिक रस्म को बाबा पहाड़िया मंदिर के प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार की अध्यक्षता में मनाया जाता हैं और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 जून से सात जून तक बाबा पहाड़िया मंदिर में मंदिर के प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार जी महाराज की अध्यक्षता में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।



जानकारी के अनुसार 2 जून को शुरू होने वाले धार्मिक समागम में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने के लिए विशेष प्रबंधन किया जा रहा है। बताते चलें कि बाबा पहाड़िया मंदिर पंजियाना में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था है और प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार जी महाराज के नेतृत्व में मंदिर में हर आने वाले श्रद्धालु की हर समस्या का समाधान किया जाता है और वर्षों से मंदिर की रीत को प्रमुख सेवादार आगे बढ़ा रहे हैं।

गौर रहे कि उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में एक उपमंडल बंगाणा के थानाकलां के गांव पंजियाना के बाबा पहाड़िया मंदिर से राजनीति कोसों दूर है और मंदिर में हर आने वाला श्रद्धालु चाहे करोड़पति है या फिर गरीब है। हर श्रद्धालु की समस्या को पुख्ता से सुनकर प्रमुख सेवादार उनकी समस्या का हल करते हैं।

### 2 जून को शोभायात्रा से होगा धार्मिक समागम का आगाज

बाबा पहाड़िया मंदिर पंजियाना के प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार ने बताया कि बड़े समागम का दो जून को मंदिर से शोभायात्रा निकाल कर आगाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो जून को निकलने वाली शोभायात्रा सुबह 9 बजे मंदिर से शुरू होकर थानाकलां, खुरवाई,लमलैहड़, तलाई से होते हुए छपरोह मंदिर से बाबा पहाड़िया मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में मनमोहक कई भगवान स्वरूप प्रस्तुतियां देखी जाएंगी।

### समागम में देश के हर कोने से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**ज्ञात** रहे बाबा पहाड़िया मंदिर पंजियाना में वर्षो से दो जून से सात जून तक धार्मिक समागम मंदिर परिसर में मनाया जाता है और हर वर्ष इस धार्मिक समागम में देश के विभिन्न राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर धार्मिक समागम के गवाह बनते है। गौर रहे उपमंडल बंगाणा के थानाकलां के गांव पंजियाना में बाबा पहाड़िया मंदिर अपने एक अलग पहचान बना चुका है और सादगी में प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार बाबा पहाड़िया जी के अनन्य भक्त हैं और उनके मुख पर सदा माता सरस्वती बास करती हैं, तभी हर रविवार को सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लेते हैं।

बाबा पहाड़िया मंदिर के प्रमुख सेवादार ठाकुर अशोक कुमार ने बताया कि सात जून को सुबह दस बजे बाबा जी की झंडा रस्म अदा होगी और उसके बाद पंजाब के फनकार बाबा जी का गुणगान करेंगे। वहीं, दो जून से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था रहेगी। वहीं, भारत स्वच्छ अभियान के तहत मंदिर परिसर में शुल्भ शौचालय का भी निर्माण किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## फीडबैक: गगरेट का दौरा कर प्रत्याशी फाइनल करने के लिए की माथापच्ची

# कांग्रेस के विधायकों ने जानी ग्राउंड रिएलिटी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा उपचुनाव के मुहाने पर खड़े विधानसभा क्षेत्र गगरेट में कांग्रेस टिकट के तलबगारों की बड़ी फौज खड़ी हो जाने के बाद शनिवार को ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न व चिंतपूर्णी के विधायक एवं गगरेट उपचुनाव के लिए सह प्रभारी तैनात किए गए सुदर्शन सिंह बबलू ने गगरेट पहुंच कर ब्लॉक कांग्रेस गगरेट के साथ बैठक करने के साथ संभावित प्रत्याशियों से भी अलग-अलग मुलाकात कर उनकी राय जानी।

हालांकि ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कालिया समर्थक ज्यादा दिखे और उन्होंने दमदार प्रत्याशी के तौर पर राकेश कालिया को ही मैदान में उतारने की वकालत की। प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस के जितनी माथापच्ची गगरेट विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी फाइनल करने के लिए करनी पड़ रही है, उतनी माथापच्ची शायद ही अन्य विधानसभा क्षेत्रों में करनी पड़ी हो। बेशक सर्वे को भी टिकट वितरण में प्रमुख तौर पर देखा जाएगा, लेकिन जो नाम सर्वे में उभर कर सामने आ रहा है, उसे टिकट देने की सूरत में अन्य संभावित प्रत्याशी विरोध के सुर न खोलें, इसके लिए ही कांग्रेस ने ज्वालाजी के विधायक संजय रत्न व विधायक सुदर्शन बबलू को ग्राउंड रिएलिटी जानने के लिए यहां भेजा है।

माना जा रहा है कि टिकट वितरण से पहले ही विद्रोह थामने के लिए कांग्रेस द्वारा खेला गया यह मास्टर स्ट्रोक है। ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में वैसे तो ज्यादा समर्थक राकेश कालिया के ही नजर आए, जिन्होंने खुलकर राकेश कालिया का समर्थन किया जबकि बैठक में मौजूद संभावित प्रत्याशियों ने साफ कहा कि पार्टी हाईकमान जिसे प्रत्याशी बनाएगा, उसका खुलकर समर्थन किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर ने भी यही आश्वासन दिया कि पार्टी हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसकी जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता दिन-रात एक करेंगे।

इसके बाद विधायक संजय रत्न व सुदर्शन बबलू भी अलग-अलग संभावित प्रत्याशियों से मिले और उनकी राय जानने का प्रयास किया। विधायक संजय रत्न व विधायक सुदर्शन बबलू ने भी अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं, लेकिन पार्टी हाईकमान भी जीत की क्षमता के साथ सर्वे रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए ही प्रत्याशी चयन करेगा। ऐसे में पार्टी हित में सभी कार्यकर्ता अपने निजी हित त्याग कर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने में अभी से जुट जाएं।


# युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

## कुटलैहड़ के नारी बसाल में धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा का 45वां स्थापना दिवस कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

कुटलैहड़ युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशि राणा की अध्यक्षता में समूर से नारी बसाल तक बाइक रैली निकाली। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी पूर्व में विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, सूरम सिंह,राजेंद्र मलांगड़, विजय मलांगड़, कुटलैहड़ भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा, जिला भाजपा सचिव अजय ठाकुर, अभय राणा, महिला मोर्चा की संतोष सैनी, अजय शर्मा, अनीता ठाकुर, उपप्रधान जीवन शर्मा, निशा भुल्लर एवं सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों के सदस्य मौजूद रहे।


भाजपा स्थापना दिवस समारोह के दौरान कुटलैहड़ भाजपा के नेता

### धूमधाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस, बांटीं मिठाइयां



**अंब।** भारतीय जनता पार्टी चिंतपूर्णी मंडल के कार्यकर्ताओं ने अंब कार्यालय में उपस्थित होकर बड़े धूमधाम के साथ भाजपा का स्थापना दिवस मनाया तथा मिठाइयां बांटीं।स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट रमेश चौधरी ने भाजपा पार्टी के संघर्ष पूर्ण इतिहास पर प्रकाश डाला।

# 'पैराशूटी नेताओं को नहीं दिया जाएगा टिकट'

## लाहौल में कांग्रेस पार्टी को एकजुट करने को लेकर हुआ मंथन, विधानसभा उपचुनाव को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। केलांग में जिला कांग्रेस कमेटी ने बैठक कर विधानसभा उपचुनाव को लेकर बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में आगामी उपचुनाव में पार्टी को एकजुट करने को लेकर मंथन किया गया। वहीं, बागी विधायक रवि को जमकर कोसा गया और विरोध-प्रदर्शन भी किया। बैठक में कांग्रेस का टिकट बाहरी व्यक्ति को न देकर पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता को देने की पुरजोर मांग की गई और पूर्व विधायक रामलाल मार्कंडेय को किसी भी सूरत में कांग्रेस पार्टी टिकट न देने की हाईकमान से मांग की गई।


केलांग में जिला कांग्रेस कमेटी की विधानसभा उपचुनाव को लेकर हुई बैठक में मौजूद नेता।

### बाहर के व्यक्ति को नहीं मिलेगा टिकट : नेगी

पार्टी के जिला चुनाव पर्यवेक्षक जगत सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है। पार्टी में उम्मीदवारों की कोई कमी नहीं है और ग्रास रूट से लेकर पार्टी कार्यकर्ता एकजुट हैं। टिकट के लिए विचार मंथन चल रहा है। पार्टी के बागियों व भाजपा पर लोकतंत्र विरोधी कार्य करने व खरीद फरोख्त करने के विरोध में रैली निकाली गई और कांग्रेस आमसभा में ये फैसला लिया गया कि बाहर से किसी को भी टिकट नहीं दिया जाएगा चाहे पूर्व विधायक रामलाल मार्कंडेय क्यों न हो उन्हें टिकट न देकर पार्टी से जुड़े लोगों को टिकट देने की मांग की गई।

वहीं, पार्टी में टिकट के लिए करीब 15 उम्मीदवार की दावेदारी को देखते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी उम्मीदवार की जीत को लेकर रणनीति बनाई गई।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का रवि ठाकुर पर फूटा गुस्सा



**केलांग।** लाहौल-स्पीति के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शनिवार को रवि ठाकुर पर गुस्सा फूटा। कार्यकर्ताओं ने रवि ठाकुर मुर्दाबाद के नारे लगाए और केलांग में रोष रैली निकाली। कार्यकर्ताओं ने उन्हें चोर, धोखेबाज व गद्दार कहकर रोष प्रकट किया। कांग्रेस के अधिकतर कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने भारी मतों से जीत दिलाकर विधानसभा भेजा था, लेकिन रवि उनकी भावनाओं का ही सौदा कर गए। कार्यकर्ताओं ने धोखेबाज बताते हुए रवि को माफ नहीं करने की बात कही। जिला अध्यक्ष ग्यालसन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुट हैं और धोखे बाज नेताओं को जवाब देने को तैयार हैं। सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपने काम में जुट जाएं। जिला परिषद की अध्यक्ष अनुराधा राणा ने कहा कि रवि ने जो छल व कपट लाहौल-स्पीति की जनता से किया है। उसका उन्हें जवाब मिलने वाला है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शशि किरण ने कहा कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि विधायक रवि ऐसा कदम उठा लेंगे। उन्होंने रवि के इस निर्णय की कड़े शव्दों में निंदा की। ब्लाक अध्यक्ष राम ने कहा कि रवि ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। रवि को हराकर उनसे इस बात का बदला लिया जाएगा। पार्टी का हर एक कार्यकर्ता एकजुट है और अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में जुट गया है। कांग्रेस नेता संसार चंद ने कहा कि ऐसी क्या समस्या आन पड़ी थी की रवि भाजपा में चले गए। उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर ने लाहौल-स्पीति कांग्रेस के हर एक कार्यकर्ता का दिल तोड़ा है।

# स्थापना दिवस पर उपचुनाव को लेकर लाहौल में भाजपा ने भरी हुंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला भाजपा की ओर से जहां स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं, स्थापना दिवस के अवसर पर लाहौल घाटी में उपचुनाव को लेकर हुंकार भी भाजपा ने भर दी है।

कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद उपस्थित रहे और भाजपा के विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार रवि ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोविंद ने कहा कि आज देश को सिर्फ भाजपा पर भरोसा है और आम जनता कांग्रेस के छलावे को समझ चुकी है। आज भाजपा देश के अधिकतर राज्यों में काबिज है, तो दुनिया की सबसे ज्यादा सदस्य वाली पार्टी का तमगा भी उसके नाम है। पार्टी के शुरुआती दौर के सफर को स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आगे बढाया, जिसके बाद वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की बुलंद आवाज ने पार्टी को मजबूती दी। आज विपक्षी दल जितना मर्जी प्रयास कर लें पर वह पीएम की लोकप्रियता को कम नहीं कर सकते।


केलांग में जिला भाजपा की ओर से आयोजित किए गए स्थापना दिवस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर।

### भाजपा अनुशासित पार्टी : रवि

वहीं, स्थापना दिवस पर भाजपा के लाहौल-स्पीति विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार रवि ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और एक एक कार्यकर्ता संगठन के लिए समर्पित है। भाजपा अपने अनुशासन के लिए जानी जाती है। भाजपा में शामिल होकर वह गर्व महसूस कर रहे हैं और भाजपा के साथ मिलकर वह जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में विकास कार्यों को गति देंगे, ताकि शीत मरुस्थल में भी विकास कार्यों को सही तरीके से पूरा किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक दुर्घटना में घुमारवीं के दीपक की मौत

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में बाइक सवार की दर्घटना में मौत हो गई है, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया है। मृतक की पहचान दीपक उम्र 30 साल गांव खैरी डाकघर भपराल तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है, जबकि रजत उम्र 28 आरओ भटौली तहसील देहरा जिला कांगड़ा घायल हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मनाली से रांगड़ी की ओर जा रहे थे कि वोल्वो स्टैंड के पास उनका मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल व्यक्ति रजत ने बताया कि वह पेशे से किचन हेल्पर हैं और दो महीनों से होटल हाईलैंडर कैंप बाहणू पुल मनाली में काम करते हैं। अपने दोस्त दीपक के साथ रात 11 बजे मोटरसाइकिल नंबर एचपी 66 ए 4970 में बैठकर घूमने मनाली आया। मनाली से बापस जा रहे थे तो दीपक ने बाइक की रफ्तार बढ़ा ली और रांगड़ी के पास करीब साढ़े 12 बजे रात को तेज रफ्तार के कारण बाइक पर अपना नियंत्रण खो बैठे, जिससे वह दोनों बाइक के साथ ब्यास नदी में जा गिरे। डीएसपी मनाली ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पोस्ट मार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सुरजेवाला के बयान की महिला मोर्चा ने की निंदा

**कुल्लू।** प्रदेश महिला मोर्चा आईटी सह प्रभारी सुनीता कटोच ने कहा कि सुरजेवाला के बयान की भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा निंदा करता है। लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मंडी कंगना रनौत के प्रति जैसी टिप्पणी कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने की, वैसी ही टिप्पणी रणवीर सुरजेवाला ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के लिए की। हेमा मालिनी मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं। सुरजेवाला के इस बयान बाजी की भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा घोर निंदा करता है।

# कला केंद्र में कुशल के गानों पर थिरके स्टूडेंट्स व मुख्यातिथि

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में खराहल घाटी छात्र संगठन ने धूमधाम के साथ वार्षिक समारोह मनाया। खराहल वैली संगठन के वार्षिक समारोह में पधारे मुख्यातिथि समाजसेवी सुभाष चंद शर्मा ओर विशेष अतिथि प्रेस क्लब कुल्लू के अध्यक्ष धनेश गौतम के आगमन पर पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन उपस्थित रहे। इसके साथ ही पुईद पंचायत के उपाध्यक्ष अमन भी बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। वार्षिक समारोह दोपहर 12 बजे से शुरू किया गया और मुख्यातिथि सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर समारोह का आगाज किया।



समारोह के स्टार कलाकार कुल्लवी डीजे कुशल वर्मा सहित सभी अतिथियों को खराहल वैली छात्र संगठन के अध्यक्ष शिवांश गौतम ने कुल्लवी परंपरा के अनुसार टोपी ओर मफलर पहनाकर सम्मानित किया। समाजसेवी सुभाष शर्मा ने छात्रों को संबोधित कर समारोह की सफलता के लिए बधाई दी। इस दौरान कुशल वर्मा ने अपने गानों से समारोह में मुख्यातिथि सहित कला केंद्र में उपस्थित सभी स्टूडेंट्स को थिरकने पर मजबूर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# मनाली की रमा माउंट एवरेस्ट फतेह करने को तैयार

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पिछले 17 सालों से पर्वतारोहण के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल कर चुकी मनाली की रमा ठाकुर अब माउंट एवरेस्ट को फतेह कर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने जा रही है। रमा अगले माह से माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए मनाली से रवाना होंगी।

रमा ठाकुर की इस सोच के आड़े धन की कमी आ रही है। रमा अपने सभी प्रयासों के बाबजूद अभी तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाल सरकार को रॉयल्टी के रूप में दी जाने वाली 23 लाख की रकम नहीं जुटा पाई हैं।

मनाली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए रमा ने कहा कि उन्होंने सभी संस्थाओं के अनुरोध किया है कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने का जो बीड़ा उन्होंने उठाया है उसमें उनका सहयोग करें, ताकि वह अपने इस उद्देश्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहती हैं ताकि समाज और दुनिया को यह प्रमाणित कर सकें कि किसी भी उम्र की महिलाएं अगर ठान लें तो कुछ भी कर सकती हैं। रमा ठाकुर 2007 में 17353 फुट ऊंची फ्रेंडशिप पीक, 2011 में 22280 फुट ऊंची लियो पुर्ज्ञाल को चढ़ते हुए 19400 फुट की ऊंचाई तक पहुंची थी, जबकि एक टीम लीडर के तौर पर 2019 में 20050 फुट ऊंची युनाम पीक आदि पर फतेह हासिल की है। उन्होंने मनाली की सभी संस्थाओं से गुहार लगाई है कि उनके इस उद्देश्य में ज्यादा से ज्यादा वित्तीय सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)


मनाली की पर्वतारोही रमा ठाकुर प्रेसवार्ता के दौरान।

# गोज में 506 ग्राम चरस सहित एक गिरफ्तार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में दो अलग-अलग मामलों में कुल्लू पुलिस की टीम ने जहां चरस व अवैध रूप से बेची जा रही शराब बरामद की है। वहीं, पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने मणिकर्ण घाटी के गोज में गश्त के दौरान एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 506 ग्राम चरस बरामद की गई जिसकी बरशैणी निवास दीपक बहादुर के रूप में हुई है। वहीं, कुल्लू पुलिस की टीम ने तीन मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में उन्हें सूचना मिली की शांगरी बाग में एक महिला अवैध रूप से अपने ढाबे में शराब बेचने का कारोबार कर रही महिला के कब्जे से 2 लीटर अवैध शराब और 5 लीटर लाहन बरामद की गई। दूसरे मामले में त्रेहन चौक में पिपलागे के रहने वाले लक्ष्मण के कब्जे से सात बोतल ऊना नंबर वन बरामद की गई। वहीं तीसरे मामले में हाथीथान में राकेश कुमार के कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

# डीसी ने राफ्टिंग के साथ मतदान का दिया संदेश

## 'कुल्लू का यूथ, चलेगा बूथ' के तहत बबेली में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू का यूथ-चलेगा बूथ कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को कुल्लू के बबेली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। पर्यटन विभाग तथा जिला राफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसी कुल्लू एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश विशेष रूप से मौजूद रही।

इस कार्यक्रम में लगभग राफ्टिंग से जुड़े सौ से अधिक युवाओं ने भाग लिया। डीसी तोरुल एस रवीश ने युवा ऑपरेटर्स से आह्वान किया कि एक जून को सभी मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए डीसी ने स्वयं ब्यास नदी की लहरों में राफ्टिंग की और जिले की स्वीप टीम ने बैनर और प्ले कार्ड के माध्यम से राफ्टिंग करते हुए मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने इस दौरान राफ्टिंग व्यवसाय से जुड़े सभी ऑपरेटर्स विशेषकर युवा ऑपरेटर्स से आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करने व अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। जिला स्वीप से नोडल अधिकारी उपनिदेशक नेहरु युवा केंद्र डॉ. लाल सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में स्वीप के अंतर्गत सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक लोग मतदान करने को प्रेरित हो सके।


डीसी राफ्टर्स के साथ मतदान जागरूकता का संदेश देते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रोबेशनर आईएएस सचिन व प्रियांशु, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा, स्वीप अधिकारी श्यामलाल हांडा, जिला राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम अत्री, उपाध्यक्ष शिव चंद्र, सचिव विशाल शर्मा, राफ्टिंग एसोसिएशन बवेली के अध्यक्ष ठाकुर चंद, सचिव रामलाल सहित गणमान्य व्यक्ति व अन्य उपस्थित रहे।

# बंजार में खोला चुनावी कार्यालय

**बंजार।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर बंजार भाजपा मंडल ने चुनावी तैयारियों को गति देते हुए बंजार में चुनावी कार्यालय खोल दिया है। बंजार के पुराना बस अड्डा के साथ बंजार भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यालय खोल दिया है, जिसका बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठन द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए सुझाई गई रणनीति पर चर्चा की गई। बंजार भाजपा लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। कंगना रनौत के रूप में एक सशक्त उम्मीदवार पार्टी द्वारा दिया गया है। भाजपा ही देश में एकमात्र विकल्प है। पार्टी एकजुट है व सभी कार्यकर्ताओं में जोश है, जबकि कांग्रेस अभी तक उम्मीदवार भी तय नहीं कर पाई है।

# पेंशनर्स ने बकाया एरियर के भुगतान के लिए सरकार का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, आनी**

सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड इकाई आनी की बैठक दुर्गा माता मंदिर सराएं हाल आनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष दुनी चंद ने की। बैठक में विभिन्न पेंशनर्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

संघ के अध्यक्ष दुनी चंद ने कहा कि संघ ने सर्वप्रथम सरकार की ओर से 30 मार्च को पेंशनर्स के बकाया एरियर की किश्त जारी करने और आगे मिलने वाले डीए एरियर की हामी के लिए सरकार का आभार जताया। संघ में निरंतर नए सदस्य जुड़ रहे हैं, जिससे संघ को मजबूती मिल रही है। जो अधिकारी-कर्मचारी मार्च अथवा मार्च से पहले रिटायर हुए हैं। उन्हें भी संघ में जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान जारी है, जबकि पूर्व सदस्यों का नवीनीकरण किया जा रहा है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष दुनी के साथ वरिष्ठ उपप्रधान मोहर, सचिव पी. दुर्वासा, कोषाध्यक्ष तारा, राज्य प्रतिनिधि एनडी ठाकुर, आरपी आजाद, जिला प्रतिनिधि फतेह तथा सदस्य जय सिंह सहित अन्य कई पेंशनर्स मौजूद रहे।


सिविल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन आनी इकाई की बैठक के दौरान पदाधिकारी, सदस्य।

# परियोजना को समय पर पूर्ण करने के लिए करें प्रयास : राजेंद्र गोयल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद गोयल एवं निदेशक (तकनीकी तथा परियोजनाएं) राज कुमार चौधरी तीन दिवसीय दौरे पर एनएचपीसी के नगवाईं कार्यालय परिसर में पहुंचे।

इस अवसर पर सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सभी से परियोजना को निर्धारित समयविधि पर पूर्ण करने के लिए अपने समग्र प्रयास करने के लिए आह्वान किया तथा आश्वासन दिया कि एनएचपीसी के प्रबंधन द्वारा परियोजना को हर संभव मदद दी जाएगी। इस अवसर पर सभी कार्मिकों को संबोधित किया और कहा कि लक्ष्य को पूर्ण करने में जो आनंद है वह अतुलनीय है। सभी कार्मिक परियोजना को इसी वर्ष पूर्ण करने के लिए भरपूर प्रयास करें। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के कार्यपालक निदेशक दीपक सहगल, पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो के प्रमुख निर्मल सिंह, पार्वती-तीन पावर स्टेशन के प्रमुख प्रकाश चंद तथा परियोजना के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


एनएचपीसी के नगवाईं कार्यालय परिसर में अधिकारियों के साथ अध्यक्ष व निदेशक।

# आज इन क्षेत्रों में बिजली बंद

**सैंज।** राज्य बिजली परिषद उपमंडल लारजी के तहत रविवार को 11 केवी बिजली लाइन की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए औट व आसपास के गांवों में प्रात: दस से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

बिजली उपमंडल लारजी के सहायक अभियंता मनमोहन चंदेल ने जानकारी देते हुए कहा कि केवी सब स्टेशन के उचित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए ग्राम औट, लारजी, थलौट, धामण, खमराधा, टिपर में प्रात: 10 बजे से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

**आयोजन** कुल्लू में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस, भाजयुमो ने निकाली बाइक रैली

# कंगना 11 से 13 तक कुल्लू में करेंगी प्रचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाजपा ने जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय कुल्लू में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया गया।

भाजपा स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के संघर्ष के चलते आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। केंद्र में लगातार भाजपा तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्तासीन होने जा रही है। इस बार भाजपा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जितेगी। हिमाचल से भी इस बार भाजपा चारों लोकसभा सीटें जीतेगी। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगी। मंडी संसदीय क्षेत्र की लोकसभा प्रत्याशी 11 अप्रैल को मनाली विधानसभा, 12 को कुल्लू तथा 13 को बंजार सभा के प्रवास पर रहेंगी।


जिला भाजपा पदाधिकारी व सदस्य भाजपा के स्थापना दिवस पर जश्न मनाते हुए।

### बाइक रैली निकाली



भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कुल्लू प्रभारी मोनू भारद्वाज ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर जिलाभर में भाजयुमो ने बाइक रैली निकाली। उधर, भाजपा युवा मोर्चा कुल्लू के सदस्यों ने अध्यक्ष दिग्विजय आनंद की अध्यक्षता में भुंतर एयरपोर्ट से लेकर ढालपुर में स्थित पार्टी कार्यालय तक बाइक रैली निकाल कर जनता के बीच में हर्षित सुशासन का संदेश दिया।



# अपने ही विधायकों को नहीं संभाल सकी कांग्रेस सरकार: जयराम ठाकुर

**गोपाल कपिल, झंडूता**



भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस झंडूता में धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार को इस अवसर पर झंडूता में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिरकत की। भारी जनसमूह में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का फूल-माला पहना कर ढोंल-नगाड़े के साथ जोरदार से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रजलवित और वंदे मातरम के साथ शुरू की गई। इसमें पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने मोदी सरकार की उपलब्धियों गिनाते हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। तत्पश्चात झंडूता में विधायक जीतराम कटवाल ने अपने संबोधक में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लिए विकास कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकर्ता में झंडूता के विधानसभा क्षेत्र में नौ पुलों का निमार्ण कार्य किया गया, जो कि हिमाचल प्रदेश में नंबर-एक पर है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर में मौजूद सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने पांच वर्ष में लिया था तथा भाजपा सरकार के लिए विकास कार्यों को डिनोटिफाइड कर आम जनता के साथ धोखा किया। वहीं, कांग्रेस सरकार अपने ही विधायकों को नहीं संभाल सकी।

### एमएलए को नहीं दिया सम्मान

**जयराम** ठाकुर बोले कि अपनी नलायकी का ठिकरा भाजपा सरकार पर फोड़ रही है। कांग्रेस के बागी विधायकों को सरकार में तरजीह न देना, विधायकों के कार्य को नजर अंदाज करना व बागी विधायकों मौजूदा सरकार को महंगा पड़ा तथा विधायकों द्वारा पार्टी छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर उन्ही विधायकों पर झूठे मुकदमे दर्ज करना। यह कांग्रेस सरकार की मान्यता को भी दर्शाता है।

# मेले में आए दुकानदार कर रहे सेहत से खिलवाड़

## राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले में बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के खाद्य सामग्री बेच रहे व्यापारी, प्रशासन बेखबर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं में सीर खड्डु किनारे पांच से नौ अप्रैल तक मनाया जा रहे राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में लगाई गई खाने-पीने की अस्थायी दुकानों में बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के खाद्य सामग्री खुलेआम बेची जा रही है और कोई पूछने वाला नहीं है। एक तरफ तो संबंधित विभाग स्थायी दुकानदारों पर बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचने पर कार्रवाई करता है।

वहीं, दूसरी तरफ बाहर से आए इन व्यापारियों द्वारा खुलेआम बिना किसी लाइसेंस के खाद्य सामग्री बेचकर सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है और इसको लेकर संबंधित विभाग बिलकुल भी गंभीर नहीं है। मेले में आए लगभग सभी खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को न तो रजिस्ट्रेशन करने के बारे में पता है और न ही उन्हें ऐसे किसी लाइसेंस की जानकारी है।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि संबंधित विभाग आखिर क्यों बेखबर है। विभाग ने तो इस और कोई ध्यान देने की जरूरत समझ रही है और न ही इस पर को कार्रवाई करने की। हालांकि इस राज्य स्तरीय मेले को लगे दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक मेले में आकर किसी भी दुकानदार का लाइसेंस तथा अन्य जरूरी दस्तावेज जांचने नहीं पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)



मेले में लगी दुकान से सामान खरीदता एक ग्राहक।

### चेकिंग के लिए भेजी जाएगी टीम: महेश शर्मा

उधर, खाद्य सुरक्षा आयुक्त बिलासपुर महेश शर्मा ने बताया कि विभाग समय-समय पर खाद्य सामग्री बेचने वाली सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने तथा अन्य जरूरी बातों के लिए जागरूक करता है। मेले में लगी अस्थायी खाद्य सामग्री बेचने वालों दुकानदारों के लाइसेंस जांचने के लिए भी टीम भेजी जाएगी तथा जिन दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोई पूछने वाला नहीं

**मेले** में कई अस्थायी मिठाई, चाय, समोसे, चाट पापड़ी, आइसक्रीम, गोलगप्पे, जलेबी तथा अन्य खाद्य सामग्रियों की दुकान में लगाई गई है। हालांकि फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किसी भी तरह की खाद्य सामग्री को बेचने के लिए दुकानदार को लाइसेंस बनाना अनिवार्य किया गया है, लेकिन ऐसा लगता है जैसे विभाग कि यह कार्रवाई स्थानीय स्थायी दुकानदारों तक ही सीमित होती है। वहीं, दुकानदार धूल मिट्टी से सने खाद्य पदार्थ सरेआम बेचकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा विकास का पर्याय है। भाजपा कार्यकाल में पूरे देश के साथ ही बिलासपुर में भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए। देश में लगभग 60 साल तक कांग्रेस सत्ता में रही। इसकी तुलना में केंद्र में अब तक भाजपा का कुल कार्यकाल लगभग 16 वर्ष का है, लेकिन बिलासपुर में कोल डैम, एम्सए हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज तथा फोरलेन जैसी विकासात्मक परियोजनाएं भाजपा के कार्यकाल में ही सिरे चढ़ीं। सवाल यह है कि क्या ये सभी काम छह दशक तक सत्ता में रही कांग्रेस के समय नहीं हो सकते थे। सुक्खू सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जिस पार्टी से अपना घर तक संभाला नहीं जा रहा है, वह प्रदेश को क्या संभालेगी। शनिवार को केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर की विशेष उपस्थिति में पार्टी के बिलासपुर कार्यालय में सदर मंडल के तत्वावधान में भाजपा के स्थापना दिवस समारोह व त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। वह देश की ताकत और स्वाभिमान हैं। वह देश को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।

### कसोल में कढ़ाई और वस्त्र उत्पाद कोर्स संपन्न

**बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं और युवा वर्ग के सशक्तिकरण के लिए रोजगार मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में एनएसआईसी मंडी के सहयोग से कसोल गांव में चल रहे छह माह के कढ़ाई और वस्त्र उत्पाद कोर्स का सफलतापूर्वक समापन हो गया। कोर्स में परियोजना प्रभावित क्षेत्र की 25 महिलाओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रकार के कढ़ाई और वस्त्र उत्पादों को बनाना सीखा। सभी महिलाएं कोर्स में लिए गए प्रशिक्षण से बेहद उत्साहित हैं और कुछ महिलाएं कोर्स के साथ-साथ भी घर पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करके अपनी आजीविका चला रही हैं। समापन समारोह में अपर महाप्रबंधक उमेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए। साथ ही महिलाओं के लिए स्वरोजगार सहायता के लिए उन्हें सिलाई मशीन भी दी। इस अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम की ओर से डॉ. अंजुला अग्रवाल, पूर्ण सिंह, लोकेश कुमार भाटिया और अन्य उपस्थित रहे।

### 14 अप्रैल से शुरू होगा बैसाखी नलवाड़ी मेला

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता में होने वाले बैसाखी नलवाड़ी मेला 14 से 16 अप्रैल तक होगा। यह फैसला एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता में बीडीओ ऑफिस झंडूता में आयोजित बैठक में लिया गया। इस बैठक में सभी विभागों से चर्चा की गई कि मेले को कैसे आकर्षित बनाया जा सकता है। मेले की शुरुआत 14 अप्रैल को होगी। इस बैठक में फैसला किया गया कि शोभायात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से मेला ग्राउंड झंडूता तक निकाली जाएगी। खूंटा गाड़ कर मेले की शुरुआत की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। एसडीएम योगराज धीमान ने कहा कि बैसाखी नलवाड़ी मेला के लिए जो आज बैठक हुई उसमें कमेटी ने फैसला लिया कि मेला बैसाखी के दिन होना चाहिए, साथ ही 16 अप्रैल को दंगल होगा। इस बैठक में तहसीलदार झंडूता अर्शिया शर्मा, वन विभाग से डिप्टी रेंजर पवन कुमार, विकास खंड झंडूता से पंचायत निरीक्षक सुभाष कुमार, महाविद्यालय से डॉक्टर सुरेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता विद्युत राजेश कुमार, प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता पवन व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बिलासपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 11 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे, इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले हैं, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों, टोल फ्री नंबर 15100 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं के दूरभाष नंबर पर 01978-254080 पर संपर्क कर सकता है।

### श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा दस अप्रैल से

**झंडूता।** श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर आनंद घाट में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महंत श्री रूक्मेश्वर गिरी जी महाराज की देखरेख में किया जा रहा है। जिसमें संदीप शास्त्री की कथा अमृत बरसाएंगे तथा कथा 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक होगी तथा 16 अप्रैल को विशेष भंडारे का आयोजन होगा। कमेटी प्रधान राजेंद्र ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने समस्त झंडूता की जनता से आग्रह किया है कि वह इस पावन बेला पर बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्याद लोग इसमें भाग लें।

# शक्तिपीठ श्रीनयना देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले नौ अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, श्रीनयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में चैत्र नवरात्र मेले नौ अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन मंदिर न्यास ने और अन्य विभागों ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली। नवरात्र में जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु माताजी के दरबार में नतमस्तक होंगे।

वहीं पर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे। मंदिर न्यास के द्वारा जगह-जगह पर बाल राइटिंग की जा रही है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा को ठीक किया जा रहा है। जबकि मंदिर में साफ सफाई की व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है, ताकि नवरात्र के दौरान माता जी की यह पवनस्थली पूरी तरह से साफ सुथरी नजर आए। इसके अलावा मंदिर के सदा व्रत लंगर में श्रद्धालुओं के लिए सुबह का नाश्ता दोपहर का भजन और रात्रि भोजन की स्वच्छ व्यवस्था की गई है।

### मंदिर में नवरात्र को लेकर सजी दुकानें

**माता** श्रीनयना देवी के दरबार में दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को पूरी तरह से सजा दिया है। दुकानदारों को भी आस है कि नवरात्र इस बार अच्छे लगेंगे काफी संख्या में से श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचेंगे उनके अच्छा कारोबार होगा। मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा ने पत्रकारों को बताया मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है और श्रद्धालुओं को मेला के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

# घुमारवीं में पशु मालिकों को किया सम्मानित

## राज्य स्तरीय ग्रीष्म उत्सव में पशुपालन विभाग ने किया पशु मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य स्तरीय ग्रीष्म उत्सव घुमारवीं 2024 के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा पशु मेले का आयोजन किया गया। इसमें उन्नत किस्म की श्रेणियां में अलग-अलग पशुओं की प्रजातियां की प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्यतया गाय में दूध की श्रेणी, बछड़ियों व कटड़ियों की श्रेणी, भैंसों में मुर्रा नस्ल की भैंसों की श्रेणियां जैसे दूध की श्रेणी गाभिन भैंसों की श्रेणी गाभिन कटड़ियों की श्रेणी। इसके अलावा नीली रवि भैंसों की श्रेणियां भी सम्मिलित हुई। भेड़-बकरियों में भी नर व मादा श्रेणियां में इनाम वितरित किए।

दुधारू गउओं व भैंसों की श्रेणियां में प्रथम आने पर 5000, द्वितीय इनाम 4000 तथा तृतीय नाम 3000 वितरित किए गए। मुर्रा नस्ल की भैंसे में राजिंद्र कुमार गांव घुमारवीं को प्रथम पुरस्कार, भंडारी दीन गांव बेनला ब्राह्मणा को द्वितीय इनाम तथा असलम अख्तर पुत्र नूरुद्दीन गांव बालू खरियाला को तीसरा इनाम दिया। गउओं की होलस्टिंन फ्रीजियन नस्ल में दूध वाली श्रेणी में सुरजीत सिंह पुत्र रतन लाल गांव मलोह को प्रथम पुरस्कार, गोपालदास पुत्र राम पाल गांव जंगल सुंगल को द्वितीय ईनाम और विद्यासागर पुत्र बरडू राम गांव दांडीं को तृतीय नाम दिया गया। जर्सी गउओं में दूध वाली श्रेणी में रीता देवी पत्नी माखनलाल गांव कल्याणा को प्रथम पुरस्कार, चुन्नीलाल पुत्र प्रेमलाल गांव घुमारवीं को दूसरा इनाम तथा विनोद कुमार पुत्र शैलेंद्र पाल गांव कल्याणा को तृतीय ईनाम दिया गया।



पशु मालिकों को सम्मानित करते सदस्य।

### राकेश कुमार को मिला प्रथम पुरस्कार

**बीटल** नस्ल की बकरियों में राकेश कुमार को प्रथम पुरस्कार, रविंद्र कुमार गांव अवधानी घाट को दूसरा व अजीत कुमार को तीसरा इनाम दिया गया। वीटल नस्ल के बकरों में प्रथम इनाम जावेद खान, राजपाल को द्वितीय ईनाम दिया गया। भेड़ो में प्रीतम सिंह गांव रघुनाथपुरा को प्रथम, अब्दुल गांव बेला को दूसरा इनाम असलम पुत्र नूरुद्दीन गांव बाह्लू को तीसरा नाम दिया गया।

# घुमारवीं में फेरी वालों पर लगाई रोक

## व्यापार मंडल घुमारवीं के सदस्यों ने किया प्रस्ताव पारित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शनिवार को व्यापार मंडल घुमारवीं तथा संवेदना संस्था के सदस्यों द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें घुमारवीं तथा आसपास के क्षेत्र में फेरी लगाकर व्यापार करने वाले बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों के खिलाफ ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया बाहरी राज्यों से आकर यहां पर फेरी लगाकर व्यापार करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में सहन नहीं कया जाएगा।

इसके साथ ही समस्त व्यापारियों द्वारा उपमंडल अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी को भी एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि बाहरी राज्यों से जितने भी फेरी लगा कर यहां काम करने आते हैं उन सब का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और अगर यह फेरी वाले यहां किसी घटना को अंजाम देते हैं तो उसकी एवज में इन्हें आश्रय देने वाले लोगों की जवाब देही भी तय की जाए। व्यापारियों ने प्रशासन को इस पर कड़ा संज्ञान लेने की मांग करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि अगर प्रशासन स्थानीय व्यापारों के हितों की रक्षा नहीं करता है तो व्यापारी भी प्रशासन के साथ किसी भी तरह का कोई सहयोग नहीं करेंगे। वहीं, आने वाले समय में प्रशासन के किसी भी कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारी न तो अपने भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और न ही प्रशासन को किसी प्रकार का कोई भी आर्थिक सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर फेरी लगाने वाले दुकान लेकर अपना व्यापार करना चाहते हैं तो उनका किसी भी प्रकार से विरोध नहीं किया जाएगा तो वह खुले रूप से अपना व्यापार कर सकते है, लेकिन फेरी लगाकर व्यापार करना किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर संवेदना संस्था के महासचिव विशाल नड्डा ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव-गांव जाकर फेरी लगाने वाले इन प्रवासियों ने स्थानीय व्यापारियों का व्यापार ठप कर दिया है। दुकानदारों को दिन भर खाली हाथ बैठना पड़ रहा है।



घुमारवीं में प्रेसवार्ता करते व्यापार मंडल के सदस्य।



### गांव में सामान बेचने से रोका जाएगा

इस मौके पर समस्त व्यापारियों ने कहा कि यदि फेरी वाले बिना परमिशन के गांव में घूमते हैं तो खुद व्यापारी हस्तक्षेप करेंगे तथा उन्हें गांव में सामान बेचने से रोका जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि फेरी वालों ने उनका व्यापार समाप्त कर दिया है लेकिन प्रशासन उन पर अंकुश लगाने की वजह स्थानीय व्यापारियों पर उनके साथ समझौता करने का दबाव बना रहा है। जब किया फेरी वाले यहां पर कहीं अपराधी को घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिससे हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय राज्य में भी आए दिन कानून व्यवस्था खराब होती जा रही है। इसके लिए सभी व्यापारियों ने मिलकर प्रशासन से मांग की है कि इन लोगों पर अंकुश लगाया जाए अन्यथा व्यापारियों को अपने हितों की रक्षा करने के लिए खुद ही कोई कड़ा कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### फेरी वालों ने किया नाक में दम

**सदस्यों** का कहना है कि यह फेरी वाले अन्य राज्यों से आकर घर द्वार जाकर रेडीमेड, बरतन, कुर्सियां आदि बेचते हैं। इससे व्यापारियों को घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मंदी ने पहले ही व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख दी है। अब फेरी वालों ने भी नाक में दम कर रखा है। इन्हें ना तो कोई जीएसटी लगता है और ना ही कोई टैक्स लगता है। और ना ही ग्राहक को कोई बिल अदा करते हैं। इससे सरकार के राजस्व पर भी डाका डाला जा रहा है।

# सुमन चड्ढा को किया लाडली फाउंडेशन बिलासपुर की जिला महासचिव नियुक्त




कार्यक्रम के दौरान मौजूद लाडली फाउंडेशन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू की सहमति से बिलासपुर के रोड़ा सेक्टर निवासी सुमन चड्ढा को लाडली फाउंडेशन बिलासपुर का जिला महासचिव नियुक्त किया गया। लाडली फाउंडेशन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट एवं अन्य पदाधिकारीयों दीक्षा ठाकुर, नीलम सूद, आरती ठाकुर ने विधिवत रूप से सदस्यता फॉर्म भरवाकर सुमन चड्ढा को जिला महासचिव नियुक्त किया।

इस मौके पर पदाधिकारी ने हिमाचली परंपरा अनुसार माता श्रीनयनादेवी से लाई चुनरी एवं हिमाचल टोपी से सुमन चड्ढा को सम्मानित किया। गौरतलब है कि सुमन चड्ढा कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच एव लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा संरक्षण, कुष्ठरोग की जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे सामाजिक कार्यों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है। लाडली फाउंडेशन बिलासपुर की जिला महासचिव सुमन चड्ढा का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए और कमजोर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेगी।

इस मौके पर सर्व धर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर श्याम लाल पंवर एवं हिमाचल प्रदेश बागटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के राज्य टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे।

# बिलासपुर के एलआईसी अभिकर्ताओं ने की 'कठपौल का टिब्बे' की यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बिलासपुर के अभिकर्ताओं के एक दल ने मशहूर कठपौल का टिब्बा पर स्थित मंदिर में बाबा बालक नाथ जी के दर्शन किए। बताते चले कि जिला बिलासपुर के मलोखर पंचायत के साथ लगते सोलन जिले की अर्की तहसील में स्थित कठपौल का टिब्बा तक की यात्रा मलोखर गांव से करीब तीन घंटे में पूरी होती है, जो समुद्र तल से 1200 मीटर ऊंचा है।

इस के अलावा 1936 मीटर का यह टिब्बा सोलन जिले की तीसरी ऊंची चोटी में सम्मिलित है। भारतीय जीवन बीमा निगम बिलासपुर शाखा के वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश डढ़वाल की अगुआई में एलआईसी अभिकर्ताओं ने मलोखर पंचायत के साथ लगते कठपौल धार स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में वित्तीय वर्ष खत्म होने के उपरांत बाबा के दर्शन के लिए एक यात्रा का आयोजन रखा था। इस दौरान उन्होंने आगामी वर्ष के व्यवसाय के लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भी किया। इस दौरान यात्रा में अभिकर्ता कश्मीर सिंह ठाकुर, किरण कुमार, वेद प्रकाश, पवन कुमार, राजकुमार ठाकुर, पवन, रूप लाल ठाकुर, मदन लाल शर्मा, भीम सिंह चौहान, नरेश, हेत राम आदि ने भाग लिया। वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश डढ़वाल ने बताया कि भाग दौड़ की जिंदगी में यात्रा का उदेशय अपने राज्य के इस तरह के स्थलों की पैदल यात्रा कर अपने आप को फिट रखना और सुकून के कुछ पल बिताना था। ऐसी यात्राओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को इन देव स्थल और इन शक्तियों का परिचय भी करवा सकते है। कठपौल का टिब्बा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और पर्यटकों के लिए एक स्वर्ग से भी कम नहीं है। कठपौल का टिब्बा पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

**अनदेखी** बिलासपुर के कोसरियां वार्ड को जाने वाले मार्ग पर पड़े हैं बड़े-बड़े गड्ढे, चालक परेशान

# स्ट्रीट लाइट बिना टूटी सड़क पर कैसे करें सफर

**शिवानी वर्मा, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के कोसरियां वार्ड की सड़कों की हालात इन दिनों काफी दयनीय बनी हुई है। इस मार्ग पर न तो कोई स्ट्रीट लाइट की सुविधा है और न ही इस सड़क को सही और दुरुस्त किया गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से आए दिन यहां पर हादसे भी हो रहे है। इससे यहां पर स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**लोगों ने जल्द मांगा समस्या का समाधान**

गौरतलब है कि बिलासपुर शहर के साथ लगता कोसरियां वार्ड को एक मात्र सड़क नेशनल हाईवे से होकर गुजरती है। वहीं, कोसरियां वार्ड को जाने के लिए एक मात्र सड़क यही है, परंतु इस सड़क मार्ग को सही नहीं किया जा रहा है। हैरान करने की बात तो तब सामने आती है तब इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन के पास भी अवगत करवाया गया है, परंतु सड़क को सही नहीं किया जाता है। स्थानीय लोगों में सुरेश, मनोज, पवन, मनोहर लाल, सुरेंद्र, सुभाष, पंकज, विजय, सुनील, प्रदीप, लेखराम व अन्य लोगों का कहना है कि यहां पर कई बार सड़क हादसे हुए है। यहां पर एक माह के भीतर दर्जनों दोपहिया वाहन चालक गिरे हैं, क्योंकि यहां पर सड़कों पर पड़े गड्ढों की वजह से दोपहिया वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं। इसके कारण यहां पर यह हादसे हो रहे है। (अनंत ज्ञान)



बिलासपुर के कोसरियां वार्ड को जाने वाली सड़क की हालत खस्ता। लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

### बरसात में सड़क बन जाती है तालाब

**लोगों** ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क मार्ग को सही किया जाए और इस सड़क को पूरी तरह से दुरुस्त किया जाए, ताकि यहां पर लोगों को साफ और आसान रास्ते की सुविधा मिल सके। इसी के साथ लोगों ने नगर परिषद बिलासपुर से भी यह मांग की है कि यहां पर स्ट्रीट लाइट्स की सुविधा दी जाए, ताकि रात्रि के लोगों को किसी भी तरह से दिक्कत का सामना न करना पड़े। आपको बताते चलें कि बरसात के मौसम में यह सड़क पूरी तरह से तालाब बन जाती है।

### छात्रों के लिए बना खतरा

**यहां** पर प्रतिदिन स्कूल बैन भी स्कूली बच्चों को लेने और छोड़ने के लिए भी आती है। ऐसे में कई बार यहां पर बारिश के मौसम में स्कूल वैन गड्ढों में फंस जाती है। इससे छोटे बच्चों के लिए भी अधिक खतरा बन जाता है।

# जवाहर पार्क में बनेगा पहला ओपन एयर थियेटर

## सोलन के कलाकारों को करेगा आकर्षित, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, 20 लाख रुपए से होगा निर्माण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन के जवाहर पार्क में जल्द शहर का पहला ओपन एयर थियेटर बनकर तैयार होगा। इसके पहले चरण का कार्य पूरा हो गया है, जिसके तहत सीढ़ियों और ग्राउंड का कार्य पूरा होगा। अगले चरण में फिनिशिंग वर्क होगा।

इससे न केवल कलाकारों का आकर्षण बढ़ेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। निगम ने इस योजना के लिए 20 लाख रुपए के टेंडर लगाए हैं। पार्क को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम पार्क के जीर्णोद्धार के कार्य के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाए हुए है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो जवाहर पार्क की पुरानी रंगत लौट आएगी। (अनंत ज्ञान)



सोलन के जवाहर पार्क में निर्माणाधीन ओपन एयर थियेटर।

### लोगों के आकर्षण के लिए 100 फुट ऊंचा तिरंगा बना शान

पार्क में लोगों के आकर्षण के लिए 100 फुट ऊंचा तिरंगा लगाया जा चुका है। इससे शहर की अलग ही शान बनी है। साथ ही पार्क में लगे इमरजेंसी हूटर से भी शहर की पहचान बनी है, जो फिलहाल सुबह 10 और सायं पांच बजे बजता है। बता दें कि ओपन एयर थियेटर के ग्राउंड को रेन हार्वेस्टिंग टैंक पर बनाया गया है। इससे बारिश के पानी को संरक्षित कर इसका उपयोग पार्क को हरा-भरा बनाने में मदद मिलेगी। ओवर एयर थियेटर बनने से पहले हार्वेटिंग टैंक की सुरक्षा व पानी की स्टोरेज की दृष्टि से टेस्टिंग हो चुकी है। ओपर थियेटर में बैठने के लिए वर्गाकार सीढ़ियां बनाई गई हैं, जिसमें 250-300 लोगों के लिए बैठने की सुविधा होगी। इसमें दर्शकों को देखने में आसानी होगी। सीढ़ियां का डिजाइन इस प्रकार का बनाया जाएगा, जिससे बारिश की स्थिति में पानी का बहाव सीधे टैंक में जाए।

### बच्चों के लिए रोलर स्केट्स की सुविधा

रेन हार्वेस्टिंग टैंक के ऊपर बनने वाले ओपन एयर थियेटर में बच्चों के लिए रोलर स्केट्स की सुविधा मिलेगी। यानी इसका उपयोग नुक्कड़ नाटक के अलावा बच्चों के खेलने के लिए भी होगा। शहर में यह पहला ओपन एयर थियेटर होगा, जिसमें कलाकार समय-समय पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर सकेंगे। साथ ही नए कलाकारों को भी अभ्यास का मंच मिलेगा। इससे कलाकारों को भी मंच मिलने के साथ पार्क में रौनक भी रहेगी।

### सीसीटीवी कैमरे व हाई मास्ट लाइट

पार्क के ओपन एयर थियेटर में दिन-रात कार्यक्रम हो सकेंगे। इसके लिए पार्क में पहले से ही हाई मास्ट लाइट लगी है, जिसमें देश का झंडा शान से लहरा है। इसके अलावा यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : उषा



नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि पार्क में ओपन एयर थियेटर के लिए निगम ने करीब 20 लाख रुपए की टेंडर किए हैं। पहले चरण का कार्य पूरा हो गया है। पार्क में सुविधा बढ़ाने से लोगों के आकर्षण के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गोशाला में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बीबीएन।** नालागढ़ के लखनपुर गांव झीडा स्थित एक गोशाला में आग लगने का मामला सामने आया। गोशाला में आग की चपेट में आने से भैंस की दर्दनाक मौत और एक गाय व एक कटड़ी झुलसने से घायल हुई। आग की सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई और आग पर काबू पाना शुरू किया। इस घटना में 1.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ, जबकि पांच लाख रुपए की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से रोका गया। टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर डिपार्टमेंट की प्रारंभिक जांच में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, जिससे अचानक आग फैल गई। जानकारी के अनुसार गांव लखनपुर झीडा में गुरमुख सिंह की गोशाला है, जहां पर कई पशुओं को रखा गया है। बीते दिन गोशाला में अचानक शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी घास के संपर्क में आई और तेजी से आग फैल गई। फायर आफिसर जयपाल ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही टीम मौके के लिए रवाना हुई थी और करीब डेढ़ घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया।

### हिमालयन ऑफ फार्मेसी रस्साकशी में प्रथम

**नाहन।** हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर साइंस कालाअंब आयोजित स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ हिमालयन ग्रुप के सीईओ मन्नत बंसल, एचआईसीएस के निदेशक डॉ. केएन बैरवा ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को कहा कि जीवन में खेलों का अपना महत्त्व है। दो दिवसीय आयोजन का मुख्य आकर्षण हिमालयन ग्रुप के विभिन्न कॉलेजों के बीच आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट रहे। लड़कियों व लड़कों के बीच हुए रस्साकशी के मुकाबले रोमांच और उत्साह से भरे रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हिमालयन कॉलेज ऑफ लॉ कालाअंब ने जीता। हिमालयन कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने रस्साकशी लड़कियों में पहला स्थान प्राप्त किया। हिमालयन कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने रस्साकशी लड़कों में पहला स्थान झटका।

### ददाहू से रेणुका तक निकाली बाइक रैली



**रेणुका जी।** भाजपा मंडल रेणुका ने पार्टी ददाहू में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा के सदस्यों ददाहू से रेणुका तक बाइक रैली भी निकली गई। सती बाग में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी का झंडा फहराया गया व लोगों को पार्टी के क्रियाकलाप बताए गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र, भाजपा नेता नारायण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण, मनोज, रमन ठाकुर, हरीश, बबलू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्टूडेंट्स को मतदान के लिए किया जागरूक

**सोलन।** अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने बातल स्थित बाल आश्रम में स्टूडेंट्स एवं नए मतदाताओं को मताधिकार तथा एक-एक वोट के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा और सहायक प्रभारी डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि पहली बार मतदान में भाग लेने के लिए नए मतदाता उत्साहित हैं। उन्हें मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग की ओर से विशेष मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत करवाया गया।

### स्व. अमित की याद में कल रक्तदान शिविर

**बीबीएन।** क्योरटेक ग्रुप के संस्थापक स्व.अमित सिंगला की याद में 8 अप्रैल को क्योरटेक प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। यह शिविर अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सोसायटी के फाउंडर चेयरमैन सुमित सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर 500 वृक्ष रोपित किए जाएंगे और पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ से युवा, महिला व समाजसेवी संस्थाओं और एनजीओ के पदाधिकारी सहित कई व्यक्ति इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए पहुंचेंगे। सोसायटी के चेयरमैन सुमित सिंगला ने अपने स्व. भाई के नाम पर अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी का गठन किया और हर समाज सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में काम करना शुरू किया।

### केंद्र सरकार के 10 साल बेमिसाल : श्रीकांत

**राजगढ़।** भाजपा के चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 10 साल बेमिसाल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बजा है और भारत विश्व गुरु के रूप में उभरा है। वे आज पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के संराहा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पीएम ने अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ परिवारों को घर मुहैया करवाया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, साथ ही पीएमजीकेवाई ने सुनिश्चित किया कि 80 करोड़ लोग भूखे न सोएं। पीएम मोदी के सुशासन के माध्यम से 2014 से अब तक 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाले गए। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत धुंआ रहित रसोई के लक्ष्य को साधा गया है, देश में 10 करोड़ एलपीजी कनेक्शन वितरित किए गए हैं।

### अन्य विभागों की तर्ज पर समय पर मिले पेंशन



पेंशनर्स नालागढ़ में अपनी मांगों को लेकर बैठक करते हुए।

**बीबीएन।** हिमाचल पथ परिवहन निगम पेंशनर्स कल्याण संघ की नालागढ़ इकाई की बैठक में पेंशनर्स की मांगों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जगतार सिंह राणा ने कहा पेंशनर्स को समय पर पेंशन मिले। अभी तक अन्य विभागों की तर्ज पर पेंशनर्स को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक जनवरी 2016 से बढ़े हुए वेतनमान की पहली किस्त का भुगतान किया जाए। यह किश्त अन्य विभागों के कर्मचारियों को काफी पहले मिल चुकी है। एक जनवरी, 2016 से बढ़े हुए डीए का एरियर की किस्त का भुगतान किया जाए। 65, 70, 75 व 80 वर्ष पूरे करने के बाद मिलने वाले पांच, दस, पंद्रह फीसदी देने की मांग की है। लंबे समय से मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है।

नालागढ़ बार काउंसिल ने हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप शर्मा से की मुलाकात

### जस्टिस ने कांप्लेक्स भूमि का किया निरीक्षण

**बीबीएन।** हिमाचल हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप शर्मा शनिवार को नालागढ़ पहुंचे। उन्होंने नालागढ़ के घनसोत में प्रस्तावित कोर्ट कांप्लेक्स भूमि का निरीक्षण किया, जो कि 50 बीघा भूमि पर बनाया जाएगा, जिसे पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। नालागढ़ बार काउंसिल ने भी अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र की अगुआई में जस्टिस से मुलाकात की। जस्टिस ने कोर्ट परिसर व प्रस्तावित कोर्ट कांप्लेक्स का निरीक्षण किया और कहा कि जल्द इसका कार्य भी शुरू होगा। वर्ष 2022 में सरकार की ओर से कोर्ट कांप्लेक्स के लिए 50 बीघा भूमि का चयन कर लिया है।



भाजपा के 45वें स्थापना पर भाजयुमो माल रोड सोलन में मोटर साइकिल रैली निकाल कर पार्टी की नीतियों का संदेश देते व झंडे लगाकर पार्टी का प्रचार करते हुए।

# बास्केटबाल कोर्ट निर्माण में वित्तीय अनियमितताएं

## पूर्व छात्र एसोसिएशन अध्यक्ष की आरटीआई के तहत जुटाई जानकारी में हुआ खुलासा

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य के समय में की गई वित्तीय अनियमितता को लेकर एक मामला प्रकाश में आया है।



कॉलेज अर्की छात्र एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का पूर्व छात्र व पूर्व अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने 26 मार्च को सूचना के अधिकार के तहत तीन अप्रैल 2024 को वर्तमान प्राचार्य से आरटीआई के माध्यम से जानकारी ली, जिससे उन्हें ज्ञात हुआ कि कॉलेज में पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य व अन्य अधिकारी के कार्यकाल में भारी वित्तीय अनियमितताएं हैं। छानबीन के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष-2022 में बास्केटबाल कोर्ट के लिए प्रदेश



सरकार की ओर से लगभग 8,81,950 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस धनराशि को बिडिंग प्रोसेस में पांच कंपनियों के मध्य लिया गया। परंतु अकस्मात चार कंपनियों को बिना कोई कारण बताए अयोग्य घोषित कर दिया गया एवं टेंडर लगाए बिना ही कार्य को मंडी जिले की एक कंपनी को 9 मार्च 2022 को आवंटित कर दिया गया, जिससे उन्हें इस आवंटन में मिली भगत का अंदेशा होना लगा है। 12 मार्च, 2022 को तत्कालीन प्राचार्य व अधीक्षक द्वारा यूटिलाइजेशन व कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी कर बिना कोई कार्य शुरू किए व संपन्न किए

> बास्केटबाल और ओपन एयर जिम निर्माण में वित्तीय अनियमितताएं होने की जानकारी हायर अथॉरिटी को दी जा चुकी है। दोनों ही कार्यों की पेमेंट वेंडर को दी जा चुकी है, जबकि मौके पर काम नहीं हुआ हुआ है।
>
> **सुनीता शर्मा, अर्की कॉलेज प्रिंसिपल।**

धनराशि को मंडी जिले की कंपनी के खाता संख्या में 16 मार्च 2022 को डाल दिया गया। इसके अलावा ओपन एयर जिम के लिए तीन लाख की स्वीकृत राशि सात मार्च 2022 को बिना कार्य कराये कंपैरेटिव स्टेटमेंट लगाए कंपनी को दे दिया गया एवं 12 व 16 मार्च 2022 को धनराशि संबंधित कंपनी के खाते में डाल दी गई। उन्होंने प्रदेश सरकार व उच्च अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि सरकार व उच्चाधिकारी इस मामले की गहन जांच करवाएं क्योंकि इस प्रकार की ओर भी अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**नाहन।** नाहन शहर के सतीवाला पंचायत में मछली बेचकर गुजर-बसर करने वाले मंगा राम की दुकान में आग लगने की वजह से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

होटल जय क्लार्क के समीप ये हादसा सुबह करीब पौने सात बजे हुआ। जानकारी के मुताबिक हादसे में करीब 10 हजार की राशि के साथ-साथ लगभग 25 किलो मछली, फ्रिज, इंडक्शन व गैस भट्टी आदि जलकर राख हो गई। रुखड़ी के रहने वाले मंगाराम को तकरीबन अढ़ाई लाख का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने आर्थिक रूप से कमजोर मंगा राम के लिए मुआवजे की मांग भी की है। घटनास्थल तक पहुंचने में दमकल कर्मियों ने भी एक मिनट की देरी नहीं की। आग पर जब तक काबू पाया जाता, तब तक देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही नाहन पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई थी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य जांच करते हुए डॉक्टर्स।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भोजिया नर्सिंग संस्थान बद्दी की ओर से शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

संस्थान की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया और डॉक्टरों ने बेहतर स्वास्थ्य को लेकर टिप्स दिए, ताकि लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा सके। डॉक्टरों ने कहा कि कई बीमारियों को जागरूकता के माध्यम से रोका जा सकता है। भोजिया नर्सिंग संस्थान के सचिव विक्रम भोजिया ने कहा कि संस्थान की ओर से समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सहित अन्य गतिविधियां करवाई जाती हैं। शिविर में 60 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस मौके पर नर्सिंग संस्थान की प्रिंसिपल पूजा चौधरी, बद्दी सीएचसी के डॉ. अनिल अरोड़ा, डॉ. शशिकांत व अन्य मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार अनैतिक रूप से कर रही संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग : आप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

आम आदमी पार्टी ने सोलन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर आप के प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा ने कहा कि आज आप के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से देश भर में एक सामूहिक उपवास का आयोजन किया जाएगा।

इस उपवास का मुख्य उद्देश्य अनैतिक रूप से संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना है। यह उपवास सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक चलेगा। आजादी के बाद भारत में लोकतंत्र के मूल्यों का महत्व है। इसलिए हमें उन्हें



सुरक्षित रखने और अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प करना चाहिए। इस सामूहिक उपवास में भाग लेकर, हम सब नागरिकों के अधिकार के लिए लड़ सकते हैं और सत्ता पर काबिज लोगों के अनैतिक कार्रवाई का विरोध कर सकते हैं। इस अवसर पर राजीव शर्मा, जतीन मुसाफिर, संदीप रघुवंशी, राजीव कुमार नेगी, सुशील पंवर, प्रदीप एंग्रैवर व अन्य साथी उपस्थित रहे।

### 'आप' आज करेगी सामूहिक उपवास

**राजगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आम आदमी पार्टी आज सामूहिक उपवास करेगी। यह बात आम आदमी पार्टी के शिमला संसदीय क्षेत्र के सचिव पंकज सोहल ने यहां जारी एक प्रेस बयान में कही सोहल ने कहां केंद्र की मोदी सरकार ने ईडी को कठपुतली बनाकर राजनीतिक साजिश के तहत झूठे केस की जांच के नाम पर पीएमएलए। कानून का दुरुपयोग करके आप के नेताओं को साजिश के तहत गिरफ्तार किया है। मोदी की तानाशाही सत्ता के लालच में संविधान की अवमानना और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

# 65 लोगों ने किया रक्तदान

## शूलिनी विवि और पीजीआईएमईआर ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के साथ साझेदारी में सामुदायिक स्वास्थ्य और एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

पीजीआईएमईआर से डॉ. एकता के नेतृत्व में आठ डॉक्टरों की एक समर्पित टीम ने शूलिनी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें उनका विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इस नेक काम में योगदान देने के लिए स्वेच्छा से



शूलिनी विवि में लगाए गए रक्तदान शिविर में मौजूद लोग।

योगदान दिया। इसमें लगभग 65 लोगों ने रक्तदान किया , जो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को संबोधित करने में सहयोगात्मक प्रयासों के अमूल्य प्रभाव को रेखांकित करता है। पूनम नंदा, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने कहा कि यह पहल मानवता और सामुदायिक सेवा की भावना का प्रतीक है। दूसरों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के लिए व्यक्तियों को एक साथ आते देखना प्रेरणादायक है।

# भाजयुमो ने निकाली मोटरसाइकिल रैली

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की भांति सिरमौर जिले में भी हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस दौरान भाजयुमो ने मोटर साइकिल रैली निकाल कर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का संदेश दिया। जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रणवीर ठाकुर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेंद्र सूर्या ने बताया कि सिरमौर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापना दिवस के मौके पर रैलियों का आयोजन किया गया और बूथ स्तर तक भाजपा के झंडे लगाकर भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों का संदेश घर-घर तक पहुंचाया गया। भाजपा नेताओं ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा ने मात्र



भाजपा के स्थापना दिवस पर मोटर साइकिल रैली निकालते भाजयुमो कार्यकर्ता।

44 वर्षों की यात्रा के दौरान संगठन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में खड़ा किया और देश के करोड़ों लोगों का विश्वास जीतकर विश्व भर में अलग पहचान बनाई।

भाजपा नेताओं ने बताया कि स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए सिरमौर जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ताओं की ओर से बाइक रैलियों का आयोजन किया गया और देशभक्ति के लोकगीतों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र प्रेम जगाने का प्रयास किया गया।

### खाद्य पदार्थों के भरे 11 सैंपल

**नाहन।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर मिलने वाले खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे हैं। आटा, चावल, दाल, चीनी के अलग-अलग सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से 11 सैंपल लिफ्ट कर विभाग ने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे, ताकि उचित मूल्य की दुकानों पर मिलने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जहां जांच की जा सके, तो वही लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो। खाद्य आपूर्ति विभाग के जिला नियंत्रक नरेंद्र धीमान ने बताया कि अलग-अलग क्षेत्र से सरकारी उचित मूल्य की दुकानों से 11 सैंपल विभाग की टीम ने लिफ्ट किए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। खाद्य आपूर्ति विभाग लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो इसको लेकर सतर्क हैं।

# 'सिरमौर ने यह ठाना है मतदान करने जरूर जाना है' गीत हो रहा लोकप्रिय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए एक जून को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान नुक्कड़ नाटकों, मतदान गीत, मतदान शपथ, सिग्नेचर कैंप आदि विभिन्न माध्यमों से आमजन को मतदान के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है।

निर्वाचन विभाग के सौजन्य से तैयार गीत 'सिरमौर ने यह ठाना है एक जून को मतदान करने जरूर जाना है' स्वीप अभियान में काफी लोकप्रिय सिद्ध रहा है। 'लोकतंत्र मजबूत बनाने वालों का आह्वान



करें, घर से निकल बाहर आएं, सब मिलकर मतदान करें'। शीर्षक से सृजित इस मोटिवेशनल सांग के माध्यम से आमजन को लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रो. पूनम शर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदेश की ओर से लोकसभा चुनाव-2019 में 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले पोलिंग स्टेशनों को चिन्हित किया गया है, जिसमें रेणुका जी क्षेत्र के 10 मतदान केंद्र शामिल हैं।

**आयोजन** हिमाचली परिधान में रंगा आईआईएम सिरमौर, मुख्यातिथि व स्टूडेंट्स हिमाचली टोपी और शॉल ओढ़े आए नजर

# दीक्षांत समारोह में 297 छात्रों को दी स्नातक की डिग्री

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

शनिवार को आईआईएम सिरमौर का आठवां दीक्षांत समारोह धौलाकुआं में मनाया गया। इस वर्ष का दीक्षांत समारोह आईआईएम के अपने परिसर में आयोजित हुआ।

इस दौरान पुष्प कुमार जोशी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हिंदुस्तान पेट्रोलियम को-ऑपरेशन लिमिटेड मुख्यातिथि रहे। साथ ही अध्यक्ष बोर्ड ऑफ गवर्नर्स आईआईएम सिरमौर अजय एस श्रीराम ने समारोह की अध्यक्षता की। बता दें कि



आईआईएम सिरमौर के दीक्षांत समारोह में धौलाकुआं में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

आईआईएम सिरमौर के आठवें वार्षिक दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 297 छात्र स्नातक हुए। वहीं, 246 छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और 51 छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट (एमबीए टी एंड एचएम) की उपाधि प्रदान की गई। आईआईएम सिरमौर में अधिकतर अन्य राज्यों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। और आईआईएम देश के बड़े शिक्षण संस्थानों में आता है। तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, केरल आदि से प्रति वर्ष विद्यार्थी यहां के लिए चयनित होते हैं। मगर दीक्षांत समारोह के अवसर पर सभी विद्यार्थी हिमाचली परिधान ओढ़े नजर आए। सिर पर हिमाचली टोपी और अंग वस्त्र के रूप में गले में शॉल लटकाए स्टूडेंट्स ने सभी का मन मोह लिया। इतना ही नहीं मुख्यातिथि और मंच पर बैठे सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं भी इस दीक्षांत समारोह में हिमाचली लुक में नजर आए। (अनंत ज्ञान)

### जतिन, हैरिस और राहुल ने जीता गोल्ड मेडल

इस दौरान विभिन्न कॉर्सिस में दर्शिनी पी, जतिन शर्मा, हैरिस और राहुल गोयल ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके साथ ही अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस चैतन्य नंदा, जतिन शर्मा को मिला। मुख्यातिथि पुष्प जोशी ने कहा कि आईआईएम सिरमौर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत एक वैधानिक और स्वायत्त संस्थान है, जिसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता की प्रबंधन शिक्षा प्रदान करना और ज्ञान के संबद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ अंतर-विषयक अध्ययन को बढ़ावा देना है। 2015 में स्थापित आईआईएम सिरमौर शिक्षा, अनुसंधान, सामाजिक समावेश और सामुदायिक जुड़ाव से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में पहल करने में सक्षम रहा है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### सेंथिलकुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिलकुमार इस 50000 डालर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11 6-11 4-11 से हार कर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' इन दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक-दूसरे का सामना किया है। इन तीनों अवसर पर विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी योव एनजी जीत हासिल करने में सफल रहे हैं।



### नए खिलाड़ियों की तलाश में चेन्नई सुपर किंग्स : फ्लेमिंग

**हैदराबाद।** तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल मैच में खराब प्रदर्शन के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम नए नायकों की तलाश में अपने खिलाड़ियों का समर्थन जारी रखेगी। चेन्नई को शुक्रवार को खेले गए मैच में सनराइजर्स से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह इस सत्र में उसकी दूसरी हार है। इस सत्र में पहली बार खेल रहे मुकेश को 'इंपैक्ट सब्सीट्यूट' के रूप में उतारा गया लेकिन उन्होंने एक ओवर में 27 रन लुटाए। यह आईपीएल के वर्तमान सत्र में दूसरा सबसे महंगा ओवर है।



### भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी मराकेश ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**मराकेश (मोरक्को)।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हार कर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7 6-3 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता, लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## आईपीएल-2024 मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए एक-दूसरे का करेंगे सामना

# सूर्यकुमार की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए रविवार को जब यहां एक दूसरे का सामना करेंगे तो निगाहें सूर्यकुमार यादव पर टिकी रहेंगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं।

मुंबई ने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। दिल्ली की स्थिति भी अच्छी नहीं है तथा चार मैच में एक जीत से वह 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। इस तरह से दोनों टीम पर वापसी करने का दबाव है। सूर्यकुमार इस मैच में वापसी कर सकते हैं तथा आईपीएल के तुरंत बाद होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सूर्यकुमार चोटिल होने के कारण पिछले तीन महीने से बाहर हैं। उन्होंने शुक्रवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और वह किसी भी तरह से असहज नहीं दिख रहे थे।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पिछले दो मैच में अर्द्धशतक जमाकर लय हासिल कर ली है, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पंत ने अभी तक चार मैच में 152 रन बनाए हैं। दिल्ली के गेंदबाजों ने पिछले मैच में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ वह इस मैच को भुलाकर वापसी करने की कोशिश करेगी। दिल्ली को डेविड वार्नर से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उनके अलावा पृथ्वी शॉ भी वानखेड़े में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।



### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस**

हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स**

ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

### पांड्या ने सोमनाथ मंदिर में की पूजा



**गुजरात।** इस साल का आईपीएल सीजन हार्दिक पांड्या की अगुआई वाले मुंबई इंडियंस के लिए बुरा स्वप्न साबित हो रहा हैं। टीम को अपने शुरुआती तीन मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता रही इस टीम के लिए पहले ही कई चीजें पक्ष में नहीं रही। मुंबई इंडियन के फैंस फॉलोवर्स पहले तो मैनेजमेंट से नाराज चल रहे हैं। यह नाराजगी रोहित शर्मा से कप्तानी छीने जाने और फिर गुजरात टाइटंस से आयातित हार्दिक पंड्या को सौंपे जाने को लेकर हैं। यही वजह है कि मुकाबलों के दौरान हार्दिक को हुटिंग का शिकार होना पड़ता हैं। इस बीच टीम के इस मनोबल को उठाने के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या भगवान की शरण में पहुंच गए हैं। जिसमें पांड्या पूरे रीति-रिवाज के साथ सोमनाथ मंदिर में भगवान की पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला चार्ल्सटन ओपन के सेमीफाइनल में

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाए और विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 3-6, 7-6 (7) से हराकर चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला फाइनल में जगह बनाने के लिए डारिया कसाटकिना से भिड़ेंगी, जिन्होंने जैकलीन क्रिस्टियन को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7 (4), 6-2, 6-3 से पराजित किया। इस बीच मियामी ओपन की चैंपियन डेनियली कोलिंस ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए एलिस मर्टेंस को 6-3, 6-4 से हराया। कोलिन्स की यह लगातार 11वीं जीत है। कोलिंस सेमीफाइनल में सातवीं रैंकिंग की खिलाड़ी मारिया सकारी से भिड़ेगी। सकारी ने 2021 की चार्ल्सटन चैंपियन वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-2, 6-4 से हराया।



## गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच मुकाबला आज

# लखनऊ में किसकी चलेगी नवाबी

**एजेंसी, लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 21वां मैच लखनऊ सुपरजाइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। मुकाबला लखनऊ के होम ग्राउंड इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

लीग में लखनऊ का यह चौथा मैच होगा, जबकि गुजरात की टीम के लिए यह सीजन का 5वां मैच होने जा रहा है। लखनऊ की टीम तीन में से दो मैच जीत चुकी है, जबकि गुजरात को चार में से दो में हार और दो जीत मिली है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला टक्कर की होने की उम्मीद है।



लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान नहीं रहने वाला है। काली मिट्टी से बनी यहां की पिच पर बॉल फंस कर और स्लो आती है। ऐसे में बल्लेबाजों के लिए शॉट पिक करना पाना काफी मुश्किल होता है, जबकि लाल मिट्टी की पिच पर बॉल स्पिन के साथ-साथ अच्छा बाउंस भी करती है, जिसके कारण रन बनाना आसान हो जाता है।

### इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे के लिए सोफी की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन रविवार को हैमिल्टन में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच में बतौर कप्तान वापसी करेंगी। डिवाइन क्वाड स्ट्रेन के कारण इंग्लैंड दौरे के आखिरी तीन मैचों में नहीं खेल पाईं, लेकिन शुक्रवार को हैमिल्टन में फिटनेस टेस्ट पास करके न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल हो गईं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि सोफी के नेतृत्व करने से टीम आत्मविश्वास से भर जाएगी। जब भी सोफी अनुपलब्ध होती हैं तो टीम उन्हें बहुत मिस करती है, इसलिए हम उन्हें वापस लाने में सक्षम होने से खुश हैं। हालांकि, जैसे ही डिवाइन वापस लौटीं, दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सलामी बल्लेबाज बर्नडाइन बेजुइडेनहौट को रविवार के मैच से बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए बेक्सुइडनहाउट बल्लेबाजी करने नहीं आईं।



### ईरान कर रहा इसराइल पर अटैक की तैयारी : सीरिया

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान सीरिया में अपने दूतावास पर हमले के बाद इसराइल से बदला लेने की की तैयारी कर रहा है। इस बीच शनिवार को ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह इसराइल और उनके मसले के बीच न आए। ईरानी राष्ट्रपति के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' मोहम्मद जमशीदी ने अमेरिका से कहा कि इसराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसें। अगर आप चाहते हैं कि हमले में आपको नुकसान न हो तो मामले से दूर रहें। जमशीदी ने बताया अमेरिका ने उनकी चेतावनी पर कहा है कि उनके ठिकानों पर हमले नहीं होने चाहिए। सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा कि ईरान की चेतावनी को लेकर अमेरिकी सेना हाई अलर्ट पर है। दरअसल, एक अप्रैल को इसराइल ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इसराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।

### मप्रः बॉर्डर पर चेकिंग में बस में मिली 1.28 करोड़ की नकदी

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में झाबुआ पुलिस और एसएसटी की टीम ने शुक्रवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश और गुजरात की सीमा पर एक बस से एक करोड़ 28 लाख रुपए की नकदी और 22 किलो 365 ग्राम चांदी की सिल्ली बरामद की है। पुलिस विभाग के जनसंपर्क अधिकारी अशीष शर्मा ने शनिवार को बताया कि पुलिस महानिरीक्षक इंदौर (ग्रामीण जोन) अनुराग, पुलिस उप महानिरीक्षक इंदौर (ग्रामीण रेंज) निमिष अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को अपराध समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।



### ओडिशा में थर्मल पावर स्टेशन में लगी आग

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

गर्मी का मौसम आते ही देश भर से आग लगने की खबरें सामने आना शुरू हो गई है। हर राज्य से आग लगने की खबरे सामने आते रहती है। इसी कड़ी में ओडिशा से आग लगने की एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक प्लांट में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके परपहुंच गई है।



मिली जानकारी के अनुसार, ओडिशा के अंगुल में एनटीपीसी तालचेर कनिहा थर्मल पावर स्टेशन में आज सुबह आग लग गई। आग देखते ही देखते पूरे प्लांट में फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है। एनटीपीसी लिमिटेड के अनुसार आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया और घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### छात्र की पिटाई के बाद सहपाठी ने की दरिंदगी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के एक स्कूल में कथित तौर पर 14 वर्षीय लड़के की उसके सहपाठी ने पिटाई कर दी और उसके गुप्तांग में डंडा डाल दिया। इसके खिलाफ बाद में पूर्वी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है और किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। उसने बताया कि पीड़ित के परिवार ने संदेह जताया है कि इस मारपीट की घटना में और छात्र हो सकते हैं। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अपूर्व गुप्ता ने बताया कि घटना दो अप्रैल को एक निजी स्कूल के परिसर में हुई। पीड़ित आठवीं कक्षा का छात्र है और कथित तौर पर कुछ मुद्दों पर आरोपी के साथ उसका झगड़ा हो गया था। गुप्ता ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को बताया कि नकाबपोश उसके एक सहपाठी ने उसकी पिटाई की और उसके निजी अंगों में लकड़ी डाल दी। आरोपी ने उसे मारपीट के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

## अमेरिकी पुलिस द्वारा हिजाब उतारने का मामला

# मुस्लिम महिलाओं ने जीता 145 करोड़ का मुकदमा

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पुलिस ने दो मुस्लिम महिलाओं का हिजाब उतरवा दिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। उनकी पूरी पहचान का रिकॉर्ड बनवाने के लिए उनसे हिजाब उतरवाया गया। अब इन महिलाओं को मुआवजे में 145 करोड़ मिलेंगे।



दरअसल, 2018 में दो मुस्लिम महिलाओं जमीला क्लार्क और अरवा अजीज ने एक केस दायर किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें गिरफ्तार किए जाने के बाद पहचान के लिए फोटो खींचा जाना था। इसके लिए उन्हें हिजाब हटाने के लिए मजबूर किया गया, जिससे उन्हें शर्मिंदगी महसूस हुई। उन अपमानजनक पलों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उस वक्त कई मर्द पुलिस अफसर और 30 कैदी मौजूद थे।

### डिज्नी प्लस हॉटस्टार के यूजर्स अब शेयर नहीं कर पाएंगे पासवर्ड

**एजेंसी, मुंबई**

क्या आप भी डिज्नी प्लस हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन ले रखा है या किसी के आईडी पासवर्ड यूज कर फिल्मों और सीरियल का लाभ उठा रहे हैं।

दरअसल, नेटफ्लिक्स की तरह डिज्नी प्लस भी पासवर्ड शेयरिंग क्रैकडाउन लागू करने जा रहा है। ऐसे में अब यूजर्स पासवर्ड शेयर नहीं कर पाएंगे। कंपनी जून 2024 में पासवर्ड शेयरिंग में अपना फर्स्ट रीयल फौरी शुरू करने की योजना बना रही है। बता दें कि ये पॉलिसी जून से लागू की जाएगी। नए नियम के मुताबिक, यूजर्स को अपने घर के बाहर या किसी और के साथ अपना डिज्नी पासवर्ड शेयर करने की अनुमति नहीं होगी।



इसका मतलब कि अब एक प्लान से केवल एक ही यूजर लाभ उठा सकेंगे। पहले एक पासवर्ड से पांच लोग इसका लाभ उठा सकते थे। लेकिन, जून से से सुविधा मिलनी बंद हो जाएगी। इतना ही नहीं कंपनी नए सब्सक्रिप्शन प्लान भी पेश करने का योजना बना रही है।

### धनश्री का गाना 'कमसिन कली' हुआ रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' का बोल्ड गाना 'कमसिन कली' रिलीज कर दिया गया है। इस गानें में टोनी कक्कड़ और धनश्री का जलवा देखने मिल रहा है। इस गाने में टोनी कक्कड़ और धनश्री ने एकदम से जबरदस्त अवतार में दिखे। यह गाना टोनी कक्कड़ और नेहा कक्कड़ ने गाया है और इसके बोल टोनी कक्कड़ ने खुद लिखे हैं। 'लव सेक्स और धोखा 2' के मेकर्स ने दर्शकों को अब इस फिल्म के बोल्ड और ग्रिपिंग दुनिया का एक नया अंदाज प्रस्तुत किया है। यह गाना फिल्म की दिलचस्पता को और भी बढ़ा देगा। 'लव सेक्स और धोखा-2' 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### अफ्रीका यात्रा पर जाएंगे विदेश मंत्रालय के अधिकारी दम्मू रवि

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध मामलों के सचिव दम्मू रवि सात से 12 अप्रैल तक अफ्रीकी देशों रवांडा, युगांडा और केन्या की यात्रा करेंगे। रवि तीन अफ्रीकी देशों के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों को और मजबूत करने के लिए यह यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य अफ्रीकी संघ (एयू) के भारत की अध्यक्षता के दौरान जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद भारत और अफ्रीकी देशों के बीच उच्च स्तरीय संबंधों को मजबूत बनाए रखना है। मंत्रालय के मुताबिक रवांडा में, वह रविवार को ''1994 के रवांडा नरसंहार (क्विबुका 30) की 30वीं बरसी'' के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। बयान के मुताबिक रवि आठ अप्रैल को युगांडा के लिए रवाना होंगे और नौ अप्रैल तक वहां रहेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वह 10-12 अप्रैल केन्या की यात्रा करेंगे। यह यात्रा दिसंबर 2023 में केन्या के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बीच हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप होगी।



## भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 2022-23 में 18.2 प्रतिशत बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पहुंचा

**एजेंसी, सिंगापुर**

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। 6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएं 18 साल की उम्र जैसी हो जाएंगी। बस रोज सुबह खाली पेट यह करना है। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23 के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।



## उपलब्धि गेहूं की फसल पर जलवायु संकट का सामना करने में भारत की तैयारी पाक से बेहतर


# भारत बना दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में मौसम की अनुकूल स्थिति उन्हें इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में मदद कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हालांकि, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए पड़ोसी देश की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार है।

उन्होंने बताया कि भारत ने बीज की कई स्वदेशी गर्मी प्रतिरोधी और कम अवधि वाली किस्में विकसित की हैं।

भारत दुनिया का दूसरा और पाकिस्तान आठवां सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है, जहां भारत गेहूं उत्पादन में आत्मनिर्भर है, वहीं पाकिस्तान 20-30 लाख टन गेहूं आयात करता है। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाकिस्तान के अभी भी आयात पर निर्भर है। इसकी एक बड़ी वजह उसका जलवायु-अनुकूल स्वदेशी किस्मों को विकसित नहीं कर पाना है।



### 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा उत्पादन

**फिलहाल** दोनों देशों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। भारत का अनुमान है कि फसली वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा। दूसरी ओर पाकिस्तान ने 3.22 करोड़ टन पैदावार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।